आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* भगपरल परशुराम अवतार”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 93 | उज्जैन, रविवार 19 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 2 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### चारधाम यात्रा: पहले दिन 18 .25 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया

**ऋषिकेश।** चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई, जिसमें पहले ही दिन 2713 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। अधिकारियों ने बताया कि यह मैनुअल रजिस्ट्रेशन यात्रा शुरू होने से पहले शुरू किया गया है, जिसकी शुरूआत रविवार से हो रही है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पहले दिन यमुनोत्री के लिए 683, गंगोत्री के लिए 690, केदारनाथ के लिए 667 और बद्रीनाथ के लिए 673 श्रद्धालुओं ने ऑफलाइन पंजीकरण कराया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न ट्रांजिट पॉइंट्स पर भी टीमें भेजी जा रही हैं, ताकि मौके पर ही रजिस्ट्रेशन कराया जा सके। वहीं, 6 मार्च से शुरू हुई ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी जारी है।

### हज यात्रियों का पहला जत्था मक्का के लिए रवाना हुआ

**नई दिल्ली।** हज 2026 के तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शनिवार को दिल्ली हवाई अड्डे से सऊदी अरब के मक्का के लिए रवाना हुआ। दिल्ली हज कमेटी की अध्यक्ष कौसर जहां उनके प्रस्थान के अवसर पर हवाई अड्डे पर मौजूद थीं। हज के लिए रवाना हो रहे एक तीर्थयात्री ने आईएएनएस को बताया, अल्लाह की मर्जी और आप सभी की दुआओं से, अल्लाह ने हमें 2026 का हज करने का अवसर दिया है। आज, उनकी मर्जी से, हम इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपनी पहली उड़ान भर रहे हैं। मैं आप सभी से निवेदन करता हूँ कि हमारे लिए दुआ करें कि अल्लाह हमारी यात्रा को सुगम बनाए और हमें हज सफलतापूर्वक पूरा करने की शक्ति प्रदान करे।

### तानिया चटर्जी को युजवेंद्र चहल ने भेजा मानहानि नोटिस



**एक्ट्रेस ने कहा- मैंने किसी की इमेज खराब नहीं की, क्रिकेटर का सम्मान करती हूं**

**मुंबई।** एक्ट्रेस तानिया चटर्जी ने हाल ही में दावा किया था कि क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने उन्हें इंस्टाग्राम पर 'क्यूट' लिखकर मैसेज किया था। अब एक्ट्रेस ने दावा किया है कि इस बयान के बाद चहल ने उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा है। पैपराजी से बातचीत में तानिया चटर्जी ने बताया कि उनका वायरल वीडियो एक हल्की-फुल्की बातचीत का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि उन्हें अंदाजा नहीं था कि यह इतना वायरल हो जाएगा। वीडियो सामने आने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोग उन्हें लगातार निशाना बना रहे हैं, जबकि दूसरे पक्ष पर कोई सवाल नहीं उठाए जा रहे। तानिया के अनुसार, उन्हें चहल की तरफ से नोटिस और मैसेज मिला है। हालांकि, नोटिस की रकम या लीगल डिटेल्स पर उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार किया और बताया कि यह मामला उनके वकील देख रहे हैं। नोटिस पर बोलने से किया इनकार तानिया ने साफ किया कि उन्होंने किसी की इमेज खराब करने की कोशिश नहीं की। उनके मुताबिक, डिफेमेशन का मतलब किसी के बारे में गलत या अपमानजनक बातें कहना होता है, जो उन्होंने नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह चहल का सम्मान करती हैं और एक भारतीय क्रिकेटर होने के नाते उन पर गर्व है। एक्ट्रेस ने बताया कि चहल ने साल 2023 में मैसेज किया था। लेकिन उन्होंने बहुत बाद में वो मैसेज देखा। सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर तानिया ने कहा कि उन्हें पोस्ट हटाने के लिए मैसेज और धमकी जैसे मैसेज मिल रहे हैं, जिससे वह डर गई हैं।

### कुल्लू में गाड़ी पर गिरीं बड़ी-बड़ी चट्टानें

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला के मणिकर्ण में आज सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इसका मलबा और चट्टानें सड़क से गुजर रही गाड़ी पर गिरीं, जिससे गाड़ी चकनाचूर हो गई। गनीमत यह रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। भूस्खलन की यह घटना बरशैणी घट्टीगढ़ पॉइंट की है। बताया जा रहा है कि पहाड़ी से पहले थोड़ा मलबा गिरा। इसके बाद ड्राइवर गाड़ी से बाहर भागा। देखते ही देखते बड़ी-बड़ी चट्टानें भी गाड़ी पर गिर गईं। बता दें कि, प्रदेश में अप्रैल में सामान्य से 52 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। इससे कई जगह भूस्खलन की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। बीती रात में भी राज्य के कई हिस्सों में तेज बारिश हुई। सलापड़ में सबसे ज्यादा 21.0 मिमी, सलूणी 18.3 मिमी, कुकुमसैरी 14.4, सांगला 7.8, भरमौर 2.0, सियोबाग 1.8 और जोगेंद्रनगर में 1.0 मिलीमीटर बारिश हुई।

### हिमाचल में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति पर विवाद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस संगठन में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को लेकर नई बहस छिड़ गई है। दरअसल, कांग्रेस ने 71 ब्लॉक में अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इनमें में एक भी महिला को जगह नहीं मिली, जबकि राज्य में महिलाओं की आबादी लगभग 50 प्रतिशत है। वहीं अनुसूचित जाति वर्ग की आबादी करीब 25-27 प्रतिशत है, इस वर्ग से 17 ब्लॉक अध्यक्ष (लगभग 24%) तैनात किए गए, जबकि 5-6 प्रतिशत आबादी वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग से 8 अध्यक्ष (लगभग 11%) लगाए गए। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या कांग्रेस संगठन में एक भी महिला ऐसी नहीं थी, जिसे नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी जा सके, या फिर यह सीधी अनदेखी का मामला है। ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद संगठन के भीतर ही विरोध के स्वर उठने लगे हैं।

---

संगरौली जिले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में दिनदहाड़े 5 नकाबपोश बदमाशों ने दिया डकैती की घटना को अंजाम

# 15 मिनट में 15 करोड़ की डकैती, मैनेजर को पीटा, फायरिंग भी की

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सिंगरौली**

मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में दिनदहाड़े हुई एक सनसनीखेज बैंक डकैती ने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया। शुक्रवार दोपहर बैढ़न इलाके में स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में पांच हथियारबंद नकाबपोश बदमाश घुस आए और महज 15 से 20 मिनट में करोड़ों रुपये लूट कर फरार हो गए। बदमाशों ने न सिर्फ बैंक में मौजूद लोगों को बंधक बनाया, बल्कि विरोध करने पर बैंक मैनेजर को बेरहमी से पीटा और हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। यह वारदात किसी फिल्मी सीन जैसी थी, जिसने सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

दिनदहाड़े बैंक में घुसे 5 बदमाश

यह वारदात शुक्रवार दोपहर करीब 12-50 बजे की है, जब बैंक में सामान्य कामकाज चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पहले दो नकाबपोश बदमाश बैंक के अंदर दाखिल हुए और कुछ ही सेकंड में उनके तीन और साथी हथियार लहराते हुए भीतर आ गए। अचानक हुई इस घटना से बैंक में मौजूद



ग्राहक और कर्मचारी घबरा गए और कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बदमाशों ने सभी को गन पॉइंट पर ले लिया।

### मैनेजर से मारपीट, हवाई फायरिंग से दहशत

जब बैंक मैनेजर ने बदमाशों का विरोध करने की कोशिश की, तो लुटेरों ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने बंदूक की बट से मैनेजर के सिर पर वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और खून से लथपथ हो गए। बदमाश यहीं नहीं रुके, उन्होंने डर का माहौल बनाने के लिए बैंक के अंदर और बाहर हवाई फायरिंग भी की।

### 15 करोड़ के माल की लूट



लुटेरे बैंक को पूरी तरह अपने कब्जे में लेकर करीब 15 से 20 मिनट तक तांडव मचाते रहे। इस दौरान उन्होंने बैंक में रखा करीब 20 लाख रुपये नकद और 10 किलो सोने का आभूषण समेट लिया। पुलिस के अनुसार, इसमें बैंक में पहले से रखा लगभग 14 I50 लाख रुपये और दिन का नया कैश कलेक्शन शामिल है। वारदात के बाद बदमाश दो बाइकों पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

### प्रत्यक्षदर्शी की दहला देने वाली आपबीती



वारदात के चश्मदीद आशीष पांडे ने बताया कि बदमाशों ने पिस्टल तानकर सभी ग्राहकों और कर्मचारियों को एक कोने में खड़ा कर दिया था। उन्होंने करीब 15 मिनट तक बैंक के भीतर जमकर उत्पात मचाया। पुलिस जांच में सामने आया है कि एक बदमाश ने हेलमेट पहन रखा था, जबकि बाकी चार के चेहरे खुले हुए थे, जिससे उनकी पहचान की कोशिश की जा रही है।

### पुलिस मौके पर, जांच तेज

घटना की सूचना मिलते ही सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बैंक परिसर का निरीक्षण किया और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए। साथ ही बैंक और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एसपी खत्री ने बताया कि बदमाश बाइक से फरार हुए हैं और लूटी गई राशि का सटीक आकलन किया जा रहा है। जिले की सभी सीमाएं सील कर दी गई हैं और आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

व्यस्त इलाके में दिनदहाड़े हुई इस डकैती ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। बैंक में मौजूद लोग इस कदर सहम गए थे कि घटना के काफी देर बाद तक सदमे से बाहर नहीं आ सके। पुलिस अब आसपास के रास्तों और शहर के अन्य सीसीटीवी कैमरों की मदद से यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बदमाश किस दिशा में फरार हुए। शहर में दहशत का माहौल है और लोग जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

---

16 जिलों में लू का अलर्ट : खजुराहो में पारा 43.2 डिग्री, भोपाल-इंदौर से ज्यादा गर्म जबलपुर

# प्रदेश के 9 शहरों में 42 डिग्री से ज्यादा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को सीजन में पहली बार टेम्प्रेचर 43.2 डिग्री पहुंचा। यह छतरपुर के खजुराहो में दर्ज किया गया। वहीं, 9 शहरों में पारा 42 डिग्री से ज्यादा रहा।

मौसम केंद भोपाल ने शनिवार को 16 जिलों में हीट वेव यानी, लू की चेतावनी जारी की है। भोपाल में शनिवार से ही स्कूल नए समय तक लगेंगे।

मौसम विभाग ने आज जिन जिलों में लू का अलर्ट जारी किया, उनमें आलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, धार, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना शामिल हैं।



भीषण गर्मी की वजह से सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के बच्चों के सामने मुश्किलें बढ़ गई थीं। तेज धूप के बीच वे घर लौट रहे थे। ऐसे में उनकी सेहत बिगड़ने का डर भी था।

- राजधानी भोपाल में स्कूल सुबह 7.30 से दोपहर 12 बजे तक ही संचालित होंगे। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने यह आदेश जारी किए। वहीं, नर्मदापुरम, ग्वालियर, बालाघाट, मैहर, रतलाम, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, रायसेन, डिंडौरी, अनूपपुर और उमरिया में भी नई टाइमिंग तक ही स्कूल लगेंगे।
- प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो जबलपुर में सबसे ज्यादा 42 डिग्री रहा। भोपाल-ग्वालियर में 41.3 डिग्री, इंदौर में 40.6 डिग्री, उज्जैन में 40.5 डिग्री दर्ज किया गया। खजुराहो समेत कई जिलों में लू भी चली।

---

# ईरान ने 24 घंटे के भीतर होर्मुज को बंद कर दिया

### कहा- अमेरिका ने सीजफायर डील तोड़ी, ट्रम्प बोले- ईरान से हर हाल में यूरेनियम लेंगे

**एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन**

ईरान ने फिर से होर्मुज स्ट्रेट बंद कर दिया है। इसे शुक्रवार को खोला गया था, लेकिन अब इस समुद्री रास्ते पर पाबंदियां लगा दी गई हैं। ईरान ने कहा कि अमेरिका से बातचीत के बाद उसने भरोसे में आकर कुछ तेल और माल ले जाने वाले जहाजों को गुजरने दिया था। लेकिन अमेरिका ने अपने वादे नहीं निभाए और नाकेबंदी के बहाने जहाजों के साथ सख्ती की।

ईरान ने कहा कि यह सीजफायर डील का उल्लंघन है, इसलिए अब होर्मुज से जहाजों की आवाजाही पूरी तरह सेना के कंट्रोल में होगी। ईरान ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक अमेरिका उसके बंदरगाहों पर लगी नाकेबंदी नहीं हटाता, तब तक वह होर्मुज से जहाजों को गुजरने नहीं देगा। अमेरिका ने होर्मुज से नाकेबंदी हटाने से इनकार कर दिया है। ट्रम्प का कहना है कि जब तक ईरान अमेरिका के साथ समझौता नहीं करता, तब तक यह जारी रहेगी।

---

नर्मदापुरम जिले के शुक्करवाड़ा कलां में नहर ओवरफ्लो

# 40 एकड़ खेत तालाब में तब्दील 10 से ज्यादा किसानों की मूंग बर्बाद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नर्मदापुरम**

नर्मदापुरम जिले के माखननगर तहसील स्थित शुक्करवाड़ा कलां क्षेत्र में तवा नहर में ओवरफ्लो पानी छोड़ने से करीब 40 एकड़ खेत तालाब में तब्दील हो गए। खेतों में पानी भरने से 10 से ज्यादा किसानों की मूंग की फसल खराब हो गई है।

यह स्थिति नहर विभाग के अफसरों की गलत मॉनिटरिंग के कारण बनी। वर्तमान में किसानों की शिकायत के बाद नहर विभाग के अधिकारी केवल पानी का फ्लो कम करवाने की बात कह रहे हैं। किसानों का कहना है कि पानी बंद नहीं हुआ तो यह दूसरे खेतों तक फैलेगा, जिससे अन्य किसानों की फसल खराब होने की संभावना है। किसान अनिल गौर ने बताया, शुक्रवार रात से ही नहर में



पानी ओवरफ्लो होकर खेतों में भराने लगा था। जिसकी जानकारी सब इंजीनियर, एसडीओ और ईई को दी, पर सभी ने आश्वासन दिया कि पानी बंद करवा रहे हैं लेकिन सुबह तक 30-35 एकड़ क्षेत्र के खेतों में पानी भरा गया। जिससे मूंग फसल खराब हो गई। किसानों का कहना है कि महंगी फसल बर्बाद होने से उनकी चिंता बढ़ गई है और नहर विभाग के अफसर किसानों के नुकसान व अपनी लापरवाही को नजरअंदाज कर रहे हैं।

---

केरलम के 13 पर्यटक सवार थे, हेयरपिन मोड़ पर हादसा, 5 की हालत गंभीर

# तमिलनाडु में ट्रैवलर सड़क से उतरी, 9 की मौत

**एजेंसी ▸▸ वलपरई**

तमिलनाडु के वलपरई में शुक्रवार को सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तब हुआ, जब टेम्पो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर हेयरपिन मोड़ से फिसलकर खाई में गिर गया।

पुलिस के मुताबिक, गाड़ी केरलम के पेरिंथलमन्ना से आए 13 पर्यटकों को लेकर वलपरई से लौट रहा था। 13वें हेयरपिन मोड़ पर संतुलन बिगड़ा और वाहन फिसलकर 9वें हेयरपिन मोड़ तक गिर गया। हादसे में 1 पुरुष और 8 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को रेस्क्यू कर



एंबुलेंस से पोलाची के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जब किसी ऊंचे पहाड़ पर चढ़ना होता है, तो सीधी सड़क बनाना मुमकिन नहीं होता । इसलिए, ऊंचाई पर धीरे-धीरे चढ़ने के लिए सड़क को सांप की तरह घुमावदार बनाया जाता है। जहां सड़क एकदम से मुड़कर वापस उसी दिशा के समानांतर हो जाती है, उसे ही हेयरपिन मोड़ कहते हैं।

भारत में कोल्ली हिल्स (तमिलनाडु), सिल्क रूट (सिक्किम), मनाली-लेह हाईवे (हिमाचल प्रदेश) और नैनीताल (उत्तराखंड) में प्रमुख और चर्चित हेयरपिन मोड़ हैं।

### प्रधानमंत्री ने दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुःख जताते हुए एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना से वे बेहद दुखी हैं और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

वहीं, केरलम के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भी हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं और मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

---

आगर मालवा में अवैध चांदी गलाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ

# पुलिस ने छापा मारकर फैक्ट्री को किया सील

## मौके से पिता-पुत्र को गिरफ्तार और लगभग 1500 लीटर हाई क्वालिटी का एसिड जब्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा**

आगर मालवा के खीरनी तकिया क्षेत्र में शनिवार सुबह एक अवैध चांदी गलाने की (रिफाइनरी) फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। कैमिकल की तीखी गैस की बदबू आने के बाद कोतवाली पुलिस ने छापा मारकर फैक्ट्री को सील कर दिया। पुलिस ने मौके से पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया और लगभग 1500 लीटर हाई क्वालिटी का एसिड जब्त किया है।





जानकारी के अनुसार, खीरनी तकिया क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार किसी केमिकल से निकली गैस की तेज दुर्गंध फैल रही थी, जिससे स्थानीय रहवासी परेशान थे। क्षेत्रवासियों को अवैध गतिविधि का संदेह हुआ और उन्होंने कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी।

पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय कर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि एक मकान के भीतर पिछले लगभग दो महीनों से चोरी-छिपे चांदी गलाने और रिफाइनिंग का काम चल रहा था। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बिना अनुमति खतरनाक रसायनों का उपयोग कर इस प्रकार की फैक्ट्री चलाना कानूनी अपराध है। इससे आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

### खतरनाक एसिड बरामद

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में रसायन बरामद किए। पुलिस के अनुसार, फैक्ट्री से 30 केन में लगभग 1500 लीटर केमिकल जब्त किया गया है। इसमें 20 केन नाइट्रिक एसिड, 4 केन सल्फ्यूरिक एसिड, 2 केन हाइड्रोक्लोरिक एसिड (एचसीएल), 50 किलो फॉर्किंग पाउडर, कास्टिक सोडा और यूरिया शामिल हैं। इन रसायनों का उपयोग चांदी गलाने और उसे शुद्ध करने की प्रक्रिया में किया जा रहा था।

### पिता-पुत्र गिरफ्तार

पुलिस ने मौके से 30 वर्षीय आबिद और उसके 50 वर्षीय पिता मौजूद्दीन पिता कुतुबुद्दीन दोनों निवासी खीरनी तकिया को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ की जा रही है।

---

# रतलाम के मथुरी तालाब में मिले दो अज्ञात शव



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम**

रतलाम जिले के करमदी ग्राम पंचायत अंतर्गत मथुरी तालाब में शनिवार दोपहर करीब 1.30 बजे दो अज्ञात व्यक्तियों के शव पानी में तैरते मिले। शव दिखते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद माणकचौक थाना प्रभारी पातीराम डावरे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए जांच शुरू कर दी है। तालाब से शवों को बाहर निकालने के लिए गोताखोरों को बुलाया गया। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्र में भी जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है ताकि मृतकों की पहचान की जा सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक) टीम को भी मौके पर बुलाया जा रहा है, जो साक्ष्य जुटाकर जांच में मदद करेगी। पुलिस ने पूरे इलाके को घेराबंदी में ले लिया है। माणकचौक थाना प्रभारी पातीराम डावरे के अनुसार, तालाब से मिले दोनों शव पुरुषों के हैं जिनकी अनुमानित उम्र 30 से 32 वर्ष के बीच है। शवों को बाहर निकालने की कार्रवाई जारी है और आसपास के क्षेत्रों में उनकी पहचान के लिए पूछताछ की जा रही है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## आतताईयों का मजा...




हाल ही में शहर के एक वर्दी केंद्र के अंतर्गत संभ्रांत नागरिकों की बस्ती में आतताईयों ने गदर मचाया। निर्जीव वाहनों को अपना निशाना बनाया। इसमें उन्हें मजा आया। इस बात से आतताईयों ने वर्दी के घेरे में आने के बाद अवगत करवाया। सवाल यह खडा हो गया कि ये कैसा मजा लिया जा रहा था। किसी संभ्रांत नागरिक ने जीवन भर मेहनत कर एक चौपहिया वाहन खरीदा। जैसे झ्रतैसे अपने जीवन का स्तर बनाया। वाहन की किश्त जमा करने के लिए संघर्ष से प्रतिदिन रूबरू होकर जी तोड मेहनत करने में लगा हुआ है। जैसे झ्रतैसे उसने एक घरोंदा बनाया। मजे के लिए आतताईयों ने उसके घर को भी फोड दिया। न लेना एक न देना दो। आखिर यह कैसा मजा लिया गया। इस मजे में पर ही सवाल खडा हो रहा है। इस मजे के पीछे संस्कार का अभाव एवं ऐसे युवाओं के अपराधीकरण की स्थिति ज्यादा सामने दिखाई दे रही है। इससे पहले भी शहर में एक नहीं अनेक स्थानों पर ऐसे मामले सामने रहे हैं। इस तरह के मजे लेने वालों के वर्दी को भी कुछ समान रूप से मजे लेने की तैयारी करना चाहिए। मात्र इनकी पूजा-पत्री से इनके मजे लेने की इस आदत से इन्हें छुटकारा मिल जाए यह संभव नहीं है,क्योंकि इन्हें पूजा-पत्री की आदत है और मजे लेने की भी। खुसूर-फुसूर है कि सभ्य समाज में ऐसे आतताईयों की कोई जगह नहीं है जो मजे के लिए दुसरों को नुकसान पहुंचा रहे हों ,इनका मेहनत से कोई सरोकार नहीं है। इनसे नुकसान की भरपाई मेहनत करवाकर करवाई जाने जैसे प्रावधान जिस दिन बन जाएंगे उसके बाद ऐसे आतताई मजा लेना बंद कर देंगे।

## राज्य स्तरीय निगरानी समिति ने किया आश्रय स्थलों का निरीक्षण

**उज्जैन।** नगरीय आवास एवं विकास विभाग द्वारा शहरी बेघरों को आश्रय स्थल की सुविधा हेतु संचालित आश्रय स्थलों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के मार्गदर्शन पर गठित "राज्य स्तरीय निगरानी समिति" मध्यप्रदेश की माननीय अध्यक्ष महोदया श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव रिटा.भा.प्रा.से. (1982 बैच) द्वारा घासमंडी आश्रय स्थल एवं दीनदयाल रसोई केन्द्र का निरीक्षण किया गया। आश्रय स्थल निरीक्षण में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा सुधार हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए गए।

संकेत भोंडवे आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा शिशिर गेमावत, अपर आयुक्त एवं मिशन संचालक दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा प्रदेश भर के संचालित आश्रय स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाओं को निरंतर पूर्ण करने हेतु निकायों को निर्देश जारी किये गये है, जिसके क्रम में माननीय अध्यक्ष महोदया के साथ अवलोकन के दौरान संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास की ओर से सतीश श्रीवास्तव, राज्य मिशन प्रबंधक (SMM) भी उपस्थित रहे। नगर निगम की ओर से प्रदीप सेन एवं सिटी मिशन मैनेजर पंकज सेठिया द्वारा आश्रय स्थलों का भ्रमण करवाया गया।

## ट्रैंडिंग




**Vividh FIN Solutions**
**अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है**
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
**Vivek Sharma**
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

# ढाबा रोड पर जर्जर मकान का हिस्सा जेसीबी पर गिरा, चालक बाल बाल बचा











ढाबा रोड पर चौड़ीकरण कार्य बना मुसीबत
टूटी पाइपलाइन, कीचड़, गंदगी और जर्जर इमारतों से बड़ा हादसा होने का खतरा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शनिवार को ढाबा रोड पर चौड़ीकरण के चलते की जा रही तोड़फोड़ के दौरान एक जर्जर भवन का हिस्सा जेसीबी के ऊपर गिर गया और इस हादसे में चालक बाल बाल बचा।

ढाबा रोड क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है ऐसे में यहां फैली अव्यवस्था को लेकर क्षेत्रवासी काफी परेशान है चौड़ीकरण के चलते क्षेत्र में की जा रही तोड़फोड़ की वजह से कई मकान कमजोर हो गए हैं साथ ही कई जगह पर पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है तथा नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो गया है। क्षेत्रवासियों को यहां नाजुक स्थिति में खड़े जर्जर भवनों की चिंता ज्यादा सता रही थी क्षेत्रवासियों का कहना था कि यह जर्जर भवन कभी भी धराशाई हो सकते हैं। इस कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्र वासियों की इस समस्या को दैनिक अवंतिका समाचार पत्र ने प्रमुखता से उठाया था और यहां के जर्जर भवनों के बारे में समाचार प्रकाशित कर प्रशासन को पहले ही आगाह कर दिया था। लेकिन उसके बाद भी इस ओर कोई सुध नहीं ली जिसका यह नतीजा रहा कि शनिवार को जब प्रशासन की टीम ढाबा रोड क्षेत्र में तोड़फोड़ करने पहुंची तो जर्जर भवन की दीवार का हिस्सा जेसीबी के ऊपर गिर गया। इस घटना में जेसीबी चालक बाल बाल बचा। घनी मत यह रही कि किसी को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा। लेकिन अभी भी कई ऐसे नाजुक भवन यहां पर खड़े हुए हैं जो कभी भी धराशाई हो सकते हैं और इनके कारण नुकसान पहुंच सकता है।

**दैनिक अवंतिका ने पहले ही समाचार प्रकाशित कर किया था आगाह**

### मंदिरों में केमिकल कुंम-कुंम उपयोग से श्रद्धालुओं को माथे पर दाग की परेशानी

# मंदिरों में केमिकल युक्त कुंम-कुंम श्रद्धालुओं को दे रहा दाग...!

### प्राकृतिक कुंम-कुंम को बढावा देने पर नहीं ध्यान, बाहरी श्रद्धालुओं को उंचे दाम में मिल रहा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

धर्मनगरी में आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी के दिनों में कुंम-कुंम से माथे पर दाग की निशानी मिल रही है। केमिकल युक्त कुंम-कुंम पसीने से क्रिया कर श्रद्धालुओं के माथे की चमडी और सिर पर दाग दे रहा है। चमडी से अव्वल तो केमिकल का कुंम-कुंम निकलता नहीं और निकलने की स्थिति में चमडी पर दाग बन रहा है। जो बाद में काले पन पर आ रहा है। इसके साफ होने में 5-7दिन लग रहे हैं।कई लोगों को तो डाक्टर के पास जाकर उपचार तक करवाना पड रहा है।

धार्मिक शहर में गर्मी के दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या में बराबर इजाफा देखा जा रहा है। शहर के मंदिरों में देश के अनेक भागों से आने वाले श्रद्धालु बराबर पहुंच रहे हैं। मंदिरों में श्रद्धालुओं के दर्शन के साथ ही प्रसाद एवं खासकर देवी मंदिरों में लगाने के लिए कुम-कुम रखा जाता है। इस कुंम-कुंम के रसायन युक्त होने से गर्मी के दिनों में श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। पसीने के साथ क्रिया कर कुम-कुम से श्रद्धालुओं को जलन एवं खुजली हो रही है। कई बार पानी से धोने पर भी कुंम-कुंम निकल नहीं रहा है। कुम-कुम के निकलने के बाद माथे की चमडी एवं महिलाओं को सिर की मांग की चमडी में काला पन बन रहा है। इसे लेकर जिला अस्पताल के मेडिकल आफीसर डा.जितेन्द्र शर्मा का कहना है कि स्कीन की सेंसेटीविटी के कारण ऐसा होना संभव है। उज्जैन ही नहीं अधिकांश धार्मिक शहरों में इसी तरह का कुंम-कुंम चलन में है।

### हर्बल कुंम-कुंम उपयोग होना चाहिए

रसायन युक्त कुंम-कुंम में पीपीडी एवं अमोनिया जैसे रसायनों का उपयोग निर्माण में किया जाता है। माथे की चमडी पर लगाने के दौरान ये सभी लोगों को ऐसा रिएक्शन नहीं देता है। जिनकी चमडी सेंसेटिव होती है उन्हीं को ऐसा होता है। डमेटोलाजिस्ट डा.नारायण अटोलिया बताते हैं कि जिनकी चमडी संवेदनशील होती है ऐसे लोगों को इससे एलर्जी होती है। ऐसे कई मरीज शहरी एवं बाहरी उनके पास आते हैं। ऐसे लोगों को इस तरह के कुंमकुम से बचना चाहिए। इसके लिए तेल या मास्चराईजर लगाने के उपरांत ही इसका उपयोग माथे एवं मांग में किया जाना चाहिए। डा. अटोलिया बताते हैं कि हर्बल कुंमकुंम इसका विकल्प है लेकिन वह महंगा होता है, उससे किसी प्रकार का डर नहीं रहता है । आईडियल रूप से इसका उपयोग इसीलिए नहीं किया जाता है। हर्बल कुंमकुंम का उपयोग होना चाहिए।



### हर्बल कुंमकुम महंगा इसलिए उपयोग कम

व्यापारी बताते हैं कि केमिकल वाले कुंमकुंम की बजाय हर्बल 240 रूपए प्रति किलो थोक में पड रहा है। इसे बनाने में हल्दी की गांठ,चूना, एवं नीबू के रस का उपयोग किया जाता है। यह शुद्ध कुंमकुंम बनता है। खास यह है कि इस कुंम-कुंम का रंग एक दम लाल की जगह थोडा हल्का लाल रहता है। इसलिए इसकी मांग कम रहती है। प्योर हर्बल ऐसा ही रहता है। जो श्रद्धालु समझते हैं वे इसी की मांग करते हैं। व्यापारी भी मानते हैं कि मंदिरों में शुद्ध हर्बल कुंम-कुंम का ही उपयोग होना चाहिए। मंदिरों में हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### शासकीय मंदिरों में हर्बल का हो उपयोग

धार्मिक नगरी में प्रमुख देवी मंदिर एवं अन्य प्रमुख मंदिर जहां कुंम-कुंम का उपयोग किया जाता है शासकीय हैं। यहां की प्रबंधकीय व्यवस्था शासन स्तर पर नियुक्त प्रबंधक ही करते हैं। गढ कालिका मंदिर में कुंम-कुंम पूजा की जाती है। श्री अंगारेश्वर महादेव की पूजा में भी कुंम-कुंम का उपयोग होता है। अधिकांश मंदिर जहां श्रद्धालुओं के उपयोग के लिए कुंम-कुंम रखा जाता है वे भी शासकीय हैं। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को देखते हुए प्रबंधकीय व्यवस्था के तहत ऐसे सभी मंदिरों में हर्बल कुंमकुंम उपयोग के लिए देव स्थान प्रबंध समिति एवं धर्मस्व विभाग को आगे आकर पहल करना चाहिए।

### इमली के चिंए से बनता है रसायन युक्त

कुंम-कुंम के धंधे से जुडे सूत्रों का कहना है कि रसायनयुक्त कुंम-कुंम में बहुतायत में इमली के चिंए का पावडर उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही अन्य रसायन इसमें डाले जाते हैं। चिएं का पावडर की खासियत यह है कि यह रंग को काफी मजबूती से पकडता है। घोलने पर यह चिपचिपा हो जाता है। वर्तमान में बाजार में थोक में 80 से 120 रूपए किलो में रसायन वाला कुंम-कुंम उपलब्ध है। इसमें भी क्वालिटी के मान से दाम हैं। छोटे झ्रछोटे पैक में इसकी किमत पैक के आधार पर बढकर नग के आधार पर हो जाती है। जो कि 600 रूपए किलो तक बेचा जाता है। विक्रेताओं का कहना है कि इसके लाल पन के कारण इसकी मांग ज्यादा होती है । सोने से ज्यादा पीतल चमकने वाली कहावत इस पर चरितार्थ होती है। व्यापारी बताते हैं कि इस कुंमकुंम से त्वचा पर परेशानी पैदा होने जैसे मामले होते हैं। यह उनकी जानकारी में भी है। संवेदनशील त्वचा वाले श्रद्धालुओं को इसके उपयोग से बचना चाहिए। खासतर मंदिरों में इसका उपयोग नहीं होना चाहिए । ज्यादातर महिला श्रद्धालुओं को ही इससे परेशानी होती है। इससे होने वाले सिर एवं मांग में काले दाग को मिटाने में हजारों रूपए की दवाई एवं उपचार में उन्हें खर्च करना पडता है। ऐसे में मंदिर प्रबंध समितियों को हर्बल कुंमकुंम उपयोग को ही प्राथमिकता देना चाहिए।

# दशकों बाद बना कालसर्प योग, 11 दिन तक रहेगा 3 राशियों पर चंद्रमा का प्रभाव

**मंगल, बुध और शनि मीन राशि में एक साथ मौजूद हैं, जिससे यह ग्रह योग और अधिक प्रभावशाली बन गया है। इसके अलावा चंद्रमा भी इस समय कुंभ राशि में है। इन सभी ग्रहों के राहु और केतु के बीच आ जाने से एक विशेष काल सर्प योग का निर्माण हुआ है। केवल बृहस्पति ही ऐसे ग्रह हैं जो इस समय मिथुन राशि में रहकर इस स्थिति से बाहर हैं।**

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

ज्योतिष में कालसर्प योग को आम तौर पर एक चुनौतीपूर्ण लेकिन अत्यंत प्रभावशाली ग्रह संयोजन माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि जिन व्यक्तियों की जन्म कुंडली में यह योग होता है। उनके लिए जीवन में सफलता आसानी से नहीं मिलती। उन्हें लगातार बाधाओं ,मानसिक तनाव और बार-बार मिलने वाली असफलताओं का सामना करते हुए अपने जीवन पथ पर आगे बढ़ना पड़ता है। ज्योतिषीय सिद्धांतों के अनुसार कालसर्प योग हमेशा नकारात्मक परिणाम ही नहीं देता। सही समय आने पर यह जीवन में बड़े बदलावों या अचानक मिली सफलता और भाग्य में महत्वपूर्ण सुधारों का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। वर्तमान में सौर मंडल में कालसर्प योग का निर्माण हुआ है। ग्रहों की यह दुर्लभ स्थिति कई ग्रहों के राहु और केतु के बीच स्थित होने के परिणामस्वरूप बनी है। इस अवधि के दौरान इसका प्रभाव कुछ विशेष राशियों से संबंधित व्यक्तियों के जीवन में महत्वपूर्ण मोड़ ला सकता है।



### एक सीध में दिखाई देंगे ये ग्रह

वर्तमान समय में आकाश में ग्रहों की एक खास स्थिति बनी हुई है जिसे ज्योतिष में बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस समय राहु कुंभ राशि में है, जबकि केतु सिंह राशि में स्थित है। वहीं सूर्य और शुक्र मेष राशि में विराजमान हैं। मंगल, बुध और शनि मीन राशि में एक साथ मौजूद हैं, जिससे यह ग्रह योग और अधिक प्रभावशाली बन गया है। इसके अलावा चंद्रमा भी इस समय कुंभ राशि में है। इन सभी ग्रहों के राहु और केतु के बीच आ जाने से एक विशेष काल सर्प योग का निर्माण हुआ है। केवल बृहस्पति ही ऐसे ग्रह हैं जो इस समय मिथुन राशि में रहकर इस स्थिति से बाहर हैं। ग्रहों का यह दुर्लभ संयोग 27 अप्रैल तक बना रहेगा। ज्योतिष मान्यता के अनुसार, इस दौरान कुछ राशियों के लोगों के जीवन में अच्छे बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं कि काल सर्प योग का सबसे अधिक शुभ प्रभाव किन राशियों पर पड़ सकता है।

### मिथुन राशि

• यह समय मिथुन राशि वालों के लिए नई दिशाएं खोल सकता है। • मन में कई नए विचार आएंगे और उन्हें अमल में लाने के मौके भी मिलेंगे। • आप जिस नेटवर्क से पहले जुड़े थे वह फिर से शुरू हो सकता है। • इस दौरान फैसले लेने की क्षमता बढ़ेगी। • अगर आप जल्दबाजी न करें और थोड़ा सोचें तो आपको अच्छे नतीजे मिलेंगे। • काम पर नए मौके मिल सकते हैं और कुछ अचानक पैसे का फायदा होने की संभावना रहेगी। • अगर आप अपने समय का सही इस्तेमाल करते हैं तो यह समय आपके लिए निर्णायक मोड़ बन सकता है।

### कर्क राशि

• कर्क राशि वालों के लिए यह समय थोड़ा भावनात्मक हो सकता है। • मन बहुत संवेदनशील रहेगा और छोटी-छोटी बातों पर आपके मन में गहरी प्रतिक्रियाएं आ सकती हैं। • इस बीच आपका अंतर्ज्ञान बहुत मजबूत हो जाएगा। • अगर आप अपनी भावनाओं को ठीक से काबू कर पाते हैं तो आप बहुत अच्छे फैसले ले पाएंगे। • कार्यक्षेत्र में धीरे-धीरे सुधार होगा। • आपके निजी जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। कुछ अचानक फायदे या मौके मिलने की भी संभावना है।

### तुला राशि

• तुला राशि वालों के लिए यह समय काफी अच्छा और स्थिर कहा जा सकता है। • रिश्तों में ज्यादा मिठास और समझ आएगी। • जो रिश्ते पहले उलझे हुए थे वे धीरे-धीरे आसान होने लगेंगे। • करियर के मामले में नए मौके मिल सकते हैं। • पैसे की हालत में सुधार होने की संभावना है और इनकम के नए रास्ते भी खुल सकते हैं। • कई लोगों के जीवन में यह समय रिश्तों की नई शुरूआत की संभावना भी बना सकता है।

### 18 करोड़ की लागत से बनी कनेक्टिविटी सड़क, हेलीपैड विश्राम गृह भी होगा समर्पित

# आज मुख्यमंत्री करेंगे सड़क निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

स्पेशल असिस्टेंट योजना के अंतर्गत संकुल भवन से विक्रम नगर, देवास रोड तक निर्मित कनेक्टिविटी सड़क, सौंदर्यीकरण कार्य एवं हेलीपैड स्थित विश्राम गृह का लोकार्पण आज रविवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा किया जाएगा। इस परियोजना के अंतर्गत कोठी रोड से देवास रोड स्थित विक्रम नगर तक सड़क निर्माण कार्य लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण किया गया है। मार्ग की लंबाई 2100 मीटर तथा चौड़ाई 18 से 24 मीटर निर्धारित की गई है। विकास कार्य के तहत नगर निगम द्वारा पाथवे, डिवाइडर एवं आकर्षक लाइटिंग के साथ सौंदर्यीकरण कार्य भी किया गया है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी और सुंदरता में वृद्धि होगी।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शनिवार को स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आज होगा कन्या विवाह का भव्य आयोजन

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आज 19 अप्रैल, रविवार को कार्तिक मेला प्रांगण में नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। महापौर ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन के अंतर्गत 100 हिंदू जोड़ों के साथ 12 जोड़ों का निकाह भी संपन्न कराया जाएगा। इस प्रकार कुल 112 नवविवाहित जोड़ों का विवाह एक ही पंडाल के नीचे संपन्न होगा। साथ ही प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को शासन की ओर से 49 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए जाएंगे।

## ग्राहक सम्मेलन में नई योजनाओं की दी जानकारी, ऑनलाइन फ्रॉड के प्रति किया सतर्क



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

तीन बत्ती चौराहा स्थित प्रेम पैलेस में डोंबिवली नागरी सहकारी (डीएनएस) बैंक की उज्जैन शाखा द्वारा ग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही ग्राहकों को साइबर ठगी से बचने के उपाय भी बताए गए।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बैंक के एमडी एवं सीईओ विश्राम दीक्षित, वाइस चेयरमैन नंदनी कुलकर्णी, डीजीएम पराग नवरे और एजीएम शलाका प्रभु मौजूद रहे। सम्मेलन में संघ के श्रीपाद जोशी, महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, मिलिंद पन्हालकर, यशवंत तिलगुणकर, लोटी कॉलेज के सीईओ गिरीश भालेराव, नितिन गरुड़ और माधव सेवा न्यास के अध्यक्ष बलराज भट्ट सहित बड़ी संख्या में बैंक के ग्राहक उपस्थित थे। स्थानीय प्रबंधन की ओर से शाखा प्रमुख सारंग देशपांडे और सह-शाखा प्रमुख विवेक सिंह भदौरिया मौजूद रहे।

सम्मेलन के दौरान बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों से हाउसिंग लोन, कार लोन, दोपहिया वाहन लोन और एमएसएमई (टरटए) लोन के विषय में विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही ग्राहकों को बचत और चालू खाते की नई विशेषताओं से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीजन) को दिए जा रहे अधिक ब्याज के बारे में भी बताया।



नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### अपनी वैभवशाली ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासतों से जुड़े

**इंदौर।** संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया है कि ₹विश्व विरासत दिवस₹ के विशेष अवसर पर 18 अप्रैल 2026, शनिवार को पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, भोपाल के अधीन आने वाले प्रदेश के सभी संग्रहालयों और स्मारकों में पर्यटकों का प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। यह सुविधा सभी पर्यटकों के लिए उपलब्ध होगी, जिससे वे बिना किसी टिकट के मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत का अवलोकन कर सकेंगे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपनी प्राचीन कला, वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व की वस्तुओं के प्रति जागरूक करना है। राज्य मंत्री श्री लोधी ने आम जनता और पर्यटकों से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### महिलाओं की पंचायत राज निकायों में बढ़ रही है भागीदारी

**इंदौर।** प्रदेश में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी लगातार बढ़ रही है। पंचायत स्तर पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व 50 प्रतिशत से अधिक पहुंच चुका है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय वृद्धि है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत-तीनों स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। कुल जनप्रतिनिधियों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 52.84 प्रतिशत दर्ज की गई है। ग्राम पंचायत स्तर पर महिला प्रतिनिधियों का प्रतिशत करीब 52.83 प्रतिशत है, जबकि जनपद पंचायत में यह आंकड़ा 53.22 प्रतिशत तक पहुंच गया है। जिला पंचायत में भी महिलाओं की भागीदारी 53.71 प्रतिशत दर्ज की गई है, जो दशार्ता है कि नेतृत्व के उच्च स्तर पर भी महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। विभागीय जानकारी अनुसार कुल 23 हजार 11 निर्वाचित सरपंचों में से 11 हजार 683 महिलाएं हैं, जो ग्रामीण नेतृत्व में महिलाओं की सशक्त भूमिका को दशार्ती है। वहीं 3 लाख 64 हजार 895 निर्वाचित पंचों में से 1 लाख 93 हजार 284 महिला प्रतिनिधि चुनी गई हैं। जनपद पंचायत स्तर पर भी महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय है। कुल 313 निर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्षों में से 179 महिलाएं हैं। इसी प्रकार 6 हजार 458 जनपद पंचायत सदस्यों में से 3 हजार 425 महिलाएं निर्वाचित हुई हैं। 52 जिला पंचायत अध्यक्षों में से 26 महिलाएं हैं, जबकि 823 जिला पंचायत सदस्यों में 444 महिला जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुई हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह बढ़ता ग्राफ न केवल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को दशार्ता है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का भी प्रतीक है।

### 55 हजार रुपये कीमत की मदिरा और वाहन जप्त

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के के निदेर्शानुसार इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में गत गुरूवार को आबकारी उपनिरीक्षक आशीष जैन वृत्त मालवामिल अ की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । यह कार्रवाई कंट्रोल रूम प्रभारी श्री देवेश चतुवेर्दी और डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज कुमार अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में की गई। इस कार्यवाही में सोमनाथ की जूनी चाल (खाली मैदान) पर एक बिना नंबर की सफेद रंग की दो पहिया वाहन डेस्टिनी 125 स्कूटी पर परिवहन कर ले जाई जा रही 50 पाव देशी मदिरा मसाला बरामद की गई। बरामद मदिरा को वाहन सहित जप्त कर मुकेश पिता मुलचंद यादव निवासी लाला का बगीचा इंदौर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबध्द किया गया। जप्त मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 55350/- रुपए है।

### बेटी के बालिग होने से 6 माह पहले हो गई थी शादी की तैयारी

**इंदौर।** हम जिस समाज से हैं उसे 2 साल पहले शादी करने की छूट है, हम कम उम्र में परंपरा के अनुसार शादी कर सकते हैं। जब अधिनियम की जानकारी दी तो परिवार 6 महीने छोटी बेटी का विवाह निरस्त करने को तैयार हो गया। इंदौर के अहिल्या पलटन में मंडप सज कर तैयार था। दुल्हन को हल्दी लग रही है और विवाह के गीत गाए जा रहे थे, तभी महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम शिकायत के आधार पर पहुंच गई और परिवार को यह विवाह निरस्त करने के लिए कहा। लड़की के पिता कहने लगे हमारी परंपरा के अनुसार समाज को छूट है कि हम 16 साल की उम्र में बेटी की शादी कर सकते हैं। जब इस तरह का कोई नियम शासन के किसी आदेश में होने की जानकारी उनसे चाही गई तो वे बगले झांकने लगे। महिला एवं बाल विकास विभाग शहरी परियोजना क्रमांक 6 की परियोजना अधिकारी चित्रा यादव, बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक, सदस्य संगीता सिंह चाइल्डलाइन के फूल सिंह कारपेंटर ने परिजनों को समझाया। श्रीपाठक ने बताया कि परीक्षण करने पर पता चला कि बेटी की उम्र 18 वर्ष होने में सिर्फ 6 महीने बाकी है। वर-वधू के परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए कानून और सजा के प्रावधान के साथ ही उन्हें कम उम्र में बेटी की शादी करने से होने वाले नुकसान समझाएं।

# चिप्स फैक्ट्री में बायलर ब्लास्ट, तेज धमाके से दहला इलाका

### सुरक्षा इंतजामों की खुली पोल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के कोदरिया क्षेत्र में स्थित एक आलू चिप्स कारखाने में हुए जोरदार बायलर ब्लास्ट ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और लोहे के टुकड़े दूर-दूर तक जाकर गिरे। गनीमत रही कि बड़ा जनहानि का मामला सामने नहीं आया, लेकिन इस घटना ने कारखानों में सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारों के अनुसार बायलर एक ऐसा उपकरण होता है जिसमें पानी को अत्यधिक तापमान (करीब 150 से 300 डिग्री सेल्सियस) तक गर्म कर भाप (स्टीम) बनाई जाती है। इस भाप का उपयोग आलू उबालने और चिप्स निर्माण की प्रक्रिया में किया जाता है। यदि बायलर में दबाव ज्यादा बढ़ जाए या सुरक्षा वाल्व सही तरीके से काम न करें, तो ब्लास्ट जैसी घटनाएं हो सकती हैं। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि दबाव नियंत्रण में कमी या तकनीकी लापरवाही इस हादसे की वजह बनी।





### बिना अनुमति चल रहा था कारखाना

नायब तहसीलदार राधा बल्लभ धाकड़ ने बताया कि यह कारखाना बनवारी लाल सैनी का है और बिना वैध अनुमति के संचालित हो रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही प्रशासन हरकत में आया है और कोतवाली थाना पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रशासन पर उठे सवाल

इस घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर खड़ा हो गया है। बिना अनुमति चल रहे इतने बड़े स्तर के कारखानों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई? स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

### मौके पर नहीं थे कोई सुरक्षा इंतजाम

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जिस समय ब्लास्ट हुआ, उस वक्त कारखाने में सुरक्षा के कोई भी पुख्ता इंतजाम मौजूद नहीं थे। न तो फायर सेफ्टी उपकरण थे और न ही इमरजेंसी सिस्टम। धमाके के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग जान बचाकर भागते नजर आए।

### अन्य कारखानों में भी लापरवाही

कोदरिया क्षेत्र में करीब 70 से अधिक आलू चिप्स के कारखाने संचालित हो रहे हैं। इनमें भी बड़े-बड़े बायलर लगे हुए हैं, लेकिन अधिकांश स्थानों पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। कई संचालकों के पास जरूरी सुरक्षा उपकरण तक नहीं हैं।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सख्त कार्रवाई

## निर्माण इकाई, वेयरहाउस व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 17 नमूने लिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों की सघन जाँच की जा रही है। इसी सिलसिले में आज इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रतिष्ठानों में कई प्रकार की अनियमितताएं एवं कमियां पाये जाने पर कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा हुकुमचंद कॉलोनी स्थित फर्म हीना इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रोपराइटर श्री दिनेश जायसवाल परिसर में खाद्य कारोबार का संचालन करते हुए पाए गए। परिसर में मैंगो, पेप्सी, पंजाबी लस्सी एवं ऑरेंज बेवरेज का निर्माण एवं पैकिंग किया जाना पाया गया। जांच में यह भी पाया गया कि निर्माण में बोरिंग के पानी का उपयोग किया जा रहा था तथा निर्माण में प्रयुक्त पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके अतिरिक्त परिसर में निर्मित खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं पाई गई तथा लाइसेंस शर्तों के अनुसार अन्य कमियां भी पाई गईं।





### वेयरहाउस में पाई गईं कई कमियां

इसी क्रम में न्यू ट्रेक इंफो मीडिया (ीस्र३ङ्ग), शांति पैराडाइस, निरंजनपुर देवास नाका, इंदौर का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर शिफ्ट इंचार्ज श्री कुलदीप गर्ग उपस्थित पाए गए। निरीक्षण में कई कमियां पाई गईं, जिनमें फूड हैंडलर्स के मेडिकल सर्टिफिकेट का अभाव, कर्मचारियों द्वारा कैप, एप्रन एवं ग्लव्स का उपयोग नहीं करना, उचित तापमान नियंत्रण प्रणाली का अभाव, परिसर में पर्याप्त वेंटिलेशन नहीं होना तथा खाद्य पदार्थों एवं अखाद्य पदार्थों का उचित पृथक्करण नहीं होना शामिल है। साथ ही खाद्य पदार्थों को रखने वाले रैक के नीचे गंदगी पाई गई तथा वेज एवं नॉनवेज खाद्य पदार्थों को अलग-अलग नहीं रखा जाना भी पाया गया।

### सीए हेल्पलाइन शिकायत पर कार्रवाई

इसी क्रम में उट हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर लेटेस्ट बेकरी, इंदौर रोड, बेटमा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के श्री ऋषभ कुमावत की उपस्थिति में शिकायत की जांच कर दूध पेप्सी, कोला पेप्सी एवं मावा कुल्फी आइसक्रीम के कुल 03 नमूने जांच हेतु लिए गए। शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से अवगत कराया गया, जिस पर शिकायतकर्ता ने संतोष व्यक्त किया।

# प्रवेश से मना करने पर निजी स्कूलों पर होगी कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। केंद्र ने एडमिशन की तिथि को बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रथम चरण की लॉटरी में चयनित निजी स्कूलों में 25 अप्रैल तक एडमिशन ले सकेंगे। पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अप्रैल थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर अभिभावकों और विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय दिया गया है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सभी जिलों को आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि सभी जिलों के कलेक्टर और जिला शिक्षा केन्द्रों के परियोजना समन्वयकों को पत्र भी लिखा गया है, जिसमें कहा गया है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया था। संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि आवंटन के बाद अभिभावकों को 3 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक अपने बच्चों का प्रवेश आवंटित विद्यालय में कराने के निर्देश दिए गए थे। इस दौरान जिन बच्चों ने प्रवेश नहीं लिया, उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचना भी दी गई थी। निर्धारित अवधि के दौरान अधिकांश बच्चों द्वारा प्रवेश प्राप्त कर लिया गया।

# 99.9 प्रतिशत प्रकरणों का हुआ समयबद्ध समाधान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संकल्प से समाधान अभियान से प्रदेश में नागरिकों की शिकायतों और आवेदनों का त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया गया है। यह अभियान सुशासन को सुदृढ़ करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम एवं वार्ड स्तर पर टीमों का गठन कर घर-घर जाकर आवेदन संग्रह किए गए और शिविर लगाकर आवेदनों का त्वरित समाधान किया गया। साथ ही पोर्टल आधारित एंट्री और ट्रैकिंग की गयी। निराकरण की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सीएम हेल्पलाइन पर विशेष डैशबोर्ड के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग भी की गई। अभियान की कुल अवधि 12 जनवरी से 31 मार्च के दौरान राज्य स्तर पर कुल 47.69 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 47.68 लाख प्रकरणों का समाधान करते हुए 99.9 प्रतिशत आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। अभियान को चरणबद्ध रूप से प्रदेश में लागू किया गया। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक ग्राम एवं वार्ड स्तर पर आवेदन संग्रहण किया गया।

# इंदौर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुधार एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य श्री संजय बंदोपाध्याय (सेवानिवृत्त आईएएस) विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी, अपर कलेक्टर रोशन राय, अपर आयुक्त नगर निगम आकाश सिंह, प्रखर सिंह, अभय राजनगांवकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में संजय बंदोपाध्याय ने कहा कि सड़क एवं यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए इंफोर्समेंट और जन-जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों की मदद लेकर सड़क सुधार कार्यों में तेजी लाई जाए तथा बड़े शहरों के सफल नवाचारों को साझा किया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट के सुधार पर विशेष फोकस करने, सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने और तुरंत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

### तीन मामलों में एफआईआर के आदेश से मचा हड़कंप

# कच्ची सड़क बनाकर बेचे प्लॉट

## पोर्टल रिकॉर्ड से खुला खेल, 7 दिन में रिपोर्ट तलब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर राऊ क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। अपर कलेक्टर डॉ. रिंकेश कुमार वैश्य की कोर्ट में सामने आए तीन अलग-अलग मामलों ने अवैध कॉलोनाइजरों के पूरे नेटवर्क की पोल खोल दी है।

बिना अनुमति कॉलोनी बसाकर प्लॉट बेचने का संगठित खेल उजागर होने के बाद संबंधित आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस सख्ती से इलाके में हड़कंप मच गया है। पहले मामले में सर्वे नंबर 482/2 की 0.099 हेक्टेयर जमीन पर लोकेश वर्मा द्वारा अवैध कॉलोनी बसाकर 10 प्लॉट बेचने का खुलासा हुआ।

वहीं दूसरे प्रकरण में सर्वे नंबर 1016 की 0.251 हेक्टेयर भूमि पर नासिर शाह द्वारा बिना अनुमति कॉलोनी विकसित कर भूखंड विक्रय कि जाने की पुष्टि हुई। तीसरे मामले में सर्वे नंबर 1046/1/5/2/1 की जमीन पर भी अवैध कॉलोनी काटकर 7 प्लॉट बेचने का बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया। तीनों मामलों में एक जैसी कार्यप्रणाली सामने आई। बिना टीएनसीपी अनुमति के जमीन पर कच्ची सड़क बनाकर कॉलोनी का ढांचा खड़ा किया गया और फिर भूखंडों की रजिस्ट्री कर दी गई। संपदा पोर्टल के रिकॉर्ड, पटवारी प्रतिवेदन, पंचनामा और मौके के फोटोग्राफ्स ने इन अवैध गतिविधियों की पुष्टि कर दी। आरोपियों ने जांच के दौरान खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन पुख्ता साक्ष्यों के सामने उनकी दलीलें टिक नहीं सकीं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह कृत्य मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 के तहत गंभीर और दंडनीय अपराध है। साथ ही यह भी कहा गया कि इस तरह की अवैध कॉलोनियों से प्लॉट खरीदने वाले लोगों को भविष्य में मूलभूत सुविधाओं और कानूनी विवादों का सामना करना पड़ सकता है।



न्यूज कालम

न्यूज कालम



## गोकुलदास के विद्यार्थियों ने सीखा गार्बेज ट्रीटमेंट का महत्व

**खरगोन।** गोकुलदास पब्लिक स्कूल के कक्षा 6 से 8 के लगभग 250 विद्यार्थियों के लिए गार्बेज ट्रीटमेंट विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला एवं शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना था। छात्रों को नगरपालिका के गार्बेज मैनेजमेंट प्लांट का भ्रमण करवाया गया जहां विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करने, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) तथा अपशिष्ट के उचित निपटान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को बताया गया कि किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वहां उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि किस प्रकार कचरे का संग्रहण, छंटाई और निपटान किया जाता है। इस अनुभव ने छात्रों में गहरी रुचि उत्पन्न की और उन्होंने कई प्रश्न भी पूछे।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने स्वच्छता बनाए रखने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मंडला वेदवती ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

## पक्षियों को पेयजल के लिए सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी के सकोरे लगाए



**सनावद।** लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों को पेयजल के लिए सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी के सकोरे लगाए जा रहे हैं। शनिवार को लायंस क्लब की एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर लायन अनिता भागचंद जैन और लायन साथियों ने शासकीय अस्पताल परिसर स्थित उपवन में लगभग २५ मिट्टी के सकोरे वृक्षों की डालियों पर लगाए और सकोरों में पानी भरा। इस अवसर पर जैन ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों की प्राण रक्षा के लिए क्लब द्वारा मिट्टी के सकोरे स्थापित किए जा रहे हैं। जैन ने नागरिकों से पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अपने घरों की छतों और परिसरों में दाना पानी रखने का आव्हान किया।जैन ने कहा कि मूक पक्षियों की जीवन रक्षा बड़े ही पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर डॉ.हंसा पाटीदार,ला.अनुपमा वर्मा, भारतीय परिहार उमा पाटीदार, ला.हेमंत दातार, लायन अनिल अर्जरे, सुधा लाठियां आदि उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकाल के मद्देनजर आंगनवाड़ी केन्द्रों का समय परिवर्तित

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने ग्रीष्मकाल में आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया है। तथा गृह भेंट एवं अन्य कार्य हेतु दोपहर 12 से 3 बजे तक का समय निर्धारित किया है। आंगनवाड़ी खोलना एवं कक्षा की साफ-सफाई प्रातः 8 से 8.30 बजे तक, बच्चों का स्वागत एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई का अवलोकन करना प्रातः 8.30 से 9 बजे तक, सामूहिक गतिविधियों का आयोजन प्रातः 9 से 9.30 बजे तक, नाश्ता प्रातः 9.30 बजे से 10 बजे तक, बच्चों के खेल एवं गतिविधियों का आयोजन प्रातः 10 से 11 बजे तक, भाषा एवं साक्षरता तथा पूर्व कौशल, रचनात्क गतिविधियों का आयोजन प्रातः ११ बजे से दोपहर 12 बजे तक, बच्चों को भोजन पश्चात आंगनवाड़ी केन्द्र से छुट्टी एवं बच्चों को उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाना दोपहर 12 बजे से 12.30 बजे तक तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा गृह भेंट एवं अभिलेखों का संधारण दोपहर 12.30 से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## अत्यधिक गर्मी के दृष्टिगत कलेक्टर ने किया स्कूलों का समय परिवर्तित

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले में अत्यधिक गर्मी के दृष्टिगत जिले की समस्त शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों का संचालन समय में परिवर्तन किया है। इस संबंध में उन्होने आदेश जारी किया है कि 21 अप्रैल 2026 से कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 वीं तक के समस्त विद्यालयों का संचालन आगामी आदेश तक प्रातः 7.30 से दोपहर 12 बजे तक किया जायेगा तथा शैक्षणिक स्टाफ 1.30 बजे तक संस्था में उपस्थित रहेंगे। परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय सारणी अनुसार रहेगा, मूल्यांकन कार्य अपने यथावत समय पर संपादित होंगे।

## हाईटेक होगा उज्जैन का सिंहस्थ मेला क्षेत्र, प्रशासनिक तैयारियां तेज

**उज्जैन।** सिंहस्थ महापर्व 2028 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। विशेष पुलिस महानिदेशक उपेन्द्र जैन ने शनिवार को मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार मेले को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (्रढ्ढ) तकनीक के जरिए हाईटेक बनाया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और निगरानी और अधिक मजबूत हो सके।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़कों, पुलों और घाटों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, मजबूती और समयसीमा की समीक्षा की। जैन ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समय में और मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। से होगी निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों पर फोकस जैन ने मेला क्षेत्र में संवेदनशील और अति-संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां विशेष पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। आधुनिक ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों के साथ्रढ्ढ तकनीक का उपयोग कर संदिग्ध गतिविधियों और व्यक्तियों की पहचान की जाएगी। भीड़ नियंत्रण, लापता लोगों की खोज, महिला सुरक्षा और अपराध रोकथाम के लिए विशेष रणनीति तैयार करने पर जोर दिया गया।

# महात्मा गांधी शासकीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार, छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंडलेश्वर का इस वर्ष घोषित हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 78 प्रतिशत तथा हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो संस्था के निरंतर शैक्षणिक प्रयासों को दशार्ता है।

हायर सेकेंडरी परीक्षा में गणित संकाय के छात्र देवेंद्र संतोष कानपुरे ने 457 अंक प्राप्त कर 91.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। देवेंद्र ने न केवल संस्था में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए, बल्कि स्कूटी योजना हेतु भी अपनी पात्रता सुनिश्चित की।

द्वितीय स्थान पर बलराम गोपाल पंवार ने 434 अंक (86.8 प्रतिशत) प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान पर त्रिशिख दिनेश वास्कले ने 423 अंक (84.6 प्रतिशत) अर्जित कर संस्था का नाम रोशन किया।हाई स्कूल में भी छात्रों ने दिखाई प्रतिभाहाई स्कूल परीक्षा में मोहित पर्वत मुवैल ने 440 अंक (88 प्रतिशत) के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। जयेश सुखलाल वर्मा 398 अंक (79.6 प्रतिशत) के साथ द्वितीय तथा आर्यन मनोहर भालेकर 389 अंक (77.8 प्रतिशत) के साथ तृतीय स्थान पर रहे। उत्तीर्णता का प्रतिशत भी रहा उल्लेखनीय

हाई स्कूल परीक्षा में कुल 43 छात्रों में से 35 छात्र प्रथम श्रेणी, 9 छात्र द्वितीय श्रेणी एवं 1 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ।वहीं हायर सेकेंडरी परीक्षा में 17 छात्र प्रथम श्रेणी, 18 छात्र द्वितीय श्रेणी तथा 1 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

संस्था में हर्ष का माहौल छात्रों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य जे. के. सोनी एवं समस्त शिक्षक-स्टाफ ने मेधावी विद्यार्थियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय का यह परिणाम न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है, बल्कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्था की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का भी परिचायक है।

# श्री खान को न.पा. सीएमओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा



**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देश पर राजस्व अधिकारी मामून खान को उनके वर्तमान प्रभार क्षेत्र के साथ-साथ नगरपालिका परिषद आलीराजपुर के मुख्य नगर पालिका अधि कारी (सीएमओ) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्री खान ने आज नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने तकनीकी एवं कार्यालयीन स्टाफ की बैठक ली और कर्मचारियों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने तथा शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का संतोषजनक निराकरण कर उन्हें स्वेच्छा से बंद कराने पर भी जोर दिया। कलेक्टर के निर्देशानुसार श्री खान ने कृषि उपज मंडी समिति में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कार्यक्रम की सुचारु व्यवस्था के लिए कर्मचारियों के बीच कार्यों का विभाजन किया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में कुल 13 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

# शत-प्रतिशत टीकाकरण से ही सफल होगा सर्वाइकल कैंसर बचाव अभियान-महेंद्र जैन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



सर्वाइकल टीकाकरण अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनजाग्रति संस्था के संरक्षक व संस्थापक महेंद्र जैन ने कहा कि समाज जागेगा, युवा वर्ग सशक्त व स्वस्थ बनेगा, शत-प्रतिशत टीकाकरण ही सर्वाइकल टीकाकरण अभियान को सफल बनाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में संचालित किसी भी योजना में सभी की सहभागिता ही कार्यक्रम को सफलता की ओर ले जाती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में 14 वर्ष की पूर्ण आयु व 15 वर्ष के बीच की आयु की देश की समस्त बालिकाओं को इस टीकाकरण का लाभ अवश्य उठाना चाहिए ताकि सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी की रोकथाम हो सके। इसी क्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्देशित एचपीवी टीकाकरण अभियान पूरे देश में निःशुल्क संचालित हो रहा है।

आज बुरहानपुर जिले में समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक व संस्थापक महेंद्र जैन, जिला स्वास्थ्य विभाग बुरहानपुर की टीम सुपरवाइजर अशफाक अंसारी, डीपीएम सुशांत रिबेनकर के साथ स्वास्थ्य विभाग की सिस्टर, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा अंडा बाजार स्थित यूनिक पब्लिक स्कूल, नया मोहल्ला क्षेत्र स्थित आदर्श विद्यापीठ शाला एवं गांधी चौक क्षेत्र स्थित पटेल रतिलाल बोरिवाला शाला में जागरूकता कार्यक्रम के साथ टीकाकरण कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

उक्त अभियान म.प्र. स्वास्थ्य मिशन के परिपत्र अनुसार जिले के कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वाई बी शास्त्री एवं जनजाग्रति संस्था के सहयोग से जिले में जगह-जगह जागरूकता फैलाकर संचालित किया जा रहा है।आज के अभियान अवसर पर यूनिक पब्लिक शाला के प्राचार्य डॉ. जावेद, आदर्श विद्यापीठ शाला की डायरेक्टर साधना शाह एवं पटेल रतिलाल बोरिवाला शाला की प्राचार्या अर्चना गोविन्दजीवाला, उपप्राचार्या सोनिया शर्मा के साथ समस्त शाला स्टाफ उपस्थित थे।

# हर्षिता खरडेकर ने 97.4प्रतिशत अंकों के साथ प्रावीण्य सूची में हासिल किया द्वितीय स्थान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा कक्षा १०वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर लालबाग हाई स्कूल की छात्रा हर्षिता अरविंद खरडेकर ने बिना कोचिंग किए 500 में से 487 अंक प्राप्त कर 97.4 प्रतिशत के साथ बुरहानपुर जिले की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। हर्षिता ने नियमित स्वाध्याय और विद्यालय के आचार्य-दीदियों के समय-समय पर मार्गदर्शन से स्वयं तैयारी की। श्रमिक क्षेत्र वाले विद्यालय से जिले में यह उपलब्धि हासिल कर उन्होंने सबका मान बढ़ाया है।

घर पहुंचकर किया सम्मान*

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य जय भगवती भावसार, समिति पदाधिकारी विनोद यादव, कैलाश जी, श्रीमती रानू पवार और श्वेता गढ़वाल ने बहन के घर जाकर पुष्पगुच्छ भेंटकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

हर्षिता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, दादी जी और विद्यालय के आचार्य-दीदियों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। साथ ही विद्या भारती मालवा प्रांत द्वारा लगाए गए १० दिवसीय शैक्षिक मार्गदर्शन शिविर को भी श्रेय दिया, जहां से प्रावीण्य सूची का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ। हर्षिता ने प्रशासनिक सेवा का लक्ष्य लेकर और अधिक मेहनत करने की बात कही।

बहन की इस उपलब्धि पर विद्यालय समिति अध्यक्ष राजेंद्र जोशी, उपाध्यक्ष विजय पोद्दार, व्यवस्थापक लक्ष्मण भोंडवे, कोषाध्यक्ष दीपक काले, दिनेश जाधव, पुरुषोत्तम कदम, रघुनाथ साबले, विनोद यादव, नितिन चौधरी, श्रीमती हेमलता हुपेले सहित संस्था प्राचार्य जय भगवती भावसार और विद्यालय के आचार्य परिवार द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए बहन के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की गई।

# भारतीय किसान संघ के साथ किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मण्डलेश्वर

बड़वाह-धामनोद नवीन राजमार्ग के निर्माण के लिए किए जा रहे भूमि अधिग्रहण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को प्रभावित किसानों और एसडीएम के बीच हुई महत्वपूर्ण बैठक बिना किसी ठोस निष्कर्ष के समाप्त हो गई। किसानों ने प्रशासन के समक्ष अपनी मांग रखते हुए स्पष्ट किया कि जब तक उनकी शर्तें नहीं मानी जातीं, वे जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं करने देंगे।

बैठक के लिए सैकड़ों किसानों के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे भारतीय किसान संघ के संभाग अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह राठौर ने किसानों की ओर से अपनी बात रखते हुए एसडीएम पूर्वा मंडलोई को कहा-हमें विकास से आपत्ति नहीं है, लेकिन विकास किसानों की बबार्दी की कीमत पर नहीं होना चाहिए। वर्ष 2008 से 2026 तक कई क्षेत्रों में रजिस्ट्री की गाइडलाइन दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यदि कहीं बढ़ोतरी हुई भी है, तो वह ऊंट के मुँह में जीरे के समान है। किसानों का कहना है कि आज के बाजार मूल्य और सरकारी गाइडलाइन में जमीन-आसमान का अंतर है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। 2008 की दरों पर 2026 में जमीन अधिग्रहण कर मुआवजा देना सरासर अन्याय है।बैठक में तहसीलदार कैलाश ससत्या, सब रजिस्ट्रार गरिमा, नायब तहसीलदार संजय बावेल की उपस्थिति में किसानों के कड़े विरोध के चलते कोई सर्वसम्मति नहीं बन पाई। किसानों ने दो टूक कहा वर्तमान दरों पर वे अपनी उपजाऊ जमीन देने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा पहले यह निर्धारित कर हमें बताया जाए कि हमारी जमीन का अधिग्रहण किस दर पर किया जाएगा।

## निजी स्कूलों की मनमानी पर शिकंजा

**रतलाम।** जिले में निजी (अशासकीय) विद्यालयों द्वारा अभिभावकों और विद्यार्थियों को विशेष दुकानों से पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म और अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य करने की शिकायतों पर अब सख्त कार्रवाई होगी। मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशों के तहत कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने इस तरह की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए जिला स्तर पर होगा।

# देपालपुर में युवक पर जानलेवा हमला, पुलिस कार्रवाई की मांग तेज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देपालपुर

थाना क्षेत्र के ग्राम रिंगनवास में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठने लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी दिनेश सोलंकी (24 वर्ष) 13 अप्रैल की रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच अपने मित्र के साथ खेत पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही तीन आरोपी–विवेक, कुशांत और कुंदन–एक राय होकर मौके पर पहुंचे और बिना किसी उकसावे के गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने युवक के साथ जमकर मारपीट की। बताया जा रहा है कि जान बचाने के लिए जब पीड़ित वहां से भागा, तो आरोपी हाथों में कुरड़ी और गैती के हत्ते लेकर उसके पीछे दौड़े। पीड़ित किसी तरह अपने रिश्तेदार के घर पहुंचा, लेकिन आरोपी वहां भी घुस आए और दोबारा हमला कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसकी गर्दन पर पैर रखकर उसे जान से मारने की धमकी दी, जिससे वह बुरी तरह दहशत में आ गया। घटना की प्रत्यक्षदर्शी एक महिला ने पूरे घटनाक्रम को देखा है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ जाती है। पीड़ित ने बताया कि वह डर के कारण तुरंत रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सका।

इस घटना ने गांव में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और यदि समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसे मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, क्षेत्रवासियों ने देपालपुर पुलिस से निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

# महान पाश्र्व गायिका आशा भोसले की स्मृति में भावभीनी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

इन आंखों की मस्ती, तोरा मन दर्पण कहलाये,चुरा लिया है तुमने जो दिल को, इशारों इशारों में दिल देने वाले, आगे भी जाने ना तु, जाइये आप कहा जायेंगे, ये मेरा दिल प्यार का दीवाना,रुपेरी बालूत, जीवलया राहिलेरे दूर घर माझे (मराठी गीत ) पिया बावरी, सलोना सा सजन है, अभी ना जाओ छोड़कर, आओ हुजूर तुमको सितारों मे ले चलू आदि एक से बढ़कर एक सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अवसर था महाराष्ट्र समाज द्वारा आयोजित 'सुरों की रानीइ महान पार्श्व गायिका आशा भोसले की स्मृति में गत रात्रि को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का ७ जिसमें संगीत प्रेमियों ने उनके अमर गीतों के जरिए उन्हें याद किया और संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा। इन्होंने दी प्रस्तुति डॉ पुर्णिमा सूभेदार,डॉ वैदेही सूभेदार, राधा चाहर, संगीता जैन, पूजा पटवा, भुवि व्यास, अवनी उपाध्याय, रुचि चौहान, आकांक्षा मुले, रोशनी गावंडे, वंदना जलगांवकर, प्राची पुरोहित, पीयूष नेने ने दी।

श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत में उनके जीवन और करियर पर शहर के प्रबुद्धजनों शारदा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ संजय वाते, पुर्व महापौर डॉ सुनीता यार्दे, डॉ पुर्णिमा सूभेदार,डॉ प्रदीप सिंह राव, गुस्ताद अंकलेसरिया, डॉ श्वेता विन्चूकर, आशीष दशोत्तर, पत्रकार लगन शर्मा नेउनके जीवन की प्रमुख उपलब्धियों के बारे मे जानकारी देते हुए उनके व्यक्तित्व पर भावपूर्ण शब्द कहे। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आशा भोसले ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी आवाज में ऐसी जादुई मिठास थी, जिसने हर पीढ़ी को प्रभावित किया। उनके गीत आज भी उतने ही लोकप्रिय हैं, जितने अपने समय में थे।

# उज्जैन की 5 महीने की बच्ची को जीन थेरेपी इंजेक्शन लगेगा; पेरेंट्स ने लगाई मदद की गुहार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

काशी को इलाज के लिए विदेशी इंजेक्शन जोलजेनस्मा की जरूरत है। काशी को इलाज के लिए विदेशी इंजेक्शन जोलजेनस्मा की जरूरत है।

उज्जैन में 5 महीने की मासूम आनुवांशिक बीमारी स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (स्न्रू) टाइप-1 से जूझ रही है। उसके इलाज के लिए करीब 15 करोड़ रुपए के जीन थेरेपी इंजेक्शन की जरूरत है, जो भारत में उपलब्ध नहीं है। परिवार ने फंड रेज शुरू कर मदद की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी गुहार लगाई है।

डॉ. रोहित दुबे पुरिया और डॉ. प्रकृति की बेटी काशी का इलाज फिलहाल भोपाल एम्स की मेडिसिन एचओडी डॉ. भावना डिगरे की निगरानी में चल रहा है। इस बीमारी का प्रभावी इलाज च्जीन थेरेपीज् है, जिसके लिए च्जोलजेनस्माज् इंजेक्शन लगाया जाता है।वालटिश कंपनी का ये इंजेक्शन विदेश से मंगवाना पड़ेगा, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.72 मिलियन डॉलर है।

डॉ. रोहित दुबे पुरिया भोपाल एम्स में मेडिसिन विभाग के सीनियर रेसिडेंट हैं।

डॉ. प्रकृति हमीदिया अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ थीं। वे बीते एक साल से बेटी के कारण नौकरी नहीं कर पा रही हैं।डॉ. रोहित ने बताया-काशी का जन्म 14 नवंबर 2025 को हुआ। जन्म के एक महीने बाद भी काशी के हाथ-पैरों में सामान्य मूवमेंट नहीं दिखे। शुरूआत में फिजियोथेरेपी कराई, लेकिन सुधार नहीं हुआ।इसके बाद भोपाल में डॉ. महेश माहेश्वरी को दिखाया।

# स्थाई लोक अदालत जनउपयोगी लोक अदालत हर महीने के अंतिम शनिवार को लगेगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार स्थाई जनउपयोगी लोक अदालत माह के अंतिम सोमवार को लगती जिसमें जिसके संबंध में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

श्री मान मो असलम दहलवी साहब ने एवं श्री योगेश चालीसा न्यायाधीश जी ने स्थाई जनउपयोगी लोक अदालत के बारे बताया की स्थाई लोक अदालत में राजिनामा होता है तो किसी की जीत और किसी की हार नही होती दोनों पक्षों मधुर सम्बन्ध बिच आपसी राजीनामे से प्रकरण समाप्त हो जाता है स्थाई लोक अदालत मे राजीनामे योग्य प्रकरणों में राजीनामे होते हे और जो कोर्ट फीस लगती है वह पुनः वापिस हो जाती है

प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को स्थाई लोक में आप सभी अपने प्रकरणों को समाप्त कर लाभले सकते हैं स्थाई लोक अदालत में वही प्रकरणों में राजीनामा होगा जो प्रकरण राजीनामे योग्य हे उनका निपटारा हो जाता हे शिविर में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गणेश मालवीय जी कृष्णराव सोनाने मनोज गीते नोमान शादाब एम के यादव जी रश्मि ज्योति चौहान मीणा मंडलोई जेके यादव जी एजीपी गोपाल चौहान जी त्रिवेदी जी एवं समस्त सम्माननीय अधिवक्ता गण न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया मौजूद थे।

खास न्यूज

## पथराव में 4 पुलिसकर्मी हुये थे घायल, 3 को भेजा जेल



उज्जैन। महिदपुररोड थाना क्षेत्र के नागदा तिराहे गोगापुर मार्ग पर शुक्रवार को 2 बाइक की टक्कर ने हिंसक रूप ले लिया था। थाना प्रभारी आर. एस. भाबोर एएसआई सुरेशचंद्र सोनगरा, प्रधान आरक्षक समरथलाल और आरक्षक मदन पग्गी के साथ विवाद को शांत कराने पहुंचे थे। इसी दौरान थाने से कुछ दूरी पर जमा हुई भीड़ ने पथराव कर दिया था। घटनाक्रम में थाना प्रभारी सहित तीनों पुलिसकर्मी घायल हो गये थे। थाना प्रभारी को गंभीर चोंट लगी थी। एसआई प्रेम मालवीय ने बताया कि मामले में आरक्षक मदन पग्गी की शिकायत पर पथराव करने वालों के खिलाफ धारा 132, 121 (1), 115 (2), 221, 189 (1), 189 (2), 189 (3), 191 (1), 191 (2), 190 का अपराध दर्ज किया था। पथराव करने वाले ग्राम शिकारीखेड़ा के होना सामने आये थे। जिनकी तलाश कर शुक्रवार रात नारायण पिता बालू बंजारा 49 साल, तोफानसिंह पिता बालू राठौर 28 साल और गीताबाई पति बालू बंजारा 58 साल को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार दोपहर तीनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल वारंट जारी होने पर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पथराव में शामिल अन्यों की तलाश जारी है।

## एक घंटे में पुलिस ने बालक के परिजनों का लगाया पता

**उज्जैन।** नागदा थाना पुलिस को सर्कल भ्रमण के दौरान शनिवार को राजस्थानी चौराहा पर 4 साल का बालक अकेला घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने बालक से पूछताछ करने का प्रयास किया लेकिन वह कुछ नहीं बता पा रहा था। आसपास लोगों से जानकारी लेने पर उसके परिजनों के संबंध में कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बालक के परिजनों का पता लगाने के लिये सूचना संकलन तंत्र को अलर्ट करने के साथ कस्बे के व्हाट्सएप ग्रुप माध्यम से बालक की फोटो शेयर किया। करीब 1 घंटे बाद बालक के परिजनों की जानकारी सामने आ गई। उनसे संपर्क करने पर पता चला कि पियुष पिता पवन प्रजापत निवासी इंदिरानगर कालोनी रंगोली गार्डन के पास का रहने वाला है। खेलते समय अचानक लापता हो गया था, परिजन भी उसकी तलाश कर रहे थे। थाना प्रभारी ने बालक के सुरक्षित होने की जानकारी देकर उन्हे थाने बुलाया और सुपुर्द किया। थाना प्रभारी का कहना था कि कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से बालक के परिजनों का पता लगाने में सफलता मिली है।

## सड़क दुर्घटना में डेढ़ साल के मासूम की मौत, केस दर्ज




उज्जैन। झारड़ा थाना क्षेत्र के गरोठ हाईवे बमनई पुलिया के पास 16 अप्रैल की रात मंदसौर के सुवासरा स्थित किशोरपुरा में रहने वाले बाईक सवार बैरागी परिवार की बाइक को पीछे से आई हुंडई कार एमपी 13 सीई 3897 ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में बाइक पर सवार डेढ़ साल का मासूम रिहांश, उसके पिता गोपालदास बैरागी और मां गंभीर घायल हो गये थे। तीनों को उपचार के लिये आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लाया गया था। जहां उपचार के दौरान मासूम रिहांश की मौत हो गई। पिता की हालत गंभीर होने पर परिजन मेडिकल कॉलेज से उपचार के लिये निजी अस्पताल ले गये। झारड़ा थाना पुलिस के अनुसार मासूम की मौत होने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। वहीं मामले में टक्कर मारने वाले कार का नम्बर सामने आने पर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला था।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 490-3 | 120-3 |
| मेन बाजार | | - | - |
| कल्याण नाइट | | - | - |
| मिलन डे | | 125-8 | 679-2 |
| मिलन नाइट | | 468-8 | 356-4 |
| मधुर डे | | 370-0 | 130-4 |
| मधुर नाइट | | 178-6 | 468-0 |
| शुभांक | 2 | 4 | 9 |

### साले के साथ मिलकर साड़ू का रेता था गला

# हत्या के बाद अंतिम संस्कार में शामिल हुआ था आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गला रेतकर की गई हत्या का शनिवार को महिदपुर थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया गया। 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 20 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया है। दोनों आरोपी मृतक के रिश्तेदार है, मुख्य आरोपी साड़ू है।

महिदपुर थाना क्षेत्र के सेमलिया रोड़ पीली खाई जंगल में शुक्रवार सुबह एक युवक की लाश बरामद की गई थी। मृतक का गला रेता गया था। जिसकी पहचान बालाराम उर्फ बालेश्वर पिता शंकरलाल गुजराती 38 साल निवासी ग्राम सेमलिया के रूप में हुई थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया और हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की, सायबर टीम की मदद से पता चला कि घटनास्थल पर बद्रीलाल पिता उदाजी निवासी ग्राम खामरिया थाना आलोट और गजानंद पिता नानूराम निवासी बिनपुरा महिदुपर की मौजूदगी थी। दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास किये तो सामने आया कि बद्रीलाल मृतक का साड़ू है और गजानंद उसका साला है। बालाराम की लाश मिलने पर बद्रीलाल अस्पताल पहुंचा था और उसके बाद अंतिम संस्कार में भी शामिल हुआ था। पुलिस ने तत्काल की उसे हिरासत में लिया और उसके साले गजानंद को भी गिरफ्तार कर लिया। एसआई नरेन्द्रसिंह कनेश ने बताया कि दोनों को शनिवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 20 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त चाकू, और खून लगे कपड़े बरामद करने के प्रयास जारी है।





### फोन कर बुलाया था बालाराम को

एसआई कनेश के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि हत्या से पहले बद्रीलाल ग्राम सेमलिया आया था और बालाराम से मिला था, उसके बाद निकल गया था। कुछ देर बाद उसने कॉल कर बालाराम को निपानिया मार्ग पर बुलाया था, बालाराम के आने पर दोनों महिदपुर आये, जहां गजानंद मिल गया था। उसके बाद शराब लेकर सेमलिया रोड पीली खाई पहुंचे थे, जहां गजानंद और बालाराम ने शराब पी, उसी दौरान बद्रीलाल ने गला रेत दिया और चाकू से 3-4 वार किये थे।

### शादी में हुये विवाद की रंजीश में हत्या

बताया जा रहा है कि 14 अप्रैल को बद्रीलाल की बेटी का विवाह हुआ था। जिसमें शामिल होने के लिये बालाराम परिवार के साथ पहुंचा था। बालाराम ने अधिक शराब पी ली थी, वह विवाद कर पत्नी और बच्चों को शादी से लेकर वापस आ गया था। विवाद के दौरान बद्रीलाल ने उसे रोकने का प्रयास किया था, लेकिन बालाराम ने उसके साथ काफी गाली-गलौच की थी। उसी रंजीश में बद्रीलाल ने अपने साले के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया।

### रातभर परिवार करता रहा तलाश

बालाराम की लाश मिलने पर घटनास्थल पहुंचे परिजनों ने बताया था कि शाम 5.30 बजे निपानिया की ओर जाने का बोलकर निकला था, उसे बाद वापस नहीं लौटा था। रातभर से उसकी तलाश कर रहे थे। सुबह पता चला कि सेमलिया रोड पर लाश मिली है तो देखने पहुंचे, मृतक बालाराम था।

# आयशर से टकराया ट्रक, चपेट में आया बाइक सवार



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंदौररोड पर शनिवार सुबह बाइक सवार को बचाने में हादसा हो गया। आयशर से टकराने के बाद ट्रक पलटी खा गया। चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। आयशर भी पलट गई थी, जिसका चालक घायल हुआ है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के इंदौररोड स्थित पंथपिपलाई के पास यथार्थ पेट्रोल पंप के सामने बाइक सवार को बचाने में ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़ी गैस रिफिलिंग आयशर से टकरा गया। घटनाक्रम में ट्रक और आयशर पलटी खा गये। जिसकी चपेट में बाइक सवार आ गया और उसकी मौत हो गई। आयशर चालक भी घायल हुआ है।

**ट्रक चालक मौके से भाग निकला था, जिसकी तलाश की जा रही है**

घटनाक्रम की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मृतक का नाम रमेश उर्फ गुड्डू पित ब्रजलाल श्रीवास्तव 53 साल निवासी पंथपिपलाई सामने आया।

बताया जा रहा है कि मृतक मकान निर्माण की ठेकेदारी का काम करता था और पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवाकर साइड पर जाने के लिये निकल रहा था। घटनाक्रम में घायल आयशर चालक ओमप्रकाश पिता बाबूलाल पाटीदार 50 साल निवासी नागझिरी ने बताया कि वह खाली गाड़ी लेकर खड़ा था, उसी दौरान ट्रक पलटकर आयशर पर आ गया। पुलिस के अनुसार बाइक सवार रमेश श्रीवास्तव की मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। ट्रक चालक मौके से भाग निकला था, जिसकी तलाश की जा रही है। घटनाक्रम में ट्रक और आयशर के पलटी खाने से मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया था। पुलिस ने आवागमन का बनाये रखने के लिये दोनों वाहनों को क्रेन की मदद से खड़ा किया और यातायात शुरू कराया। ट्रक चालक के सामने आने पर पता चल पायेगा कि कहां से कहां जा रहा था।

# युवती ने लगाया भाजपा पार्षद पुत्र पर गंभीर आरोप

### दोनों पक्ष पहुंचे एसपी कार्यालय, निष्पक्ष जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भाजपा पार्षद एमआईसी सदस्य के पुत्र पर युवती ने गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा पार्षद ने एसपी कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग करते हुये युवती पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है।

गोला मंडी में रहने वाले भाजपा पार्षद प्रकाश शर्मा के पुत्र सार्थक पर बुधवारिया क्षेत्र की रहने वाली युवती ने गंभीर आरोप लगाकर एसपी कार्यालय में शिकायती आवेदन दिया। जहां से मामला महिला थाना पुलिस का स्थानांतरित किया गया है। भाजपा पार्षद ने भी अपने पुत्र के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए युवती पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। भाजपा पार्षद ने बताया कि युवती पहले शादी का दबाव बना रही थी, उसका पति से तलाक हो चुका है। उसने दबाव बनाकर कोरे कागज पर पुत्र के हस्ताक्षर करा लिये और कोर्ट मैरिज करने के लिये बुलाया। पुत्र कोर्ट पहुंचा तो युवती द्वारा रूपयों की मांग की गई और नहीं देने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। युवती कभी शादी करने की बात कह रही थी तो कभी उसका कहना था कि शिकायत दर्ज की जाये। फिलहाल मामले में महिला थाना पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि युवती की पहचान सार्थक से कुछ साल पहले संपत्ति संबंधित नगर निगम के कार्य कराने के दौरान हुई थी।

### माता-पिता के साथ मिलकर पत्नी ने की मारपीट

उज्जैन। घट्टिया तहसील के ग्राम धन्नाखेड़ी में रहने वाले कालूसिंह पिता भगवानसिंह परमार का कुछ दिनों पहले पत्नी अनिका से विवाद हो गया था। पत्नी ग्राम में ही मायके चली गई थी। शुक्रवार रात कालूसिंह अपने ससुराल के सामने से गुजर रहा था। उसी दौरान पत्नी अनिका ने पति को देख लिया उसने अपने पिता बजेसिंह और मां शांताबाई के साथ मिलकर पति को रोका और झगड़ा कर मारपीट करने की बात पर विवाद शुरू कर दिया। यहीं नहीं पत्नी ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर पति को लाठी-डंडे से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। घायल होने पर कालूसिंह ने घट्टिया थाने पहुंचकर पति और सास-सुसर के खिलाफ मारपीट करने और धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई।

### संरक्षण देने वाला भी हिरासत में, देशी कट्टा हुआ बरामद

# सिहोर से गिरफ्त में आया फर्जी गोलीकांड में फरार आरोपी

### रौनक गुर्जर को भी आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




ढांचा भवन में 11 अप्रैल की रात हुये फर्जी गोलीकांड में फरार चल रहे षडयंत्रकारी आरोपी को शनिवार शाम सिहोर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसे संरक्षण देने वाला युवक भी हिरासत में आया है। पुलिस को अब षडयंत्र के मुख्य आरोपी रौनक गुर्जर की तलाश है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाला अतिक माहूरकर 11 अप्रैल की रात थाने पहुंचा था और एक्टिवा से आये 2 नकाबपोश बदमाशों पर गोली मारने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी, 2 दिन बाद मामला फर्जी होना सामने आया था। पुलिस ने मामले में गोली लगाने से घायल हुए अतिक को गिरफ्तार कर षडयंत्र में शामिल राहुल चौहान को हिरासत में लिया था। वहीं षडयंत्र में अतिक के साथ शामिल बंटी मालवीय, रौनक गुर्जर को भी आरोपी बनाकर तलाश शुरू की थी। 4 दिनों बाद बंटी मालवीय को सिहोर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसे सिहोर में संरक्षण रौनक उर्फ गप्पी मालवीय ने दिया था। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि रौनक उर्फ गप्पी को भी धारा 212 का आरोपी बनाकर हिरासत में लिया गया है। मामले में रौनक गुर्जर की तलाश है, जल्द उसे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### गोली चलने पर बंटी हुआ था जख्मी

थाना प्रभारी कनोड़िया के अनुसार फर्जी गोलीकांड में अतिक के साथ बंटी उसके साथ था। गोली चलने पर उसकी पीठ भी जख्मी हुई थी। बंटी की गिरफ्तारी के बाद इस बात का पता चला है। गोली चलाने में प्रयुक्त किया गया देशी कट्टा भी बंटी की निशानदेही पर बरामद कर लिया गया है।

## शराब पीने से मना किया तो पिता का फोड़ा सिर

उज्जैन। तराना तहसील के ग्राम टिटोड़ी में रहने वाले बाबूलाल पिता बालचंद के साथ शुक्रवार-शनिवार रात पुत्र दिलीप ने मारपीट कर सिर फोड़ दिया। रात में परिजन बाबूलाल को उपचार के लिये तराना अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उज्जैन चरक अस्पताल लेकर आये। घायल बाबूलाल ने बताया कि पुत्र शराब पीने का आदी हो चुका है, आये दिन नशा कर घर लौटता है। रात में भी शराब पीकर आया था उसे शराब पीने से मना किया तो डंडे से मारपीट कर सिर फोड़ दिया।

# 41 डिग्री के करीब तापमान, लू चलने का बढ़ा खतरा

### नर्सरी से कक्षा 8वीं तक का बदला गया समय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अप्रैल माह अब मई जैसा तपता दिखाई दे रहा है। तापमान 41 डिग्री के करीब पहुंच चुका है, लू चलने का खतरा बढ़ गया है। हवा में गर्माहट महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों तापमान ओर बढ़ने की आशंका जताई है। अप्रैल माह के 11 दिन शेष बचे है और गर्मी अपने चरम पर पहुंच चुकी है। शनिवार को अधिकतम तामपान 41 डिग्री के करीब 40.8 दर्ज किया गया। इससे पहले शुक्रवार-शनिवार रात के तापमान में 4.8 डिग्री की गिरावट आई थी। दिन के तापमान में आई तेजी के साथ हवा की गर्म लपटे भी महसूस हो रही है। हीटवेव का खतरा बढ़ता जा रह है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में शहर का तापमान 44 के करीब तक पहुंचने की आशंका जताई है। वैसे प्रदेश के कुछ शहरों में दिन का तापमान 44 डिग्री और रात का 26 डिग्री


पश्चिमी रेलवे मुंबई सेंट्रल इंदौर के बीच सुपरफास्ट एसी स्पेशल ट्रेन चलाएगी

| ट्रेन संख्या | गंतव्य मूल स्टेशन | सेवा की तिथियां | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 09085 | मुंबई सेंट्रल -इंदौर | 20.04.2026 से 29.05.2026 तक | 23:20 बजे (सोमवार और शुक्रवार) | 13:00 बजे (अगले दिन) |
| 09085 | इंदौर-मुंबई सेंट्रल | 21.04.2026 से 30.05.2026 तक | शाम 5:00 बजे (मंगलवार और शनिवार) | 07:10 बजे (अगले दिन) |

ठहरावः बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम एंड उज्जैन स्टेशंस दोनों दिशाओं में
संरचनाः फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर कोच।

रेल के ठहरावों, समय-सीमाओं और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.inपर जाएं।

उपरोक्त ट्रेनों के लिए बुकिंग 19.04.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर शुरू हो जाएगी। यह ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

सभी आरक्षित टिकटों के लिए कृपया मूल पहचान पत्र साथ रखें।

# अतीत से आसक्ति



मनुष्य को निरंतर अपने अतीत को छोड़कर आगे बढ़ जाना होता है। अतीत को जान लिया गया है, वह ज्ञात है, तुम्हीं ने उसे जाना है और भविष्य तुम्हारे लिए अज्ञात है। तुम्हें हमेशा ज्ञात को अज्ञात के लिए बलिदान करना होगा।... यदि तुम अतीत के साथ बहुत अधिक तादात्म्य जोड़ लेते हो, तो विकास रुक जाता है। अगर तुम अतीत के जाल में बहुत अधिक फंस जाते हो, तो तुम उसी दुश्चक्र में घूमते रहते हो।...

मनुष्य एक तीर्थयात्री न होकर स्वयं ही तीर्थ है। स्पष्ट रूप से वहां महान समस्याएं हैं। जानवरों, वृक्षों, चट्टानों और नदियों के सामने कोई समस्या नही है, समस्याएं केवल मनुष्य के लिए हैं, क्योंकि प्रकृति द्वारा पहले से प्रत्येक चीज स्पष्ट रूप से परिभाषित और व्यवस्थित है। प्रकृति ने मनुष्य को ही सिर्फ अव्यवस्थित दशा में छोड़ रखा है। मनुष्य को प्रयास करने के लिए छोड़ दिया गया है, लेकिन उसे समस्याओं को समस्या न समझकर चुनौती समझना है, शत्रु न समझकर मित्र समझना है, क्योंकि केवल इसके द्वारा ही कोई व्यक्ति सीखता है। स्वयं को खोजता है।

इस खोज के लिए नक्शों को लेकर योजनाएं बनानी होती हैं, डिजाइनों द्वारा उपाय किए जाते हैं, क्योंकि इस खोज के लिए दिशा-निर्देशों की जरूरत पड़ेगी। स्मरण रहे, एक नक्शा, बस एक नक्शा भर होता है। वह देश नहीं होता, जिस देश का वह बनाया गया है और जिसका वह प्रतिनिधित्व कर रहा है। कोई भी डिजाइन सत्य नहीं है। डिजाइन तो बस एक डिजाइन होती है। भली-भांति यह जानते हुए कि नक्शा कोई देश नहीं होता, एक नक्शा अत्यधिक सहायता कर सकता है। नक्शा, देश से भी मिलता-जुलता हुआ नहीं होता। भारत के नक्शे को देखते हुए, तुम भारत की कोई भी चीज नहीं देखोगे। नक्शा जरा भी मेल खाता हुआ नहीं होता। वह केवल एक समानांतर उपाय होता है, वह एक रूपक होता है, और उस स्थान का वह सांकेतिक प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन उससे बहुत बड़ी सहायता मिल सकती है।

वे लोग, जो इस संसार के पार गए हैं, वे तुम्हारे लिए वहां की डिजाइन बना सकते हैं और यह काम एक सद्गुरु का होता है। वे लोग जिन्हें जाना है, वे लोग जो वहां पहुंच गए हैं, वे लोग जो अपने स्वभाव को उपलब्ध हो गए हैं, वे लोग जो अखंड अस्तित्व ही बन चुके हैं, वे लोग जो शरीर मन और हृदय के पार आधारभूत सत्य को प्राप्त कर चुके हैं, जिनकी तरल प्रवाहमय चेतना ठोस स्फटिक बनकर केंद्रित हो गई है, वे लोग तुम्हें कुछ दिशा-निर्देश और थोड़े से संकेत दे सकते हैं, वे तुम्हें वहां पहुंचने का नक्शा दे सकते हैं। सूफी लोग इसे ही डिजाइन कहते हैं। संसार के सभी धर्मों ने अपने नक्शे तैयार किए हैं, लेकिन सूफी नक्शबंदियों का मुकाबला नहीं!

## सम्पादकीय

# नहीं बनी सहमति

महिला आरक्षण देने के तरीके और परिसीमन पर सहमति न बनना आश्चर्यजनक नहीं, पर चिंताजनक जरूर है। संविधान में संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत चाहिए, पर यह अभी केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास नहीं है। सरकार बहुत प्रयास के बावजूद तीन विधेयकों को पारित कराने में नाकाम रही है। यह बात बहुत मुखरता से सिद्ध हुई है कि विपक्ष के नेताओं में सत्ता पक्ष के प्रति विश्वास की भारी कमी है। सत्ता पक्ष के प्रति एकजुट विपक्ष की तल्खी गौर करने लायक है। बहुत कम अवसर आए हैं, जब विपक्ष में ऐसी एकता दिखाई पड़ी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं के भाषण में वर्तमान सत्ता या भाजपा विरोध का जो स्तर देखा गया है, उसमें सहमति बनाने की राह कतई आसान नहीं है। यह लोकतंत्र और संविधान का एक सशक्त पहलू है कि अगर किसी सरकार के पास दो-तिहाई बहुमत नहीं है, तो वह संविधान संशोधन नहीं कर सकती। भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन लोकसभा में महज 298 सीटों तक सिमट गया। वर्ष 1976 में परिसीमन को संविधान संशोधन से रोका गया था। तब से नए परिसीमन का इंतजार है और अभी न जाने कितना इंतजार करना पड़ेगा?

अब आगे क्या होगा, उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है कि इस विशेष सत्र में क्या हुआ है? पहली बात, इस विशेष सत्र में विपक्ष की ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती सामने आई हैं। दूसरी बात, दक्षिण के राज्यों और दलों की दलीलों को जिस तरह का समर्थन उत्तर के राज्यों के नेताओं से मिला है, वह उल्लेखनीय है। उत्तर के नेताओं ने फिर सिद्ध किया है कि उन्हें दक्षिण के लोगों की पूरी परवाह है। तीसरी बात, चूंकि राजनीतिक दल अपने स्तर पर पिछड़ी, दलित, ओबीसी, मुस्लिम महिलाओं को पर्याप्त चुनावी टिकट देने में नाकाम हो रहे हैं, तो अब उनकी कोशिश है कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण संबंधी कानून में ही यह प्रावधान कर दिया जाए। मतलब, सरकार आज करे या कल, उसे आरक्षण के भीतर आरक्षण की व्यवस्था करनी पड़ेगी। मान लीजिए, ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था नहीं हुई, तो भी यह राजनीतिक मुद्दा बना दिया जाएगा। आरक्षण से अटूट रूप से जुड़ चुकी भारतीय राजनीति की विवशता से हर सियासी दल को गुजरना पड़ेगा।

## अक्षय तृतीया, भगवान परशुराम जयंती विशेष पर

# भगवान परशुराम: पराक्रम, तप और सामाजिक न्याय का शाश्वत संदेश

भारत की सांस्कृतिक चेतना विविधताओं से परिपूर्ण है, जहाँ प्रत्येक क्षेत्र अपनी विशिष्ट पहचान और आध्यात्मिक परंपराओं के लिए जाना जाता है। मध्य प्रदेश का मालवा क्षेत्र इसी परंपरा का एक जीवंत उदाहरण है। यह भूमि केवल भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से भी अत्यंत समृद्ध रही है। इसी क्षेत्र ( जानापाव) से जुड़ी भगवान परशुराम की परंपरा इसे एक विशिष्ट गौरव प्रदान करती है।



अमित राव पवार
(दैनिक अवन्तिका)

भगवान परशुराम का व्यक्तित्व भारतीय चिंतन में शक्ति, तप, ज्ञान और न्याय का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करता है। भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। उनका जन्म महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के यहाँ हुआ। वे भृगु वंश के थे और विशेष बात यह है कि वे एकमात्र ऐसे अवतार हैं, जिन्होंने ऋषि कुल में जन्म लेकर भी क्षत्रिय धर्म के अनुरूप पराक्रम और युद्धकला में अद्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार उनका व्यक्तित्व ज्ञान और शक्ति के संतुलन का प्रतीक बन जाता है।

परशुराम जी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पक्ष उनकी कठोर तपस्या और गुरु परंपरा से प्राप्त ज्ञान है। उन्होंने अपने पिता से वेदों का अध्ययन किया और कश्यप ऋषि से मंत्र दीक्षा प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने भगवान शिव की आराधना कर दिव्य अस्त्र-शस्त्र प्राप्त किए। उनके प्रमुख अस्त्र ह्यपरशुह्न के कारण ही उनका नाम परशुराम पड़ा। यह तथ्य इस बात को स्पष्ट करता है कि उनके जीवन में आध्यात्मिक साधना और युद्धक क्षमता का अद्भुत समन्वय था। प्रायः लोककथाओं में यह उल्लेख मिलता है कि भगवान परशुराम ने 21 बार पृथ्वी को क्षत्रिय विहीन कर दिया। किंतु इस कथन को शाब्दिक रूप में न लेकर उसके प्रतीकात्मक अर्थ को समझना आवश्यक है। वास्तव में उनका संघर्ष उन शासकों के विरुद्ध था जो अत्याचारी, अन्यायी और धर्म से विमुख हो चुके थे। यदि उन्होंने समस्त क्षत्रियों का संहार कर दिया होता, तो उस कालखंड में अन्य धर्मनिष्ठ राजा, जैसे दशरथ और जनक, अस्तित्व में नहीं होते। अतः परशुराम का संघर्ष व्यवस्था के विरुद्ध नहीं, बल्कि अव्यवस्था और अन्याय के विरुद्ध था।



भारतीय महाकाव्यों और पुराणों में परशुराम जी की उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। महाभारत में उन्हें भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महान योद्धाओं का गुरु बताया गया है। वहीं रामायण में भगवान राम और परशुरामजी के संवाद के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि परशुराम को अत्यंत आदर और सम्मान प्राप्त था। यह दशार्ता है कि वे केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि एक महान आचार्य और मार्गदर्शक भी थे।भगवान परशुराम का जीवन केवल युद्ध और पराक्रम तक सीमित नहीं था। वे एक महान दानी और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने संपूर्ण पृथ्वी को जीतकर महर्षि कश्यप को दान में दे दिया और स्वयं तपस्या के लिए महेंद्र पर्वत की ओर प्रस्थान किया। यह त्याग और वैराग्य की पराकाष्ठा का उदाहरण है। इसके अतिरिक्त उन्होंने युद्ध से प्रभावित समाज के पुनर्निर्माण का कार्य भी किया। विधवाओं और अनाथों के पुनर्वास तथा समाज में संतुलन स्थापित करने के उनके प्रयास उन्हें एक दूरदर्शी सामाजिक चिंतक के रूप में स्थापित करते हैं। भगवान परशुराम की शिक्षाएँ आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि व्यक्ति का मूल्य उसकी जाति या जन्म से नहीं, बल्कि उसके गुणों और कर्मों से निर्धारित होता है। उन्होंने ज्ञान और तप की महत्ता को स्थापित किया और यह संदेश दिया कि समाज में नैतिकता और न्याय का पालन अनिवार्य है।

अक्षय तृतीया हिंदू धर्म का एक अत्यंत शुभ और पवित्र पर्व है। भविष्य पुराण के अनुसार, इस तिथि पर किए गए कर्मों का फल कभी समाप्त नहीं होता, इसी कारण इसका नाम अक्षय तृतीया पड़ा। यह भी कहा जाता है कि इस दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, इसलिए इसे परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है।अक्षय तृतीया का उल्लेख विष्णुधर्मसूत्र, मत्स्य पुराण, नारद पुराण और भविष्य पुराण जैसे प्रमुख धर्मग्रंथों में विस्तार से मिलता है, जिससे इसकी धार्मिक महत्ता और अधिक स्पष्ट होती है।लोकमान्यताओं और कथाओं में भी इस दिन का विशेष महत्व है।अक्षय तृतीया न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह दिन सद्कर्म, श्रद्धा और पुण्य अर्जित करने का विशेष अवसर भी प्रदान करता है।अक्षय तृतीया, जिसे परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, उनके जीवन और आदर्शों को स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। ह्यअक्षयह्न का अर्थ है जिसका कभी क्षय न हो, और यह दिन इसी भावना का प्रतीक है कि सत्य, धर्म और पुण्य कभी नष्ट नहीं होते। इस दिन किए गए दान, जप और तप को विशेष फलदायी माना गया है।

आज के समय में, जब समाज अनेक प्रकार की चुनौतियों और नैतिक संकटों से जूझ रहा है, भगवान परशुराम का जीवन हमें एक स्पष्ट दिशा प्रदान करता है। उनका संदेश है कि शक्ति का उपयोग केवल रक्षा और न्याय के लिए होना चाहिए, न कि उत्पीड़न के लिए। साथ ही, ज्ञान और तप के बिना शक्ति अधूरी है।मालवा की यह पावन भूमि, जो परशुराम की परंपरा से जुड़ी हुई है, हमें यह स्मरण कराती है कि भारत की आत्मा उसके आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों में निहित है। आवश्यकता इस बात की है कि हम इन मूल्यों को केवल इतिहास और कथाओं तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करें।इस प्रकार, भगवान परशुराम का जीवन और मालवा की सांस्कृतिक विरासत मिलकर एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत करते हैं, जो न केवल अतीत की धरोहर है, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी एक मार्गदर्शक प्रकाश है।

# कफन की जेब और नैतिकता का स्विस बैंक

सेठ लक्ष्मीचंद ने अपनी वसीयत में साफ लिखा था कि उनके कफन में कम से कम दस जेबें होनी चाहिए। उनके बेटों ने अपनी बुद्धि लगाई और कफन को 'डिजिटल वॉलेट' और 'स्मार्ट चिप्स' से लैस कर दिया। जब सेठ जी की आत्मा ऊपर पहुंची, तो उन्होंने देखा कि स्वर्ग के द्वार पर 'एंट्री फीस' का बोर्ड लगा है। सेठ जी ने अपनी कफन की जेब से 'पुण्य-कार्ड' निकाला और मशीन पर स्वाइप किया। मशीन ने आवाज दी- एरर! आपका पुण्य बैलेंस 'नकारात्मक' है। तभी एक यमदूत आया और बोला, सेठ जी, यहाँ पुराने नोट नहीं चलते। आपने पृथ्वी पर जो अस्पताल बनवाए थे, उनका उद्घाटन 'टैक्स बचाने' के लिए किया गया था, इसलिए वह 'डिस्काउंट' में चला गया। जो भंडारे करवाए थे, उनमें आपने सड़ा हुआ अनाज बांटा था, उसका 'पेनल्टी' लगा है। सेठ जी घबरा गए, पर मैंने स्विस बैंक में जो जमा किया है, क्या वह यहाँ ट्रांसफर नहीं हो सकता? यमदूत ने ठहाका लगाया, स्विस बैंक का डेटा तो चित्रगुप्त ने 'हैक' कर लिया है। वहां का सारा पैसा अब 'नर्क के सौंदर्यीकरण' में लग रहा है। सेठ जी ने देखा कि उनके साथ आए एक गरीब मजदूर को बिना किसी पूछताछ के 'वीआईपी प्रवेश' मिल रहा है। सेठ जी ने विरोध किया, इसने तो कभी दान नहीं दिया! यमदूत ने शांति से कहा, सेठ जी, इसने अपनी जेब नहीं, बल्कि अपना खून और पसीना दूसरों के लिए खर्च किया था। इसके पास 'पासवर्ड' नहीं, बल्कि 'दुआएं' हैं।₹ सेठ जी अपने कफन की खाली जेबों को टटोलने लगे, जो अब केवल उनके पापों के बोझ से फटने लगी थीं। उन्हें समझ आया कि कफन में जेब तो हो सकती है, पर उनमें भरा हुआ सामान ऊपर जाकर 'रद्दी' बन जाता है।



डॉ. सुरेश मिश्रा
(दैनिक अवन्तिका)

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 19 अप्रैल 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:07 सूर्यास्त 18:46
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - दुतिया 10:49 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - भरणी 07:09 उपरांत कृतिका 04:35 उपरांत रोहिणी
योग - आयुष्मान 20:02 उपरांत सौभाग्य
करण - कौलव
चन्द्रमा - मेष में है। 12:30 पर वृषभ में प्रवेश करेगा।

**मेष-** भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है।

**वृषभ-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मिथुन-** पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**कर्क-** आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह-** दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें।

**कन्या-** अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला-** सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**वृश्चिक-** कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा।

**धनु-** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**मकर-** किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी।

**कुंभ-** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा।

**मीन-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## समसामयिक

# समानता और अनुशासन के पक्षधर भगवान परशुराम

हिमालय पर परशुराम शृंग से लेकर सुदूर दक्षिण तक स्थापित मंदिरों के रूप में परशुराम के स्मृति चिन्ह उनकी कीर्ति गाथा का निःशब्द यशोगान करते है। वे मातृभूमि की रक्षा हेतु शस्त्र धारण करने वाले प्रचंड राष्ट्रीय चरित्र थे, एवं केवल ब्राह्मण वर्ग ही नहीं अपितु समस्त सात्विक सनातन समाज के निर्विवाद नेता रहे है, भगवान परशुराम को समता वादी समाज की अवधारणा के आदि प्रणेता कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगा। समता वाद का तात्पर्य समानता की वह परिभाषा जो लोकतांत्रिक युग में प्रचलित है कदापि नहीं है। क्योंकि समाज में सभी समाज जन गुण और प्रवृत्तियों में एक समान नहीं हो सकते अतः सब को समान दर्जा निश्चय ही कुछ लोगों के लिये अन्याय का सबब बनेगा। समानता का विवेक संगत अर्थ न्याय और अन्याय के बीच भेद दृष्टि की समानता से है। शिक्षा प्रशासन न्याय आदि नीतिगत विषयों के संदर्भ में निर्धारित सामाजिक नियमों के सभी पर समान अनुपालन से एवं इनके प्रति सभी की अनिवार्य प्रतिबद्धता से है। योग्यता अनुरूप अवसरों की समानता से है। संपूर्ण समाज पर राजकीय अनुशासन के समान आरोपण से है।



सुभाषचंद्र जोशी
(दैनिक अवन्तिका)

इस संबंध में मनु स्मृति में वर्णित विधान प्रत्येक युग में युगानुरूप संशोधनों के साथ मान्य रहे है। परशुराम ने भी समाज में स्थापित विधानों का सदैव सख्ती से पालन किया। सहस्त्रबाहू की भांति सर्वशक्तिमान राजा को भी उसके अपराध का दंड देने में उन्हें कोई हिचकिचाहट नहीं हुई। इस संदर्भ में उन्हें क्षत्रिय हंता प्रचारित किया जाता है परंतु विजय के पश्चात पृथ्वी दान करते समय सहस्त्रबाहु के प्रति शत्रु भाव उनकी न्याय दृष्टि के समक्ष रूकावट नहीं बन सका और उन्होंने सिंध प्रांत सहस्त्रबाहू के पुत्र मधु को प्रदान किया। भगवान राम के पूर्वज एवं भगवान कृष्ण दोनों के पूर्वज क्षत्रिय थे जिन्हें परशुराम ने क्रमशः अयोध्या एवं मथुरा का राज्य प्रदान किया था। काशी के क्षत्रिय राजा की कन्या अंबा को न्याय दिलवाने के लिये परशुराम ने अपने शिष्य देवव्रत भीष्म से भी युद्ध किया जो कि अनिर्णित रहा। द्रोणाचार्य और कृपाचार्य जैसे अत्यंत विपन्न परंतु पात्र ब्राह्मणों के गुरु बनने में उन्हें कोई हिचक नहीं थी। शिक्षा एवं न्याय की समानता का यह आदर्श स्वरूप हैं। आततायी शक्तियों के विरूद्ध सैनिक अभियानों द्वारा राजा सहस्त्रार्जुन के वध के पश्चात उसके अनुयायी निरंकुश क्षत्रिय राजाओं को परास्त कर जीते हुए राज्य एवं भूमि परशुराम ने कश्यप ऋषि के आदेश पर यज्ञ के होता, ब्रह्मा, अध्वर्यु, उद्गाता, ऋत्विजों, उपद्रष्टा, आदि विद्वज्जन को दान कर स्वयं ने ब्राहमणोचित निर्लिप्त आचरण कर महेंद्र पर्वत को अपना निवास बनाया, हिन्दू धर्म शास्त्रों में प्राप्त विवरण अनुसार परशुराम अमर है।

कर्ण के संदर्भ में समानता के पक्षधर प्रायः परशुराम को कटघरे में खड़ा करने हेतु तर्क देते हैं कि, द्रोणाचार्य राज कर्मचारी होने के कारण कर्ण को ब्रह्मास्त्र की शिक्षा न देने हेतु विवश थे परंतु परशुराम के लिये ऐसी कोई विवशता नहीं थी फिर उन्होंने अपने आश्रम में शिक्षा के लिये ब्राह्मण होने की अनिवार्यता की शर्त क्यों रखी जिसके कारण कर्ण को असत्य भाषण कर उनके आश्रम में प्रवेश लेना पड़ा। इसका उत्तर महाभारत के शांति पर्व में मिलता है, जब कर्ण ने गुरु द्रोणाचार्य से ब्रह्मास्त्र की शिक्षा देने की प्रार्थना की तब द्रोणाचार्य द्वारा उसे कहा गया कि ब्रह्मास्त्र की शिक्षा शास्त्रोक्त विधि से ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने वाले को ही देने का विधान है। इस व्रत के विधानों का तत्कालीन समय में ब्राह्मण और क्षत्रिय द्वारा और विशेष रूप से ब्राह्मण द्वारा तो अनिवार्य रूप से पालन किया जाता था एवं इसी वर्ण के नियत कर्तव्य सर्वाधिक कठिन थे।

# इस पर्व पर व्यक्ति -व्यष्टि से समष्टि बनने की प्रेरणा लेता

## 19 अप्रैल, अक्षय तृतीया पर विशेष

सनातन धर्म में अक्षय तृतीया का बहुत महत्व होता है। इस दिन मां लक्ष्मी की विशेष पूजा आराधना करने पर घर खुशियों और धन-दौलत से भर जाता है। अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन किसी विशेष विचार किए कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य किए जा सकते है। जिनके सामान्य लग्न नहीं मिले बनते, वे भी इस दिन विवाह कर सकते है। अबूझ मुहूर्त में समय स्वयं सिद्ध मुहूर्त शुभ माना जाता है। यूँ कहे कि अक्षय का अर्थ है-- जिसका क्षय न हो इसलिए इस दिन किए गए जप, तप, पूजा और सत्कर्म का फल स्थायी माना जाता है। 19 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे से इसका मुहूर्त प्रारंभ होता है । स्वयं सिद्ध मुहूर्त में पूरे दिन सोना, चांदी, वाहन या संपत्ति की खरीदारी की जा सकती है। इसके लिए कोई विशेष समय देखने की आवश्यकता नहीं होती । इस दिन नमक खरीदने से घर की द्ररिद्रता और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है । इस दिन नमक दान करने से परिवार में सुख शांति बनी रहती हैं। यह पवित्र दिन होने के कारण , इस दिन तामसिक प्रवृत्ति की चीजों का सेवन करने से वंचित रहना चाहिए। इस दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ और त्रैतायुग का आरंभ हुआ। इस दिन दिया गया दान अक्षय रहता है , जबकि पाप-पुण्य दोनों का फल भोगना पड़ता है। जलघर व फल दान का विशेष विधान है। शुन्य कार्यों पर विशेष जोर इस दिन किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार इसदिन किसी भी नए काम करने की शुरूआत करने से सम?द्धि आती है।पुराणों में उल्लेख है, कि अक्षय तृतीया के दिन गंगा माँ स्वर्ग से मृत्युलोक में अवतरित हुई थी । धार्मिक मान्यता है , कि सत्य त्रैता ओर द्वापर युग इन सभी की शुरूआत अक्षय तृतीया के दिन से हुई थी। वैदिक शास्त्रों के अनुसार अक्षय तृतीया एक अत्यंत शुभ अवसर माना जाता है । इस दिन कोई भी शुभ कार्य किया जाता है। इससे जुडी. कई कहानियाँ जो सनातन धर्म और जैन धर्म से जुड़ी हुई है । अक्षय तृतीया जैन धर्म में अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक दिन माना गया है। यह प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) की तपस्या और उनके प्रथम आहार की याद दिलाता है। जैन धर्म के अनुसार इस दिन को वषी?तप तप के पारणे से जोड़ा गया है । पालीताणा और हस्तिनापुर की कहानी भी इस दिन से जुड़ी हुई है।



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

एक कथा है-- कि एक बार पांचों पाडव और उनकी पत्नी द्रोपदी अज्ञातवास में थे। उन्हे ऋषि दुर्वासा संदेश भिजवाया कि वे भोजन करने आ रहे है। पांडवों के पास ऋषि को भोजन कराने के लिए अन्न का एक दाना भी नहीं' था। द्रोपदी ने भगवान श्रीकृष्ण से इस समस्या के समाधान के लिए प्रार्थना की। श्रीकृष्ण वहाँ आए। उन्होंने देखा कि भोजन पात्र में चावल का एक दाना है। उन्होंने उस दाने को उठाकर खा लिया और वह पात्र अक्षय पात्र बन गया। अक्षय अर्थात 'वह, जिसका कभी क्षय नहीं होता। जब ऋषि दुवार्सा शिष्यों के साथ भोजन के लिए आए, द्रोपदी ने उसी अक्षय पात्र से सभी को भोजन कराया। वे पात्र से जितना भोजन निकालती, उससे उतना ही ओर भर जाता था। अक्षय पात्र वह व्यक्ति होता है, जो दान देने में उदार होता है, और हमेशा दूसरों की सहायता करता है। इस संबंध में सुदामा और श्री कृष्ण की मित्रता की कहानी विख्यात थी। सुदामा श्रीकृष्ण को चावल दिए कृष्ण ने प्रेम से उन्हें खाए और जब सुदामा घर पहुंचे तो उनका घर धन-धान्य से भरा हुआ था।

## धर्म-आस्था

# अक्षय तृतीया: अक्षय पुण्य, आस्था और समृद्धि का पावन पर्व

भारतीय सनातन परंपरा में कुछ तिथियाँ ऐसी होती हैं, जिनका महत्व केवल कैलेंडर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वे जीवन के हर आयाम को स्पर्श करती हैं। अक्षय तृतीया ऐसी ही एक पावन तिथि है, जो श्रद्धा, विश्वास और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को आने वाला यह पर्व इस वर्ष 19 अप्रैल, रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन को इतना शुभ माना गया है कि किसी भी मांगलिक कार्य के लिए अलग से मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

अक्षय शब्द का अर्थ है-जो कभी क्षय न हो, जिसका नाश न हो। यही कारण है कि इस दिन किए गए पुण्य कार्यों का फल भी अक्षय माना जाता है। स्नान, दान, जप, तप, पूजन या कोई भी शुभ कर्म इस दिन विशेष फलदायी होता है और उसका प्रभाव जीवनभर बना रहता है।

अक्षय तृतीया के अवसर पर सोना खरीदने की परंपरा विशेष रूप से प्रचलित है। इसके पीछे केवल सामाजिक प्रचलन ही नहीं, बल्कि गहरा धार्मिक और सांस्कृतिक आधार भी है। सनातन धर्म में माता लक्ष्मी को धन, वैभव और ऐश्वर्य की अधिष्ठात्री देवी माना गया है। सोना, चांदी, भूमि और संपत्ति को उनके स्वरूप के रूप में देखा जाता है। ऐसे में इस दिन सोना खरीदना, घर में स्थायी समृद्धि और लक्ष्मी कृपा का स्वागत करने के समान माना जाता है।



सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि स्थिरता और सुरक्षा का प्रतीक भी है। प्राचीन समय से ही इसे संचित संपत्ति के रूप में देखा गया है, जो विपरीत परिस्थितियों में सहारा बनती है। विवाह जैसे शुभ अवसरों पर दिया जाने वाला स्त्रीधन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यही कारण है कि अक्षय तृतीया और धनतेरस जैसे पर्वों पर सोना खरीदने की परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है।

हालाँकि वर्तमान समय में बढ़ती कीमतों के कारण हर व्यक्ति के लिए सोना खरीदना संभव नहीं हो पाता। ऐसे में यह समझना आवश्यक है कि अक्षय तृतीया का मूल भाव केवल सोना खरीदना नहीं, बल्कि शुभता और समृद्धि को जीवन में आमंत्रित करना है। यदि सामर्थ्य सीमित हो, तो चांदी, पीतल या तांबे की वस्तुएँ भी खरीदी जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त साबुत धनिया, गोमती चक्र, झाड़ू या श्रीयंत्र जैसी वस्तुएँ भी धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ मानी जाती हैं और माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने का माध्यम बनती हैं।

इस पर्व का एक महत्वपूर्ण संदेश यह भी है कि वास्तविक समृद्धि केवल भौतिक वस्तुओं से नहीं आती, बल्कि अच्छे कर्मों, सकारात्मक सोच और संतुलित जीवन से प्राप्त होती है। यदि इस दिन हम किसी जरूरतमंद की सहायता करते हैं, दान देते हैं या किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करते हैं, तो वही सबसे बड़ा पुण्य और सबसे स्थायी निवेश होता है।

आज के भौतिकवादी युग में जहाँ हर चीज को लाभ-हानि के तराजू पर तौला जाता है, वहाँ अक्षय तृतीया हमें यह सिखाती है कि जीवन में कुछ मूल्य ऐसे भी हैं, जो अमूल्य होते हैं-जैसे आस्था, विश्वास और परोपकार। यह पर्व हमें अपने भीतर झांकने और यह समझने का अवसर देता है कि सच्ची समृद्धि हमारे विचारों और कर्मों में बसती है।

अतः अक्षय तृतीया केवल सोना खरीदने का अवसर नहीं, बल्कि अपने जीवन को अक्षय मूल्यों से भरने का पर्व है। इस दिन किया गया हर शुभ प्रयास, हर सकारात्मक संकल्प और हर सच्चा कर्म हमारे जीवन को उज्ज्वल और समृद्ध बनाता है। यही इस पावन तिथि का वास्तविक संदेश है-अक्षय पुण्य, अक्षय विश्वास और अक्षय सुख की कामना।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,53,300, रवा- 1,53,200 चांदी- टंच- 2,45,500 पाट- 2,45,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## जिला सहकारी बैंक शाखा महिदपुर की संस्थाओं में शिविर का आयोजन किया

**महिदपुर** । प्रधान कार्यालय उज्जैन बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशेष श्रीवास्तव के निर्देशानुसार बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में नए सदस्य जोड़ने के अभियान अंतर्गत शाखा महिदपुर की संस्था भीमाखेड़ा, बैजनाथ ,सेमलिया, चितावद, आक्या धांगा, शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नीरज शर्मा शाखा प्रबंधक द्वारा सदस्यता अभियान के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया इसका प्रमुख उद्देश्य संस्थाओं के सभी पात्र गैर सदस्य किसानों को फैक्स से जोड़ना है ताकि उन्हें संस्थागत ऋण कृषि सेवाओं एवं सहकारी सुविधा का लाभ प्राप्त हो सके। इस अभियान के माध्यम से छोटे सीमांत, महिला एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के किसानों को सहकारी साख संरचना से जोड़ा जा सके। शिविर में मुख्य रूप से प्रकाश शर्मा ,भेरूलाल गहलोत पर्यवेक्षक, माणकलाल शर्मा, राजेंद्र सिंह एवं संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

## महिदपुर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े का शुभारंभ



**महिदपुर।** शासकीय महाविद्यालय, महिदपुर में 13 अप्रैल 2026 को नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा (10 से 25 अप्रैल) का शुभारंभ दिल्ली में आयोजित सम्मेलन के सीधे प्रसारण के साथ किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन ने महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया॥ इसके बाद महिला उद्यमियों के साथ व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. पी.एस. पटेल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि महक सोनी व टीशा सोनी ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जाकिरुद्दीन अहिंगर ने की, संचालन डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने किया एवं आभार डॉ. नैना तिवारी ने माना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## महिला कांग्रेस सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत स्वागत



**जगोटी।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संगीता कांकरिया के उज्जैन आगमन पर महिला कांग्रेस नेता सीमा पटेल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर लीला बाई चौहान, श्यामु बाई, रेखा कुशवाह, सोनमजितेंद्र, आशा जी ज्योति चौहान, रश्मि त्रिवेदी सोनिया ठाकुर, ऊषा मालवीय, अंजली चौहान, भावना सोलंकी, रेखा कुशवाह, शमा पाटीदार संगीता राजपूत, अंजू बैरागी, शालिनी शर्माआदि ने स्वागत किया उपरोक्त जानकारी रेखा कुशवाह ने दी ।

## पंचकोशी यात्रा पूर्ण कर लौटी महिला श्रद्धालुओं का किया सम्मान



**महिदपुर रोड।** ग्राम सगवाली से पिछले दिनों उज्जैन में आयोजित पंचकोशी यात्रा में शामिल होकर वापस अपने गांव लौटी राजपूत समाज की क्षत्राणियों का ग्राम पंचायत, राजस्व विभाग ,शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, तथा ग्रामीणों की और से संयुक्त रूप से आयोजित कार्य क्रम में पुष्प माला पहना कर सम्मान किया गया इस दौरान सरपंच सचिव , सहायक सचिव एवं पटवारी आयुष्मान चिकित्सक प्रधानध्यापक आंगनवाडी कार्य कर्ता ग्राम कोटवार आदि ने आत्मीय स्वागत किया

## 5773 किसानों ने समर्थन मूल्य पर 2 लाख 33 हजार एक सौ 43 क्विंटल गेहूं तोला

महिदपुर। महिदपुर विधानसभा क्षेत्र के 32 खरीदी केन्द्रो पर 2 लाख 33 हजार 143 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। अभी छोटे किसानों के स्लॉट ही बुक हो रहे है। मध्यम व बड़े किसानों की खरीदी छोटे किसानों की खरीदी के बाद होगी।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

बच्चों की लड़ाई दो पक्षों के बीच सांप्रदायिक तनाव में बदली

# दूल्हा सहित सकल हिंदू समाज ने थाने के सामने किया धरना प्रदर्शन

### पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की व सड़क पर लगाया चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर का अतिसंवेदनशील क्षेत्र मातामंड मोहल्ले में बच्चों की लड़ाई दो पक्षों के बीच सांप्रदायिक तनाव में बदल गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच पथराव हो गया जिसमें एक व्यक्ति के घायल होने की खबर है।

मातामंड के समीप राकेश धनगर की शादी का प्रोग्राम चल रहा था तभी गैर हिंदू समाज के कुछ लोगों ने पथराव कर दिया हिंदू समाज के लोग अपना पक्ष रखने के लिए 2 घंटे तक सिटी थाने में इंतजार करते रहे लेकिन सिटी पुलिस थाने में उनकी एक ना सुनी दूल्हे सहित सकल हिंदू समाज के सैकड़ो



लोगों ने आज सिटी पुलिस थाने के सामने पुराना एबी रोड पर धरना प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और सड़क पर चक्काजाम कर दिया। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद भाजपा के कार्यकताओं और हिंदू संगठन के लोगों को सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करना पड़ा। सत्ता में बैठे लोगों की जब प्रशासन ही नहीं सुन रहा तो आम लोगों की क्या हालत हो रही होगी इसका अंदाजा बड़ी ही आसानी से लगाया जा सकता है। उधर रेलवे तिराहे पर श्री यादव अपने परिवार के साथ आ रहे थे तो उन्हें रोककर एक व्यक्ति ने उनके साथ मारपीट कर दिया पुलिस हमलावर को बचाने का प्रयास कर रही आदि कई मुद्दों को लेकर घंटो प्रदर्शन किया गया। आसपास के विभिन्न थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाले रखा एडिशनल एसपी श्री बंजारे और एसडीओपी प्रकाश शर्मा भी घटनास्थल पर मौजूद रहे।

आरोपों से घिरी सीएमएचओ को लोकायुक्त ने किया ट्रेप

# 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते अपने निवास पर रंगे हाथों पकड़ी गई

### सोनोग्राफी सेंटर संचालक से बकाया 20 हजार रु लेते भोपाल लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथ दबोचा

अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

राजगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़ शोभा पटेल ने सुविधा डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक हरिओम अहीरवाल से 50 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी जिसमे से 30 हजार रुपए एडवांस देकर बकाया 20 हजार रुपए देने के लिए लोकयुक्त टीम के साथ आज शिकायतकर्ता पहुंचा था सुविधा डायग्नोस्टिक



सेंटर के रिनीवल करने के ऐवज में 50 हजार रुपए रिश्वत की मां की थी। लंबे समय से विभाग में अनियमितता की शिकायते आ रही थी।

भोपाल लोकायुक्त डीएसपी वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उक्त कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सीएमएचओ का तबियत बिगड़ी गई जिसका चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया आरोपी सीएमएचओ के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा-7 के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

## दो युवतियों की संदिग्ध मौत सिविल अस्पताल में पीएम उपरांत मर्ग कायम किया

**शुजालपुर।** शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में युवतियों की मौत हो गई। ग्राम बागनखेड़ी में 16 वर्षीय संजना परमार ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसे अस्पताल ले जाने पर तड़के 3.38 बजे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं ग्राम कड़वाला की 20 वर्षीय पूजा पुरविया को उल्टी, पेट दर्द के बाद सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों मामलों में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस ने शव का परीक्षण सिविल अस्पताल शुजालपुर में करवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

## निशुल्क नेत्र शिविर में 115 लोगों का नेत्र परीक्षण किया

**तनोडिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सामूहिक हनुमान चालीसा वितरण एवं पाठ जल बचाने की शपथ/जन जागरूकता की गतिविधियां शुक्रवार को नवांकुर संस्था तनोडिया ग्राम विकास जनकल्याण समिति के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आदर्श ग्राम तनोडिया के माध्यम से जन जागरूकता की गई,एवं ग्रामीण जनों को पानी के महत्व ओर इस अभियान के अंतर्गत हमे क्या क्या करना है उसके प्रति प्रेरित कर जागरूकता का संदेश दिया गया। एवं पानी बचाने की शपथ दिलाई गई । इसके पूर्व हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर हनुमान चालीसा वितरण भी किया गया। इस अवसर पर केसरिया हिंदू वाहिनी सनातन कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्री 108श्री महंत जितेंद्र दास जी महाराज की अध्यक्षता एवं केसरिया हिंदू वाहिनी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा ठाकुर के मुख्य अतिथि की उपस्थिति में तनोडिया ग्राम विकास जन कल्याण समिति द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें लगभग 115 लोगों का नेत्र परीक्षण मां लाल माता मंदिर परिसर में किया गया। निःशुल्क चश्मा वितरण भी किया गया। तथा चयनित मोतियाबिंद मरीज को ऑपरेशन के लिए शंकर आई हॉस्पिटल इंदौर भेजा गया। जहां उनका बड़ी मशीनों से निशुल्क जांच कर उपचार कर ऑपरेशन किया जाएगा। जहां समस्त मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। भोजन व्यवस्था भी निशुल्क रहेगी। दवाई उपचार एवं काला चश्मा आदि संपूर्ण ऑपरेशन की व्यवस्था भी निशुल्क रहेगी। इसके पश्चात उन्हें वापस शिविर स्थल मां लाल माता मंदिर परिसर पर छोड़ा जाएगा।

## छात्र जीवन में ज्ञान का आकलन करती है परीक्षा, कार्य कुशलता और सोच का नहीं- सर्वेश कुमार घौंसले

**तनोडिया।** मध्यप्रदेश शिक्षा बोर्ड के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के परिणाम घोषित हो चुके हैं। कई बच्चों के परीक्षा परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं आए हैं तो कहना चाहूंगा उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है प्रत्येक के छात्र जीवन में आगे बढ़ाने के कई रास्ते खुले हुए हैं क्योंकि आपकी जिंदगी सिर्फ इसी परीक्षा से ही तय नहीं होती छात्रों के हित में यह विचार साझा करते हुए। प्रयास एक कोशिश के संचालक सर्वेश कुमार घौंसले ने संवाददाता से विचार साझा करते हुए कही, उन्होंने यह भी कहा परीक्षा परिणाम के नंबर ही तय नहीं करेंगा। आपका भविष्य, आपका नजरिया तय करेगा कि आपका भविष्य कैसा बने। बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणाम को लेकर श्री घौंसले ने बताया उन छात्र-छात्राओं को निराश होने की आवश्यकता नहीं है जिन्हें अपेक्षा से कम नंबर मिले हैं। और जिन्हें अच्छे नंबर मिले हैं उन्हें विनम्र रह आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। अभिभावकों को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों का उत्साह वर्धन करें, जो प्राप्त है वह पर्याप्त है कहकर उनका मनोबल बढ़ाएं। स्थानीय हायर सेकंडरी स्कूल 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में टेलरिंग का काम करने वाले बंसीलाल टेलर की बेटी पायल 92 .4% प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। और कक्षा 10 वीं में अत्यंत निर्धन श्रमिक ईश्वर लाल (सुमराखेड़ी) के पुत्र सतीश सूर्यवंशी ने 91.4%अंक प्राप्त किए। जो उन सर्वसुविधायुक्त लोगों को संदेश है कि सफलता साधनों की मोहताज नहीं,उसके लिए जुनून ओर जज्बा चाहिए। मुझे उसकी मेहनत और पढ़ाई पर अत्यंत हर्ष है और गर्व भी बिटिया और बेटे के उज्जवल भविष्य के कामना करता है। अभिभावकों से विनम्र अनुरोध है कि अपने बच्चों का उत्साह वर्धन करें मनोबल न तोड़े।

## झारड़ा के बृजेश पोरवाल ने 83 प्रतिशत अंक हासिल कर किया टॉप

**महिदपुर ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित



हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झारड़ा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय का परिणाम 93.3% एवं कला संकाय का परिणाम 72.5% रहा। विज्ञान संकाय में छात्र बृजेश पोरवाल (सेठिया), पिता जगदीशचंद्र पोरवाल ने 83% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया और नगर का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस सहित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, विद्यालय स्टाफ व समाजजनों ने बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ध्रुवील सोनी ने सीबीएसई कक्षा 10वीं में प्राप्त किए 88 फीसदी अंक



**सारंगपुर।** सारंगपुर के वरिष्ठ समाजसेवी यसवंत सोनी के पोत्र ध्रुवील सोनी ने नगर का गौरव बढाते हुए सीबीएसई की कक्षा 10 वीं परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। छात्र सोनी ने परीक्षा को 88 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है। छात्र की उपलब्धि पर नगरवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष कुमेन्द्र सिंह देवड़ा पिता श्री नागेन्द्र सिंह देवड़ा एवं श्रीमती राशी सोनी पति श्री कुमेन्द्र सिंह देवड़ा निवासीगण-बी 21/18, महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन क्रमांक 1/28 जी (तल मंजिल) श्रेणी एम.आय.जी. सेकण्ड, जिसका कुल क्षेत्रफल 106.50 वर्गमीटर स्थित उज्जैन विकास प्राधिकरण की जवाहरनगर, आवासीय योजना, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-भवन क्रमांक 1/12 जी, एम आय जी सेकण्ड, पश्चिम में-9.00 मीटर चैड़ी सड़क, उ×ार में-गली एवं दक्षिण में-भवन क्रमांक 1/29 जी, एम आय जी सेकण्ड है, को बंधक रखकर ऋण सुविधा की मांग की गयी है, उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंध दस्तावेज निम्नानुसार हैं लीजडीड/विक्रय विलेख दस्तावेज क्रमांक 353 दिनांक 24.04.2006, पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक MP432022022A11130516 दिनांक 14.11.2022, लीज डीड नवीनीकरण दस्तावेज क्रमांक MP432022024A1847082 दिनांक 02.07.2024 उक्त दस्तावेज में से लीज डीड नवीनीकरण दस्तावेज क्रमांक MP432022024A1847082 दिनांक 02.07.2024 कहीं गुम होना बताया है, तथा उक्त दस्तावेज की प्रमाणित प्रति प्रदान की गई है, उक्त दस्तावेज का कहीं दुरूपयोग नहीं किया जाना अथवा उक्त दस्तावेज कहीं बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक नहीं किया जाना शपथ पर कथन किया है । उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबधं में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो ।

दिनांकः-17.04.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर-9827228461**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड तीन बत्ती चौराहा फ्रिंगज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन वर्तमान क्रमांक 135 पुराना क्रमांक 117 स्थित ग्राम गोगापुर प.ह.न. 6/14 तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 92.81 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में - भवन रमेश का, पश्चिम में - भवन रतनलाल का, उत्तर मे- पंचायत गली, दक्षिण मे- आम रास्ता स्थित है। उक्त सम्पत्ति पप्पु शाह उर्फ पप्पु अली पिता श्री रमजानी को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है तथा पप्पु शाह उर्फ पप्पु अली के द्वारा उक्त संपत्ति को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP43162023A11508559 दिनांक 22/02/2023 के माध्यम से श्रीमति सायरा बाई पति श्री ईश्वरलाल को विक्रय कि है। तथा श्रीमति सायरा बाई के द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेरें पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढ़ी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरें कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

## 25 विद्यार्थियों में से 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में

**तराना।** घोषित हाई स्कूल के परिणाम में अभिज्ञान हाई स्कूल ने 95.6% शानदार सफलता प्राप्त कर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया। विद्यालय के 25 विद्यार्थियों में से 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 2 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।मेधावी छात्राएँ प्रथम स्थान गरिमा (विकास त्रिवेदी) 90.6%, ,द्वितीय स्थान आलिमा (इजराइल मेव) 86.2%तृतीय स्थान इरम (नाहरु खान) 85.6% उसके साथ ही विद्यालय के स्पोर्ट्स टीचर को सांसद खेल समारोह के अंतर्गत शील्ड और ट्रैकसूट से सम्मानित किया गया इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण,प्राचार्य दिनेश हरड़ एवं समिति के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए समस्त विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जाहिर सूचना
### उपनाम/सरनेम परिवर्तन करने हेतु

सर्वसाधारण को सूचित करने में आता है कि मेरा नाम राजदीपक सिंह कटियार पिता श्री भगवान स्वरूप कटियार, मेरे आधार कार्ड, पेनकार्य, निर्वाचन परिचय पत्र, माध्यमिक शिक्षा मण्डल की अंकसूची एवं विक्रम विश्वविद्यालय की अंकसूचियों में उपरोक्त नाम दर्ज है। माता-पिता का पारिवारिक विवाद होने से प्रार्थी के पिता ने कई वर्षो से मुझे छोड़ दिया है, अब प्रार्थी अपनी माता के नाम के उपनाम का उपयोग करना चाहता है, अब मेरा नाम राजदीपक सिंह चौहान हो गया है तथा मैं अब इसी नाम से भविष्य में भी जाना व पहचाना जाऊगा। मैं अब शासकीय दस्तावेजो में व अंकसूचियो में राजदीपक सिंह चौहान के नाम को अंकित कराना चाहता हूँ। इस सम्बन्ध में मैंने कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है। सूचित हो। दिनांक 18/04/2026

**राजदीपक सिंह चौहान**
**निवासी-101, डिवाईन सिटी, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.)**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान म्यु. क्रमांक 136 का दक्षिण दिशा वाला भाग जिसका नया नगर पालिक निगम क्रमांक 136/1 स्थित कमरी मार्ग, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 34.27 वर्गमीटर है, जो तीन मंजिला पक्का आर.सी. सी. का निर्मित होकर उसके पूर्व दिशा मे मकान नम्बर 9, पश्चिम दिशा में कमरी मार्ग, उत्तर दिशा मे मकान नम्बर 36 का शेष भाग अकबरअली पिता फखरूद्दीन का एवं दक्षिण दिशा मे - मकान श्री कन्हैयालालजी का है को कुतुबुद्दीन अत्तार पिता श्री नजर हुसैन अत्तार, निवासी 98, मोहम्मदपुरा बाखल, कमरी मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 18-04-2026 स्थान उज्जैन

**दिलीप कुमार जैन एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मोबाईल नम्बरः 94250 92749**

## सात निजी उर्वरक विक्रेताओं के लायसेंस निलंबित

**शाजापुर।** शासन द्वारा प्रदेश में उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सुगमतापूर्वक प्रदान करने के लिए ई-विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली प्रारंभ की गई है। शासन द्वारा 01 अप्रैल 2026 से जिले में शतप्रतिशत उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में उप संचालक कृषि द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर निजी उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन भी किया गया है। जिले में 16 निजी विक्रेताओं को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किए गए थे, जिसमें से 7 निजी उर्वरक विक्रेताओं जिनमें मेसर्स जय बाबारी कृषि सेवा केन्द्र, सिंगाजी कृषि फार्म मो.बडोदिया, फर्टिलाइजर जंक्शन शुजालपुर, देव कृपा कृषि सेवा केन्द्र कालापीपल, श्री सांवरिया कृषि सेवा केन्द्र मो.बडोदिया, कनिष्का एग्रो सेल्स मो.बडोदिया, जामलिया ट्रेडर्स ग्राम मोहना को ई-विकास प्रणाली का पालन नहीं कर उर्वरक वितरण करने एवं शासन के निर्देशों की अवहैलना करने तथा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर उक्त फर्मों को जारी फुटकर प्राधिकार पत्र निलंबित किए गए हैं।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकारगण श्रीमती चंदाबाई पति स्व. मांगीलाल जाट एवं दीपक जाट व राहुल जाट पुत्रगण स्व. मागीलाल जाट निवासीगण, ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन एवं दाखाबाई पति बालकिशन जाट निवासी वार्ड क्रमांक 6 दिलावरा गुजरदा मंदसौर के संयुक्त भूमिस्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 143/1/1/1 रकबा 4.964 हे0 है। उक्त भूमि में से रकबा 2.286 हे0 का धोखाधड़ी से कुटरचित विक्रय पत्र दिनांकित 03-02-2025 मेरे पक्षकारगण को बगैर प्रतिफल राशि दिए नवोदय डेवलपर्स एण्ड बिल्डर्स. के भागीदार चेतन केलवानी पिता स्व. मेघराजमल केलवानी, निवासी 130, संतराम सिंधी कालोनी उज्जैन, और संजय बापना पिता स्व. प्रेमचंद बापना निवासी 85 संत नगर सांवेर रोड़ उज्जैन द्वारा करवा लिया गया है। उक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकारगण के साथ हुई उक्त धोखाधड़ी के लिए मेरे पक्षकार के द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखित में पुलिस थाना पंवासा एवं पुलिस अधिक्षक उज्जैन को दे दी गई है और धोखाधड़ी करके करवाए गए विक्रय पत्र 03-02-2025 को शुन्य घोषित करवाए जाने हेतु भी वाद न्यायालय तृतीय अपर जिला न्यायाधीश महोदय उज्जैन के समक्ष प्रकरण क्रमांक आरसीएसए/176/2026 पर प्रस्तुत कर दिया गया है जिसको न्यायालय द्वारा संज्ञान में लिया जा चुका है। नवोदय डेवलपर्स एण्ड बिल्डर्स के भागीदारो द्वारा उक्त भूमि पर करवाए गए नामातंरण को भी निरस्त करवाए जाने के संबंध में मेरे पक्षकारगण द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महोदय, जिला उज्जैन के समक्ष प्रकरण क्रमांक 0002 / अपील / 2026-24 पर अपील प्रस्तुत की गई है जिसमें अनुविभागीय अधिकारी महोदय जिला उज्जैन द्वारा दिनांक 07-04-2026 को आदेश पारित कर उक्त भूमि पर यथास्थिति रखे जाने हेतु रजिस्ट्रार महोदय, को पत्र जारी किया गया है। इसके बावजुद भी उक्त भागीदार उक्त भूमि को अन्तरित किए जाने का प्रयास कर रहे है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में नवोदय डेवलपर्स एण्ड बिल्डर्स के भागीदारो से कोई भी व्यक्ति, क्रय, विक्रय, अनुबंधित या अन्य प्रकार से हस्तांतरण ग्रहण करने का प्रयास न करे व ना ही कोई शासकीय अर्धशासकीय बैंक, संस्था, पेढी, निकाय किसी तरह का ऋण अदा न करे एवं किसी प्रकार का कोई लेन-देन न करे अन्यथा होने वाली परेशानियो व परिणामो का उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा व ऐसा हस्तांतरण व्यवहार व लेन-देन विलेख शुन्यवत होगा। सो सूचित हो।

**राजपाल सिंह बैस (एडवोकेट)**
**बी.एस.सी. एल.एल.एम कार्यालयः- 25-ए मोहन नगर, उज्जैन**
**मो.-098277-35354**

## नारी सशक्तिकरण की अलखः महाविद्यालय में निबंध

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को महिला सशक्तिकरण विषय पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम विज्ञान भवन स्थित कंप्यूटर लैब में दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि एवं निर्णायक डॉ. अर्चना गावंडे ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। विशेष अतिथि डॉ. पूजा सांखला ने स्वच्छता एवं हाइजिन पर मार्गदर्शन दिया, जबकि संगीता सोनी ने महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता पर विचार रखे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति कौशल, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समानता के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रीतम सिंह परमार और उमेश पांडेय का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी ने नारी सशक्तिकरण का संदेश समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## गोरस्वामी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 को

**शुजालपुर।** दस नाम गोरस्वामी समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा आगामी 20 अप्रैल सोमवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ग्राम राणोगंज शुजालपुर में संपन्न होगा। समिति अनुसार सम्मेलन प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित रहेगा। आयोजन में समाज के अनेक जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। समिति ने समाज के सभी गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर नवविवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद देने का आग्रह किया है। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि आयोजन सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से संपन्न हो सके।

## सोमवार को भी बंद रहेगी मंडी

**शुजालपुर।** कृषि उपज मंडी शुजालपुर में आगामी दो दिनों तक अवकाश रहने की जानकारी मंडी प्रशासन द्वारा जारी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल रविवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते मंडी बंद रहेगी। इसके साथ ही 20 अप्रैल सोमवार को भगवान परशुराम जयंती अक्षय तृतीया के अवसर पर भी मंडी में अवकाश घोषित किया गया है। इस दौरान मंडी में किसी प्रकार की खरीद-फरोख्त नहीं होगी। मंडी प्रशासन ने किसानों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे अपनी उपज लाने और व्यापारिक गतिविधियों की योजना उक्त अवकाश को ध्यान में रखते हुए बनाएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही मंडी में प्रवेश पत्र जारी कराने के लिए आधार नंबर अनिवार्य होने की सूचना भी दी गई है।

## बस की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**शाजापुर।** जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में बस की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मोहन बड़ोदिया निवासी 21 वर्षीय छोटू पिता ओंकारसिंह अपनी पत्नी और एक छोटी बच्ची के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान शनिवार सुबह करीब 11 बजे ग्राम मांगलिया जोड़ के पास सामने से आ रही बस ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे छोटू घायल हो गया। गनीमत रही कि पत्नी और बच्ची को चोंटे नही आईं। घायल युवक को उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद छोटू को शाजापुर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया, जहां युवक का इलाज जारी है।

## शाजापुर के काम से गदगद हुए सीएम यादव, संकल्प से समाधान में थपथपाई पीठ

**शाजापुर।** प्रदेश में संकल्प से समाधान अभियान के तहत हुए कार्यों में शाजापुर जिले ने शानदार प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जब प्रदेशभर के कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की, तो शाजापुर के काम की खुलकर तारीफ की। मंत्रालय से ली गई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान, गेहूं उपार्जन और प्रदेश में एलपीजी गैस की उपलब्धता जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की और जरूरी निर्देश दिए। इसी दौरान शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना ने जिले में पूर्ण हो चुके संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति रिपोर्ट सीएम के सामने रखी। जिले के बेहतरीन नतीजों को देखकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाजापुर प्रशासन की सराहना की। इस महत्वपूर्ण वीसी में शाजापुर एनआईसी कक्ष से जिला पंचायत सीईओ अनुपमा चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

## पक्षियों के लिए लगाए मिट्टी के सकोरे

**शाजापुर।** वैशाख मास की अमावस्या पर पक्षियों की सेवा के भाव से मिट्टी के बने सकोरे नगर के दुपाड़ा रोड़ क्षेत्र में सिद्धार्थ नगर स्थित गणेश मंदिर परिसर के वृक्षों पर स्थापित कर, वहां निवासरत परिवार में भी वितरण किए गए।

# संवादहीनता पर भारी पड़ा न्याय, मूक-बधिर दंपति के पारिवारिक विवाद का सांकेतिक भाषा से हुआ सुखद अंत

### शाजापुर एडीआर सेंटर में मध्यस्थता बनी समाधान की राह, कृषि आय और संसाधनों के बंटवारे पर बनी सहमति

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



अक्सर पारिवारिक विवाद कोर्ट-कचहरी के लंबे चक्करों और कड़वाहट में उलझ कर रह जाते हैं, लेकिन शाजापुर में मध्यस्थता ने एक नई और सुखद मिसाल पेश की है। यहां एक मूक-बधिर (वाक एवं श्रवण बाधित) दम्पत्ति के जटिल पारिवारिक विवाद को सांकेतिक भाषा और आपसी संवाद के जरिए हमेशा के लिए सुलझा लिया गया। इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अगर सुलह की इच्छाशक्ति हो, तो न तो कोई शारीरिक बाधा और न ही आपसी मनमुटाव न्याय के आड़े आ सकता है। यह पूरी कार्रवाई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाजापुर के तत्वावधान में वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र एडीआर भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। प्राधिकरण के अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन और सचिव नमिता बौरासी एवं डी.एल.ए.ओ. शिखा शर्मा के निर्देशन में यह प्रकरण मध्यस्थता के लिए रखा गया था। विवाद आवेदक कपिल सोनलिया एवं उनकी पत्नी दीपिका कौरव तथा अनावेदक विष्णु प्रसाद सोनलिया व महेंद्र सोनलिया के बीच चल रहा था। चूंकि आवेदक पक्ष अपनी बात सामान्य रूप से कहने में असमर्थ था, इसलिए सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ अतुल राठौर और मध्यस्थ ज्ञानेंद्र पुरोहित की मदद ली गई। इन विशेषज्ञों ने दोनों पक्षों के बीच एक मजबूत संवाद सेतु का काम किया। मध्यस्थता बैठक में दोनों पक्षों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए कई अहम फैसले लिए। पूर्व में हुई बैठक की सहमति के अनुसार दम्पत्ति के निवास की विद्युत आपूर्ति पहले ही बहाल कर दी गई थी, जिससे उनके बीच विश्वास का माहौल बना। इसके बाद भविष्य में कृषि से होने वाली आय का दोनों पक्षों के बीच न्यायोचित बंटवारा करने, अनावेदक पक्ष द्वारा आवेदक दम्पत्ति को कृषि कार्य हेतु घास काटने की मशीन उपलब्ध कराने और सोलर पैनल से जुड़ी तकनीकी व व्यावहारिक समस्याओं का आपसी सहमति से समाधान करने पर रजामंदी बन गई। इस प्रकरण के शांतिपूर्ण निराकरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राधिकरण की सचिव नमिता बौरासी ने कहा कि शाजापुर में मध्यस्थता समाधान की एक नई राह बन रही है। यह मामला इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि आपसी संवाद से जटिल पारिवारिक मामले भी सुलझाए जा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे अपने विवादों के समाधान के लिए लंबी और खर्चीली न्यायालयीन प्रक्रिया में उलझने के बजाय मध्यस्थता और लोक अदालत जैसे वैकल्पिक उपायों का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

# पानी को लेकर विवाद, सरपंच प्रतिनिधि और ग्रामीणों में मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**



गर्मी की शुरुआत के साथ ही पानी को लेकर विवाद के मामले सामने आने लगे हैं। शाजापुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाईहेड़ा में पानी के नल और घर के सामने बैठने की बात को लेकर सरपंच प्रतिनिधि और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ यह विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। घटना के बाद दोनों गुटों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 17 अप्रैल की रात करीब 9 से 9.30 बजे के बीच की है। घटना के बाद पहले पक्ष की ओर से बाईहेड़ा निवासी 22 वर्षीय मनीष मालवीय अपनी मां गंगा बाई और भाई के साथ थाने पहुंचे। मनीष ने आरोप लगाया है कि सरपंच प्रतिनिधि कैलाश गोस्वामी और उनके बेटों ने उनके साथ गाली-गलौज की और लकड़ी व हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इस मारपीट में मनीष और उसकी मां को चोटें आई हैं। वहीं, इस मामले में दूसरे पक्ष की ओर से ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि 48 वर्षीय कैलाश गिरी गोस्वामी ने भी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि पानी के नल को लेकर हुए विवाद में राहुल मालवीय और उसके अन्य साथियों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।


**पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**संख्या : EL/TRD/58/2026-27/02**
**दिनांक : 15.04.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं : **निविदा क्रमांक** : EL/TRD/58/2026-27/02, **कार्य का नाम** : TRD work in connection with TJP Yard Remodeling with additional loop line under Simhastha 2028, **अनुमानित लागत** : ₹ 1,40,24,683/-, **बयाना राशिः** ₹ 2,80,500/-, **समापन अवधि** : 18 माह, **निविदा दस्तावेज की राशि** : Nil, **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय** : 11.05.2026 at 15:00 Hrs., **ऑफर की वैधता** : 60 days from the date of opening, **वेबसाईट : www.ireps.gov.in, नोटिस बोर्ड** : वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। ADM/8/1/003

Follow us on: twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**संख्या : EL/TRD/58/2025-26/21RT**
**दिनांक : 15.04.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं : **निविदा क्रमांक** : EL/TRD/58/2025-26/21RT, **कार्य का नाम** : TRD work in connection with BLAX Yard Remodeling with additional loop line under Simhastha 2028, **अनुमानित लागत** : ₹ 1,37,73,083/-, **बयाना राशिः** ₹ 2,75,500/-, **समापन अवधि** : 18 माह, **निविदा दस्तावेज की राशि** : Nil, **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय** : 14.05.2026 at 15:00 Hrs., **ऑफर की वैधता** : 60 days from the date of opening, **वेबसाईट : www.ireps.gov.in, नोटिस बोर्ड** : वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। ADM/8/1/004

Follow us on: twitter.com/WesternRly

**Western Railway - Ratlam Division**

**ENGINEERING DEPARTMENT : E-TENDERING NOTICE**

**Tender No: RTM-2026-27-37, Date : 08.04.2026,** Sr.DEN-Co/RTM acting for and on behalf of The President of India invites E-Tenders against Tender No RTM-2026-27-37 Closing Date/Time 04/05/2026 15:00 Hrs. Bidders will be able to submit their original/revised bids upto closing date and time only. Manual offers are not allowed against this tender, and any such manual offer received shall be ignored. :- **Sr. No. :** 1, **E-Tender No. :** RTM-2026-27-37, **Name of Work :** GDA-NAD section:- Hiring of pump for dewatering at RUBs, LCs/yard and RSW-DHD in mansoon season, **Advertised Value Rs. :** ₹ 3066052.92, **Earnest Money Rs :** ₹ 61400.00, **Date of Opening of Tender :** 04.05.2026. This tender complies with Public Procurement Policy (Make in India) Order 2017, dated 15/06/2017, issued by Department of Industrial Promotion and Policy, Ministry of Commerce, circulated vide Railway Board letter no. 2015/RS(G)/779/5 dated 03/08/2017 and 27/12/2017 and amendments/revisions thereof. As a Tender Inviting Authority, the undersigned has ensured that the issue of this tender does not violate provisions of GFR regarding procurement through GeM. ADM/5/1/541

Follow us on: twitter.com/WesternRly


# डिजिटल होगी 2027 की जनगणना, ऐप पर मकान गिनना सीख रहे 642 कर्मचारी, बरवाल गांव में की मॉक-ड्रिल

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

आगामी 2027 की जनगणना को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं। जनगणना निदेशालय भोपाल के निर्देश पर शाजापुर और मो. बड़ोदिया तहसील के 642 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण ए.बी. रोड स्थित इटरनल स्कूल ऑफ स्टडीज में जारी है। चूंकि इस बार डेटा डिजिटल रूप से दर्ज होना है, इसलिए शनिवार को प्रशिक्षण के दूसरे दिन कर्मचारियों ने बरवाल गांव में जाकर मोबाइल ऐप पर मकानों की गिनती का प्रैक्टिकल किया। 17 से 19 अप्रैल तक चलने वाले इस प्रथम चरण के प्रशिक्षण में शाजापुर तहसील के 59 पर्यवेक्षक व 315 प्रगणक तथा मो. बड़ोदिया के 39 पर्यवेक्षक व 229 प्रगणक शामिल हैं। फील्ड ट्रेनर्स द्वारा कर्मचारियों को प्रोजेक्टर और इंटरेक्टिव स्क्रीन के माध्यम से तकनीक की बारीकियां समझाई जा रही हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि फील्ड में डेटा कैसे फीड करना है और किन गलतियों से बचना है?

**गांव में किया एचएलओ ऐप का टेस्ट रन**

सिर्फ थ्योरी ही नहीं, बल्कि कर्मचारियों को फील्ड वर्क का भी अनुभव दिया जा रहा है। शनिवार दोपहर के सत्र में सभी प्रशिक्षणार्थियों को पास के ग्राम बरवाल ले जाया गया। यहां सभी ने एचएलओ ट्रेनिंग ऐप पर अपना टेस्ट लॉगिन किया। इसके बाद उन्होंने गांव के मकानों का सूचीकरण और उनकी गणना करके देखी, ताकि मुख्य अभियान के समय कोई तकनीकी दिक्कत न आए।

### एसडीएम और तहसीलदार ने लिया जायजा

इस महत्वपूर्ण ट्रेनिंग और फील्ड ड्रिल के दौरान राजस्व अमला भी मौके पर मुस्तैद नजर आया। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) मनीषा वास्कले और तहसीलदार सुनील पाटिल सहित चार्ज अधिकारियों व फील्ड ट्रेनर्स ने मौके पर मौजूद रहकर प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


**Vividh FIN Solutions**

अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है

जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।

**Vivek Sharma**
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain


## खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग का गुना में हुआ भव्य स्वागत

**गुना।** अल्पप्रवास पर शुक्रवार गुना पधारे मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का गुना बायपास पर भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंह सिकरवार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने गर्मजोशी के साथ उनका अभिनंदन किया। मंत्री श्री सारंग के आगमन पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा एवं जयकारों के साथ उनका स्वागत किया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। इस स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनीष कृष्णानी, शेरा राजावत, देवकीनंदन सोनी, सरदार रंजीत सिंह, सतेंद्र सिकरवार, मुनेश धाकड़, विकास राठौर, अमित जाट, जगदीश नामदेव, भूपेंद्र सोलंकी, रोहन सेन, प्रदीप कुशवाह सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री सारंग ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह स्नेह और समर्थन उन्हें प्रदेश के विकास के लिए और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

### विधायक जयवर्धन सिंह ने नवविवाहित जोड़ो का किया स्वागत

**गुना।** जिले के राघौगढ़कूंरूठियाई क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक एवं विवाह समारोहों में शनिवार को पूर्व मंत्री राघौगढ़ विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयवर्धन सिंह शामिल हुए और आत्मीय जनों से भेंट की। इस अवसर पर प्रजापति समाज द्वारा आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में उन्होंने नवविवाहित जोड़ो को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं एवं सभी से स्नेहपूर्ण संवाद किया।

# मनाई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तात्या टोपे की पुण्यतिथि

**दैनिक अवन्तिका » गुना**

क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिवीर तात्या टोपे की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार द्वारा उनके अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति एवं त्याग को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) किशन यादव ने की, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो ए. के. मुदगल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रभात चौधरी सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. निधीश कुमार, अध्यक्ष, योगानंद स्कूल ऑफ स्पिरिचुएलिटी एंड हैप्पीनेस, शूलिनी विश्वविद्यालय, सोलन (हिमाचल प्रदेश), डॉ. संबित भूषण, सहायक प्राध्यापक (योग), एल.एन.आई.पी.ई. विश्वविद्यालय, ग्वालियर तथा डॉ. रामा मिश्रा, सोलन की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए क्रांतिवीर तात्या टोपे के राष्ट्र निर्माण में योगदान को प्रेरणास्रोत बताया तथा युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने योग एवं भारतीय परंपरा के महत्व पर अत्यंत प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु ने अपने संबोधन में कहा कि क्रांतिवीर तात्या टोपे का जीवन त्याग, पराक्रम और राष्ट्रनिष्ठा का अद्वितीय उदाहरण है। उनके आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्र हित में कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय क्षेत्र के गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी जिलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा, कौशल विकास तथा रोजगारोन्मुख अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक एवं व्यावसायिक संभावनाएं प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम का संचालन अंतिमा सक्सेना एवं आभार प्रियंका भदौरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारीगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा सभी ने क्रांतिवीर तात्या टोपे जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# बड़नगर ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी भीषण आग



**बड़नगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर का कचरा डालने के लिए तहसील की ग्राम पंचायत बिसाहेड़ा के अंतर्गत शहरी ठोस अपशिष्ट प्रबंध योजना के तहत 17 बीघा में जमीन पर ट्रेंचिंग ग्राउंड बना रखा हैं। इस ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे में शुक्रवार-शनिवार दरमियान रात्रि में ग्रामीणों को आग के साथ धुआं दिखाई दिया शनिवार सुबह आग का धुंआ दूर दूर तक फैल गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण ट्रेंचिंग ग्राउंड पर एकत्रित हो गए।

ग्रामीणों द्वारा आग की सूचना प्रशासन को दी। जिस पर मौके पर उज्जैन बदनावर एवं बड़नगर से दमकल आग बुझाने पहुंचे। फायर फाइटर और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन कच्चे से धुआं निकलता रहा। मौके पर तहसीलदार रूपाली जैन, पुलिस विभाग, नगर पालिका के अधिकारी पहुंचें। ग्रामीणों ने अधिकारियों से ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे से बदबू, मच्छर एवं के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव डालने की बात कही।


**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल-शाजापुर ( म.प्र. )**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) भोपाल के पत्र क्रमांक/1471-72 दिनांक 20.4.2023 से प्राप्त काष्ठ आधारित उद्योगों हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति की 38 वीं बैठक दिनांक 16.3.2023 के कार्यवाही विवरण के बिंदु क्रमांक 01 के निर्णय अनुसार सामान्य वनमंडल, शाजापुर के वनपरिक्षेत्र-सुसनेर अंतर्गत श्री घनश्याम पिता हजारीलाल विश्वकर्मा, निवासी सोयतकलां, जिला आगर-मालवा की स्थित निजि भूमि खसरा नंबर 925/3 रकबा 0.076 हैक्टर में से 40X40=1600 वर्गफिट पर स्थापित आरामशीन अनुज्ञप्तिधारक (अनुज्ञप्ति क्रमांक / 602400070 नवीनीकरण वर्ष 2024 से 2026 तक) श्री घनश्याम पिता हजारीलाल विश्वकर्मा की वृद्धावस्था के कारण उनके पुत्र श्री अमित पिता घनश्याम विश्वकर्मा, निवासी सोयतकलां, जिलां आगर-मालवा के नाम से आरामशीनमालिक के सभी संभावित वारिसों (परिवार के सदस्यो) द्वारा नोटरी शपथ-पत्र पर अनापत्ति दिये जाने के फलस्वरूप सोयतकला स्थित निजि भूमि खसरा नंबर 964/1/1 रकबा 0.0590 हैक्टर में से 90X65=5850 वर्गफिट पर स्थापित आरामशीन का स्थाई रूप से नियमानुसार नामांतरण / स्थानांतरण किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में आरामशीन अनुज्ञप्तिधारक, श्री घनश्याम पिता हजारीलाल, निवासी सोयतकलां, जिला आगर-मालवा के परिवार के किसी अन्य सदस्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति से वनमंडल कार्यालय, ए.बी. रोड़-शाजापुर में मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें,, बाद अवधि व बिना प्रमाण के कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी ।

**कार्यालय**
**12 परिक्षेत्र अधिकारी सुसनेर**
**बन मण्डधकारी**
**वन मंडल शाजापुर**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामि श्रीमती संजूबाई चौधरी पति श्री भैरूसिंह चौधरी जाति गारी निवासी ग्राम देरीखेडा तहसील घटिटया जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 355 रकबा 0.81 हेक्टर में से 0.25 हेक्टर पूर्व तरफ की लगानी बरूए रेट स्थित ग्राम हरिगढ़ तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित कय करने का लिखित अनुबंध किया हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है।

इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 05 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा दशा में आपत्ति की निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक: 18-04-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यालय 2, द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन**
**मो. 99812-60727**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया है कि भरत कुमार बागडिया पिता हसमुखलाल बागडिया निवासी-16, महाश्वेता नगर, देवास रोड, उज्जैन के द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-541/1/1 रकबा 0.250 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 541/1/2 रकबा 0.200 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 541/2 रकबा 0.150 हेक्टेयर कुल किता-3 कुल रकबा 0.600 हेक्टेयर स्थित ग्राम बमोरी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के को विक्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार के हित में विक्रय पत्र अनुबंध संपादित किया है तथा विक्रय पत्र संपादन होना शेष है। लेकिन भरत कुमार बागडिया द्वारा विकय पत्र संपादन में टालमटोल की जा रही है जिसके संबंध में मेरे पक्षकार ने उपपंजीयक कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। उक्त भूमि के संबंध में कोई भी वित्तीय संस्था / बैंक शासकीय अर्द्धशासकीय संस्थान, व्यक्ति या निकाय किसी प्रकार का कोई संव्यवहार, विक्रय अंतरण, भारग्रस्त ना करे। ऐसे संव्यहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होकर प्रभावशुन्य रहेगे तथा जिसके समस्त हर्जे खर्चे एवं परिणामों की जिम्मेदारी संव्यवहारकर्ता की स्वयं की होगी। सो सूचित हो। इतिदिनांक -18.4.26

**बालकृष्ण सैनी, एडवोकेट**
**कार्यालय-8-बी, मोहन नगर, आगर रोड, उज्जैन मो. 9977506800, 8770803861**

# तकनीकी उलझनो में फंसा रतलाम का "कालिका माता लोक" शीघ्र बनना अधर में !

* बगीचे की लाइट प्राय: गुल रहने से गुंडा तत्व सक्रिय
* घूमने आने वालों में भय
* पुलिस की सक्रियता होना आवश्यक



**ओम त्रिवेदी**

**रतलाम ।** मंत्री ,नेता ,कलेक्टर आदि अपने प्रथम आगमन पर रतलाम की ख्यात शक्तिपीठ कालिका माता मंदिर पर सबसे पहले आकर दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लेते हैं ।बाद में यही महान लोग फिर पलट कर नहीं देखते कि कालिका माता मंदिर एवं बगीचों के हालात कितने बिगड़े हुए हैं वैसे गत करीब 40 वर्षों से इस धार्मिक स्थल को पूर्ण विकसित करने का "जुमला" सुनते-सुनते अनेक रतलाम वासी स्वर्ग सिधार गए। हाल ही में कुछ समय से कालिका माता लोक का निर्माण किए जाने का" लॉलीपॉप" दिखाया जा रहा है, जो विगत 3 वर्षों से अनेक तकनीकी उलझन में फंसा हुआ है। चूंकि यह सनातनियों का धार्मिक स्थल है इसलिए चार दशक की प्रतिक्षा के बाद भी विकास की राह देख रहा है।

बताया जाता है कि सुंदरीकरण कर लोक बनाने के कार्य में आर्थिकी, तकनीकी, विभागीय परेशानियां एवं जिम्मेदारों की आपसी खींचतान से मामला खटाई में पड़ा हुआ है।

इधर गर्मियों के मौसम में शाम एवं रात्रि तक बगीचे में घूमने आने वालों की संख्या तेजी से बड़ी है लेकिन लंबे अरसे से बगीचे में लाइट गुल रहने के कारण प्राय अंधेरा छाया रहता है जिस कारण अ सामाजिक तत्व सक्रिय होकर छेड़छाड़ एवं गुंडागर्दी करने पर उतर आए हैं, जिससे परिवारजन के साथ आई महिलाएं,बच्चे व्यथित हैं ।मंदिर के सामने पुलिस चौकी दिखावे के लिए जरूर बनी हुई है, लेकिन वहां पुलिस जवान की बजाय भिखारीयो की मौजूदगी बनी रहती है।

बताया जाता है कि कुछ विशेष वर्ग के नाबालिग एवं गुंडा तत्व बगीचे में आने वालों को धमका कर बाहर का रास्ता दिखा रहे हैं जिससे भय का वातावरण बना हुआ है ।सूत्रों ने बताया कि इन लोगों के पास चाकू एवं छोटे हथियार रखे रहते हैं ,जिससे यहां स्थिति कभी भी गंभीर रूप लेकर पुलिस के लिए चुनौती बन सकती है ।पुलिस सुप्तावस्था से बाहर आकर सक्रिय हो, यह आम लोगों की मांग है।

## कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**पिपलिया मंडी।** शासकीय हाई स्कूल सेमली का कक्षा 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, जबकि 4 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी एवं 1 विद्यार्थी ने तृतीय श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के होनहार छात्रा कु. रीना कन्हैयालाल ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वही रितेश राकेश ने 86.4 प्रतिशत प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा कु क्रिती कुंवर चैन सिंह ने 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया।

## एसपी ने थाना प्रभारियों के किए तबादले

**मन्दसौर।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने बड़ा फेरबदल किया है। एसपी द्वारा जारी ताजा आदेश के अनुसार जिले के कई निरीक्षक और उप निरीक्षकों को नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए उनके कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया है। इस फेरबदल के तहत गरोठ थाना प्रभारी हरीश मालवीय को अब अफजलपुर थाने की कमान सौंपी गई है, जबकि सुवासरा थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी को मल्हारगढ़ थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में पुलिस लाइन मन्दसौर में पदस्थ राजेन्द्र सिंह बघेल को सुवासरा थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। उप निरीक्षकों की श्रेणी में भैसोदामण्डी चौकी प्रभारी बलबीर यादव को अब गरोठ थाने की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं पुलिस लाइन में पदस्थ धर्मेश यादव को उनके स्थान पर भैसोदामण्डी का नया चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए सभी अधिकारियों को अपने नए पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

## निगम के विशेष सम्मेलन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्ताव बहुमत से पारित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित निगम के विशेष सम्मेलन में च्च्नारी शक्ति वंदन अधिनियमज्ज प्रस्ताव व महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा प्रस्तावित निंदा प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया।

आयोजित निगम सम्मेलन की शुरूआत में सदस्यों द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की। नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव विगत 2023 में पारित प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करें। जनगणना 2027 के अनुसार जातिगत जनगणना होने के पश्चात ही जिसका जितना प्रतिशत उसे उतना महिला आरक्षण का निर्धारण तथा जनगणना के पश्चात ही परिसीमन की कार्यवाही की जाये को अस्वीकृत किया गया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा में महिलाओं को लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में ३३ प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने से सम्बधित संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 पारित नहीं हो सका। यह विषय देश की आधी आबादी, महिलाओं के प्रतिनिधित्व, अधिकारों एवं उनके सशक्तिकरण से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं इस विधेयक के पारित न होने से देश की अनेक महिलाओं की अपेक्षाओं एवं आकांक्षाओं को ठेस पंहुची है। मेरा मत है कि नारी शक्ति के पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व हेतु सभी राजनैतिक दलो को सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए लेकिन यह खेद है कि कांग्रेस दल द्वारा नारी शक्ति वंदन का अपमान किया गया है।

सम्मेलन में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव को चर्चा उपरांत अस्वीकृत करते हुए बहुमत के आधार पर च्च नारी शक्ति वंदन अधिनियमज्ज व महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा प्रस्तावित निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

## भीषण गर्मी के चलते स्कूलों के समय में संशोधन, दोपहर 12 बजे तक लगेगी कक्षाएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

जिले में बढ़ते तापमान और निरंतर हो रही गर्मी की वृद्धि को देखते हुए प्रशासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

कलेक्टर महोदय के अनुमोदन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आदेश जारी किया गया है कि जिले के समस्त विद्यालयों का संचालन समय अब प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। यह व्यवस्था नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी छात्रों के लिए अनिवार्य रूप से लागू की गई है। यह नया आदेश जिले के सभी शासकीय, निजी, नवोदय, केंद्रीय विद्यालय सहित सीबीएसई और आईसीएसई स्कूलों पर समान रूप से प्रभावी होगा। शासन द्वारा यह कदम गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की संभावनाओं को कम करने के लिए उठाया गया है। यह संशोधित समय-सारणी 18 अप्रैल 2026 से प्रभावी होकर 30 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल विद्यालयीन शिक्षण कार्य के समय में बदलाव किया गया है, जबकि परीक्षाओं का संचालन और मूल्यांकन कार्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संपादित होता रहेगा। जिले के सभी स्कूल प्राचार्यों और संस्था प्रमुखों को इस आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि चिलचिलाती धूप में बच्चों को राहत मिल सके।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मृत्यु

**मंदसौर।** जिले शामगढ़ थाना क्षेत्र के बसई मेलखेड़ा रोड़ ग्राम बनी में एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग की जांच पर काले रंग की थार वाहन नं. एमपी 14 सीडी 2974 के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया।पुलिस के अनुसार यह हादसा 12 अप्रैल की रात करीब साढ़े आठ बजे का है। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार हेमंत पिता गोपालसिंह बनी की मृत्यु हो गई थी।

## मेधावी छात्रों को दी बधाई 11 हजार की प्रोत्साहन राशि

**नीमच।** नीमच विधानसभा क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन किया है। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रदेश प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं के घर पहुंचकर विधायक दिलीपसिंह परिहार(भाजपा प्रदेश प्रवक्ता) ने उनका आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया। विधायक श्री परिहार को अपने बीच पाकर परिवारजन भावुक हो उठे और उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर श्री परिहार ने कहा कि इन होनहार छात्रों की सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि संपूर्ण नीमच विधानसभा के लिए गर्व का विषय है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के इन विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए एक मिसाल और प्रेरणा बनेगा।

## परशुराम जन्मोत्सव पर दिवसीय कार्यक्रम

**नीमच।** सकल ब्राह्मण समाज नीमच द्वारा आयोजित दो दिवसी श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को टाउन हॉल में हुआ द्य गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी परशुराम जन्मोत्सव भव्यता और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। 18 एवं 19 अप्रैल 2026 को आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की विविध श्रृंखला रखी गई है। आयोजन सकल ब्राह्मण समाज कल्याण समिति, श्री परशुराम महादेव मंदिर समिति एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है



## स्वस्थ हृदय के लिए जीवनशैली में बदलाव जरूरी- डॉ. शुभम चेलावत

**मंदसौर।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान द्वारा मैत्री गार्डन योग केंद्र पर आयोजित हृदय रोग जागरूकता कार्यशाला में विशेषज्ञों ने वर्तमान जीवनशैली को दिल की बीमारियों का प्रमुख कारण बताया। मुख्य वक्ता और प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम चेलावत ने योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल एक तरह का व्यायाम पर्याप्त नहीं है; हृदय को मजबूत रखने के लिए रोजाना 30 मिनट की कार्डियक एक्सरसाइज अनिवार्य है। उन्होंने आगाह किया कि खान-पान में पाम ऑयल का बढ़ता उपयोग और एक ही तेल को बार-बार गर्म करके इस्तेमाल करना जहर के समान है, जो सीधा हृदय की धमनियों को नुकसान पहुंचाता है। कार्यशाला में डॉ. चेलावत ने मानसिक स्वास्थ्य और आधुनिक तकनीक के दुष्प्रभावों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि तनाव सभी बीमारियों की जड़ है और इससे बचने के लिए सोने व जागने के एक घंटे पहले तक मोबाइल से दूरी बनाना आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि सीने के अलावा जबड़े, पीठ या उल्टे हाथ में दर्द भी हृदय रोग के संकेत हो सकते हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना जानलेवा हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान प्लास्टिक के बर्तनों से होने वाले कैंसर के खतरों के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर योग गुरु सुरेंद्र जैन सहित संस्थान के अनेक पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वस्थ जीवन जीने के संकल्प के साथ कार्यशाला का लाभ उठाया।

## निजी स्कूलों की मनमानी पर शिकंजा

**रतलाम।** जिले में निजी (अशासकीय) विद्यालयों द्वारा अभिभावकों और विद्यार्थियों को विशेष दुकानों से पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म और अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य करने की शिकायतों पर अब सख्त कार्रवाई होगी।

## ट्रक में ले जाया जा रहा 6 क्विंटल 10 किलो अवैध डोडाचुरा जप्त, एक तस्कर गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में नशे के सौदागरों के विरूद्ध अभियान चलाया जाकर नशे के सौदागरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये है। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस थाना जीरन द्वारा अभियान के दौरान नशे के सौदागरों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए टाटा ट्रक में परिवहन कर ले जाया जा रहा ०६ क्विंटल १० किलोग्राम अवैध डोडाचुरा जप्त कर पंजाब के एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

दिनांक 17 अप्रैल को थाना जीरन पुलिस द्वारा महु नीमच रोड हर्कियाखाल पुलिस सहायता केन्द्र के सामने आम रोड पर नाकाबंदी कर वाहन चैकिंग करते टाटा ट्रक क्रमांक पीबी ४६ एम ८१११ को रोकने का ईशारा किया ट्रक चालक अपने ट्रक का धीमा कर पास जाते उक्त ट्रक चालक तेज गति से भगाने लगा जिसे स्टॉपर लगाकर पुलिस सहायता केन्द्र के सामने रोका ट्रक चालक से नाम पता पुछते अपना नाम मनजिन्दरसिह पिता गुरचरण सिह पण्डोरी निवासी तखतमाल थाना चबाड जिला तरण तारण पंजाब का बताया जिसके कब्जे वाली ट्रक की तलाशी लेते ट्रक के पीछे अजवाईन के पैकेट के नीचे छुपाया गया 31 सफेद प्लास्टिक के कटटो मे भरा 610 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किया।


### पश्चिम रेलवे मुम्बई सेन्ट्रल इन्दौर के बीच सुपरफास्ट एसी स्पेशल ट्रेन चलाएगी

| ट्रेन नंबर | प्रारंभिक स्टेशन एवं गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09085 | मुम्बई सेन्ट्रल-इन्दौर | 20.04.2026 से 29.05.2026 तक | 23.20 बजे (सोम व शुक्र) | 13.00 बजे (अगले दिन) |
| 09086 | इन्दौर-मुम्बई सेन्ट्रल | 21.04.2026 से 30.05.2026 तक | 17.00 बजे (गुरु व शनि) | 07.10 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव-** बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम एंड उज्जैन स्टेशंस इन बोथ डायरेक्शन्स.

**संरचना: फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर कोच।**

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं

उपरोक्त ट्रेनों के लिए बुकिंग 19.04.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों और द्वक्रष्टश्चष्ट वेबसाइट पर शुरू हो जाएगी। यह ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ लाएँ।


## मानव सेवा समिति को चार डायलिसिस मशीनों का हुआ लोकार्पण

### विधायक परिहार ने इसे उत्कृष्ट मानव सेवा का पर्याय बताया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

नीमच मानव सेवा समिति का डायलिसिस सेंटर नीमच अंचल में उत्कृष्ट मानव सेवा का पर्याय बन चुका है। समिति के समर्पित सदस्यों, कुशल डायलिसिस स्टाफ सहित दानदाताओं की मानवता के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं करूणा का प्रतिफल "डायलेसिस सेंटर" समूचे अंचल में आज सेवा का अनूठा प्रकल्प बन चुका है।



उक्त उद्गार नीमच विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने शासकीय जिला चिकित्सालय स्थित डायलिसिस मशीनों के लोकार्पण समारोह के अवसर पर बतौर अतिथि व्यक्त किए।

रोटरी अंतरराष्ट्रीय मंडल 3040 के मंडलाध्यक्ष रोटे सुशील मल्होत्रा ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किया कि रोटरी अंतरराष्ट्रीय की ग्लोबल ग्रांट त्त्र 2580324 के अंतर्गत सम्पुर्ण मण्डल 3040 के विभिन्न क्लबों को कुल ५१ डायलिसिस मशीनें प्रदान की जा रही है और उसी कड़ी में आज रोटरी क्लब नीमच के माध्यम से मानव सेवा समिति को ४ डायलिसिस मशीनें प्रदान की गई हैं जिनका लोकार्पण आज हुआ है। आपने मानव सेवा समिति द्वारा संचालित यह डायलिसिस सेंटर की उच्च श्रेणी की साफ सफाई एवं व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि कहा कि इन मशीनों की स्थापना से निश्चित ही यह सेंटर और अधिक क्षमता से काम करेगा और रोगियों की डायलिसिस सुविधा मे विस्तार होगा साथ ही किडनी रोगियों की वेटिंग लिस्ट भी समाप्त होगी ।

सेंटर पर 12 डायलिसिस मशीनों से प्रतिदिन ३ शिफ्टों में किडनी रोगियों को डायलिसिस सेवा प्रदान की जा रही है। परंतु किडनी रोगियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है और वर्तमान १२ डायलिसिस मशीनें भी कम पड़ने लगी हैं। किडनी रोगियों को समय पर डायलिसिस हो सके अतः नीमच मानव सेवा समिति ने डायलिसिस सेंटर पर और अधिक मशीनों की स्थापना के लिए नवीन हाल का निर्माण कार्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराई तथा रोटरी क्लब एवं दानदाताओं के सहयोग से आज 4 नवीन मशीनें और स्थापित की है।

रोटरी क्लब नीमच की ओर से स्वागत उद्बोधन क्लब अध्यक्ष रोटे गिरधारीलाल गोयल ने दिया और कहा कि यह कार्यक्रम रोटरी क्लब नीमच की अनवरत संचालित गतिविधियों की श्रृंखला में आयोजित है।

## न्यूज कालम



### परशुराम जयंती की रैली का जिला भाजपा द्वारा स्वागत

**रतलाम ।** परशुराम जयंती के उपलक्ष्य मे श्री परशुराम युवा मंच के द्वारा निकाली गई वाहन रैली का जिला भाजपा कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। रैली मे शामिल युवाओं ने जय परशुराम का उद्घोष कर अभिवादन किया। रैली मे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए। रैली का स्वागत के दौरान जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़, जुबीन जैन, जिला कोशाध्यक्ष पवन सोमानी, जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, सोना शर्मा, संदीप मौर्य, मयंक भाटी,अक्षय संघवी सहित पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गुर्जर एवं सिसौदिया हरीश गुप्ता के निधन पर शोक संवेदनाए व्यक्त की



**पिपलिया मंडी।** ब्रेनमास्टर समाचार पत्र के सम्पादक एवं वरिष्ठ पत्रकार दिलीप गुप्ता बाटू के बड़े भाई हरीश गुप्ता ने निधन पर शनिवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,कांग्रेसनेता परशुराम सिसोदिया ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेता द्वय ने कहा कि प्रजातंत्र के चौथे स्तम्भ में सीमित संसाधनों के बीच लंबे समय तक पत्रकारिता को जिंदा रखा। आपके साथ मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, विधानसभा युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल अहीर,गणेशराम,अनिल मूलासिया आदि मौजूद थे।

### बनी में जनभागीदारी से हटा अतिक्रमण, किसानों के लिए खुले पुराने रास्ते

**मन्दसौर।** मंदसौर जिले में ग्रामीण आवागमन को सुगम बनाने और किसानों को उनके खेतों तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराने के लिए संचालित च्राहगीर अभियानज् के तहत ग्राम बनी में बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन और एसडीएम गरोठ के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से शासकीय एवं निजी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को साफ किया। 7 अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान के सातवें चरण में तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारियों की मौजूदगी में पारंपरिक रास्तों को चिन्हित कर उन्हें पुनः बहाल किया गया। इस कार्रवाई के बाद अब किसानों को अपने कृषि उपकरणों और उपज के साथ खेतों तक पहुंचने के लिए चौड़े और सुगम मार्ग मिल सकेंगे। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने उपस्थित रहकर प्रशासनिक दल का सहयोग किया।

### बोलेरो से 8 क्विंटल 50 किलो मछली जब्त, तीन आरोपी पकड़ाए

**मन्दसौर।** जिले के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के सगस बावजी मंदिर के पास गोपालपुरा रोड़-झार्ड़ा पर पुलिस ने एक बोलेरो नं. एमपी 44 टीए 0476 से अवैध रूप से परिवहन कर ले लाई जा रही 8 क्विंटल 50 किलोग्राम मछली जब्त कर इस प्रकरण में तीन आरोपियों के खिलाफ 5 फिशरी एक्ट एवं धारा 303(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ थाना पुलिस ने यह कार्यवाही 17 अप्रैल की शाम करीब साढ़े चार बजे की। इस प्रकरण में आरोपी मांगीलाल पिता गफ्फूर खां उम्र 35 वर्ष, मकबुल पिता याकूब उम्र 39 वर्ष, राजू पिता अमरूलाल उम्र 40 वर्ष निवासी चचोर जिला नीमच को पकड़ा है।

### नरवाई जलाने पर 16 किसानों पर लगा जुर्माना

**मंदसौर।** जिले के सीतामऊ क्षेत्र में पर्यावरण नियमों का उल्लंघन कर खेतों में फसल अवशेष (नरवाई) जलाने वाले किसानों पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। मध्यप्रदेश शासन पर्यावरण विभाग के निर्देशों और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की गाइडलाइंस का पालन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी ने 16 किसानों से कुल 42 हजार 500 रुपए का अर्थदंड वसूला है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वायु प्रदूषण को रोकने के लिए गेहूं और धान के अवशेषों को जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। जुमार्ने की इस कार्रवाई के तहत ग्राम साखतली के किसान अम्बालाल पर सर्वाधिक 5 हजार रुपए का दंड लगाया गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम कायमपुर के जगदीश व घनश्याम, ढंढेडा के अनुपसिंह, रामखेड़ा के प्रहलाद व शांतिलाल, खजूरीगौड़ के विजयसिंह, कराड़िया के पुष्कर, विष्णु व भवानीसिंह, धाकड़ पिपलिया की भगवंतीबाई, पर भी जुर्माना लगाया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ RUKMAN MUJAWDIYA ने मैने मेरा पुराना नाम RUKMAN GUPTA बदलकर नया नाम RUKMAN MUJAWDIYA रख लिया है। तथा अब से मुझे मेरे नये नाम RUKMAN MUJAWDIYA के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**भवदीय**
**रुकमण मुजावदिया पति गोविन्द कुमार मुजावदिया**
**निवासी- जनता कालोनी मन्दसौर (म.प्र.)**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ GOVIND KUMAR MUJAWADIYA ने मैने मेरा पुराना नाम GOVIND KUMAR GUPTA बदलकर नया नाम GOVIND KUMAR MUJAWADIYA रख लिया है। तथा अब से मुझे मेरे नये नाम GOVIND KUMAR MUJAWADIYA के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**भवदीय**
**गोविन्द कुमार मुजावदिया पिता श्रीलाल गुप्ता**
**निवासी- जनता कालोनी मन्दसौर (म.प्र.)**



## चौबे विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया

**शुजालपुर।** श्री रामचंद्र चौबे स्मृति शिक्षा निकेतन में समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को डांस, पेंटिंग, योग, आर्ट एंड क्राफ्ट सहित कई रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्था प्रबंधन के अनुसार योग का प्रशिक्षण जयप्रकाश परमार, मेहंदी एवं ड्राइंग पल्लवी अग्रवाल, आर्ट एंड क्राफ्ट राजेश मालवीय, स्पोर्ट्स एवं डांस अनुष्का शर्मा तथा इंडोर आउटडोर गेम्स का प्रशिक्षण अरुण शर्मा द्वारा दिया जा रहा है। अभिभावकों से अधिक से अधिक बच्चों को कैंप में शामिल कराने की अपील की गई है, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भी संस्था द्वारा सम्मान किया गया। प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## स्कॉलर्स की श्रेष्ठा परमार ने मारी बाजी





**शुजालपुर।** स्कॉलर्स एकेडमी शुजालपुर का केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम में 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इनमें श्रेष्ठा परमार 96.4, अविका ओदिच्य 96.2, ऐषा नेमा 95.6, वृंदा खत्री 93.8, लावण्या सिंह परमार 92.8, यदुराज यादव 92.2, अवनी खींची 90.8, संस्कृति पाटीदार 90.4 एवं अताक्षी परमार 90.2 प्रतिशत शामिल हैं। इसके अलावा 15 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच तथा 26 विद्यार्थियों ने 60 से 80 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंधक सत्यजीत देशमुख एवं प्राचार्य गीता देशमुख ने सभी सफ ल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उच्च शिक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## आर.के.एकेडमी के छात्रों का सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन





**ब्यावरा।** आर.के.एकेडमी विद्यालय के लिए सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम अत्यंत गौरवपूर्ण रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार अंक प्राप्त किए। उक्त विद्यालय के कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के मेधावी छात्र दर्श शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही मनन सुफलकर ने 90 प्रतिशत, तृप्ति जोशी ने 88.4 प्रतिशत अंशिका राजपूत ने 86.8 प्रतिशत, हर्षिता पवैया ने 84.8 प्रतिशत , रिम्मी राजपूत ने 84.4 प्रतिशत, तनिष्क साहू ने 80.8 प्रतिशत, निखिल सिंह जाट ने 80.2 प्रतिशत हसन अंसारी ने 79.6 प्रतिशत, गोविंद दांगी ने 78.2 प्रतिशत और श्रेया द्विवेदी ने 76.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती भावना दुबे, डायरेक्टर डॉ. आर.के. दुबे, प्राचार्य अरविंद सिंह चौहान एवं समस्त शिक्षकगणों ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। टॉपर्स ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। विद्यालय परिवार को पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी विद्यार्थी इसी लगन और परिश्रम से सफलता की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे।

## गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा प्राप्त हो– नागर



**ब्यावरा।** पीपल्याखेड़ी में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा रुद्र यज्ञ, निःशुल्क कन्या विवाह के तृतीय दिवस कथा प्रवक्ता पंडित सतीश नागर ने कथा प्रसंग के साथ सभी श्रोताओं को गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा प्राप्त हो इस हेतु 27 अप्रैल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने का आह्वान किया है साथ ही सभी श्रोताओं से अपने अपने घर में गाय पालने का अनुरोध किया एव गाय का घी, दूध,गोमूत्र का दैनिक जीवन मे उपयोग करने का आग्रह किया, ये कथा महोत्सव 20 अप्रैल तक चलेगा।

### सारंगपुर में दिन में झुलसाने वाली गर्मी

# रात का पारा बढ़ा, दो दिन बाद लू चलने के आसार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर में गर्मी अब विकराल रूप लेने लगी है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को झुलसा रही हैं, वहीं रात का तापमान भी लगातार बढने से राहत नहीं मिल पा रही। मौसम विभाग के संकेत हैं कि अगले दो दिनों में लू चलने की स्थिति बन सकती है। सारंगपुर में तापमान लगातार बढता जा रहा है। गुरुवार 16 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा। दिन में तेज धूप के साथ चल रही गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। दोपहर के समय सडकों पर सन्नाटा नजर आने लगा है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। रात के तापमान में भी बढोतरी दर्ज की जा रही है। हाल के दिनों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है, जिससे रात में भी गर्मी का असर बना रहता है। इससे लोगों की नींद प्रभावित हो रही है और कूलर-पंखों का सहारा लेना पड रहा है। तेज धूप और लू जैसे हालात से बचने के लिए लोग पूरे शरीर को ढककर घर से निकल रहे हैं। युवतियां दुपट्टा और स्टॉल का उपयोग कर रही हैं, वहीं युवा तौलिया या कपडा बांधकर चल रहे हैं। महिलाएं भी



बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए पूरी तरह ढककर बाहर ला रही हैं।

### दो दिन बाद लू चलने के संकेत

मौसम में लगातार हो रही बढोतरी को देखते हुए आने वाले दिनों में लू चलने की संभावना जताई जा रही है। तापमान में और इजाफा होने से दोपहर के समय हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

सारंगपुर स्वास्थ्य विभाग ने लू और तापघात को लेकर अलर्ट जारी किया है। बीएमओं डा. मनीष चौहान ने कहा कि बढती गर्मी के कारण लू लगने का खतरा बढ गया है। लोगों को दोपहर के समय घर में रहने, ठंडे स्थान पर रहने और अधिक से अधिक तरल पदार्थ लेने की सलाह दी गई है।

### दोपहर में घरों में कैद हुए लोग

तेज गर्मी के कारण सडकों पर सन्नााटा पसरा है और बाजारों में भी लोगों की आवाजाही कम हो गई है। दोपहर के समय लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। बुजुर्गों, बच्चों और बाहर काम करने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों और निर्माण स्थलों पर काम करने वाले श्रमिकों को भी इस भीषण गर्मी में कठिनाइयां झेलनी पड रही हैं।

### अस्पताल में बढ रही मरीजों की संख्या

**डॉक्टरों की सलाह: तरल पदार्थों का सेवन करें**

डा. अंकित यादव ने गर्मी और लू के अलर्ट को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने अत्यधिक धूप में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन करने को कहा है। साथ ही, गर्मी से बचाव के लिए हल्के व सूती कपडे पहनने और शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने की अपील की है।

गर्मी बढने के साथ ही सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। वायरल बुखार और डिहाइड्रेशन के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। अस्पताल में बेड की कमी तक की स्थिति बनने लगी है। डॉक्टरों के अनुसार अचानक बढी गर्मी और बदलते मौसम के कारण लोग बीमार हो रहे हैं।

### गर्मी से बचाव के उपाय

विशेषज्ञों का कहना है कि दोपहर के समय भारी काम से बचें, हल्के रंग के कपडे पहनें और सिर को ढककर रखें। बाहर निकलने से पहले पर्याप्त पानी पिएं और दिनभर में नींबू पानी, छाछ, लस्सी, आम पना और नारियल पानी जैसे पेय पदार्थों का सेवन करें। ताजा और स्वच्छ भोजन ही करें, ताकि गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके।

# रोजगार प्रशिक्षण से बदलेगी ज़िंदगी, समाज की मुख्यधारा से जुड़ेंगी महिलाएं

अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा ।

अपराधों में लिप्त सांसी समुदाय एवं देह व्यापार से जुड़ी बेड़िया समाज की महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन एवं भारतीय रेड क्रॉस समिति द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। ग्राम कडिया सांसी में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं और युवाओं को मशरूम उत्पादन का रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में भोपाल से आई मशरूम विशेषज्ञ डॉ. चौधरी ने महिलाओं को व्यावहारिक रूप से मशरूम खेती की पूरी प्रक्रिया समझाई। उन्होंने स्वयं मौके पर कैरी बैग तैयार कर भूसे की फॉर्मेटिंग, मशरूम बीज डालने और सही तरीके से उत्पादन करने की विधि सिखाई। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने अपने हाथों से बैग तैयार किए, जिन्हें घर ले जाकर 15 दिनों में फसल उगाने के लिए दिया गया।



इस अभिनव पहल की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी रहीं नरसिंहगढ़ की एसडीओपी मिनी शुक्ला, जिनके प्रयासों से भोपाल से विशेषज्ञ को बुलाकर यह प्रशिक्षण संभव हो सका। उनकी सक्रियता और संवेदनशील दृष्टिकोण ने समाज के वंचित वर्गों को नई दिशा देने का कार्य किया है। कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस समिति के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए मशरूम खेती के आर्थिक लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि यदि ये समुदाय इस प्रकार के स्वरोजगार को अपनाते हैं, तो वे न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी सुरक्षित और समृद्ध भविष्य दे सकते हैं।

प्रशासन द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया कि उत्पादित मशरूम के विपणन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिले के होटल व्यवसायियों को स्थानीय स्तर पर उत्पाद खरीदने के लिए प्रेरित किया जाएगा, साथ ही अधिक उत्पादन होने पर भोपाल जैसे बड़े बाजारों तक पहुंचाने में भी सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर थाना प्रभारी राजपूत सहित अन्य अधिकारी एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह पहल न केवल आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि सामाजिक सुधार की दिशा में भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभर रही है। इस प्रकार के प्रयास यह साबित करते हैं कि यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलें, तो समाज के किसी भी वर्ग को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर किया जा सकता है।

## स्वगणना प्रक्रिया प्रारंभ जनप्रतिनिधियों ने की शुरूआत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

भारत की जनगणना 2026-27 के अंतर्गत प्रदेश में 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक स्वगणना प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस प्रक्रिया के तहत नागरिक अब घर बैठे अपने मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसी क्रम में 16 अप्रैल को नगर परिषद जीरापुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, कमल भावसार, नीरज मालवीय, ईश्वर राठौर एवं मनीष कौशिक द्वारा क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष अनुसुइया कुशवाह एवं उपाध्यक्ष हेमंत जोशी के निवास पर पहुंचकर उनकी स्वगणना करवाई गई।

### प्रेरित करने की अपील

विधायक हजारीलाल दांगी ने वीडियो क्लिप के माध्यम से नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं स्वगणना करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष अनुसुइया कुशवाह एवं उपाध्यक्ष हेमंत जोशी ने भी नागरिकों से इस राष्ट्रीय कार्य में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

### प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान

मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 अप्रैल को निकाय के वार्ड प्रभारियों को स्वगणना के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। वार्ड प्रभारी 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अपने-अपने वार्डों में जाकर नागरिकों को स्वगणना के लिए प्रेरित करेंगे और आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

## प्रांशु गामी ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया गौरव



**उज्जैन।** प्रांशु गामी,पिता पवन गामी ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 99% अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल है।

प्रांशु वर्तमान में बेंगलुरु में अध्ययनरत हैं और वे यशवंत सिंह गामी के पौत्र हैं। वे एक मेधावी एवं अनुशासित छात्र हैं, जो अपनी पढ़ाई के प्रति पूर्ण समर्पण और लगन के साथ निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

शिक्षा के साथ-साथ प्रांशु सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भाग लेते हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो रहा है। उनकी इस मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि उन्होंने बोर्ड परीक्षा में यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। परिवारजनों एवं परिचितों ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा तहत महाविद्यालय में हो रहे आयोजन

# छात्राओं को बचत, निवेश, बैंकिंग सुविधाओं से अवगत कराया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता विषय पर व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के तत्वावधान में विज्ञान भवन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरभि गुप्ता ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने छात्राओं को बचत, निवेश, बैंकिंग सुविधाओं और आर्थिक प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। साथ ही जीवन में वित्तीय ज्ञान की उपयोगिता पर जोर देते हुए जागरूक रहने की बात कही। इस दौरान छात्राओं के साथ संवाद भी किया गया, जिसमें उन्होंने वित्तीय विषयों से जुड़े सवाल पूछे, जिनके संतोषजनक उत्तर दिए गए। कार्यक्रम में डॉ. पूजा सांखला,



संगीता सोनी एवं प्रीतम परमार की विशेष उपस्थिति रही।

### कानूनी व साइबर सुरक्षा के उपाय बताए

महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा एवं कार्यस्थल पर लैंगिक समानता विषयों पर भी व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल युग में साइबर अपराधों से सतर्क रहने के लिए प्रेरित करना रहा। मुख्य अतिथि डॉ. जयश्री गुप्ता सहायक प्राध्यापक विधि ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों, कार्यस्थल पर लैंगिक समानता तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से विषय को सरल ढंग से समझाते हुए छात्राओं को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. सीमा राजपूत, डॉ. पूजा सांखला, संगीता सोनी, इंदु व्यास

## बोर्ड परिणाम से शासन की योजना से स्कूटी और 16लैपटाप कन्याशाला विद्यालय से चयन

**खाचरोद।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं और 10वीं बोर्ड वर्ष 2026 का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाचरोद का बहुत ही उत्कृष्ट रहा है। नगर के सभी शासकीय विद्यालय में कन्या शाला का परिणाम सर्वोच्च रहा है। कक्षा 12वीं का 94.8% तथा 10वी का 98% रहा है। कक्षा 12वीं में कुल 70



छात्राओं में से 66 पास हुए जिसमें से 54 छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास हुई है। जिसमें 16 छात्राओं ने शासन की योजना लेपटॉप को प्राप्त किया गया और छात्र वंशिका गुर्जर कला समूह से स्कूटी शासन योजना के तहत चयन हुई है। इसी प्रकार कक्षा 10वी में 36 छात्राओं में से 29 छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास हुई। बोर्ड परीक्षा परिणाम के लिए प्रभारी प्राचार्य डॉ विक्रम मकवाना ने छात्राओं ओर विद्यालय की समस्त शिक्षकों को बधाई दी गई। शिक्षकों द्वारा अपने शिक्षा स्तर के कौशल का उपयोग कर विद्यालय को गौरवान्वित करने पर सभी का आभार प्रकट किया गया।

## विजया कॉन्वेंट स्कूल का शानदार परिणाम, मोहित जिले में बने टॉपर



**जीरापुर।** विजया कॉन्वेंट स्कूल, जीरापुर ने उइए कक्षा 10वीं परीक्षा परिणाम में इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के छात्र मोहित सिंह नरबान ने 97.8% अंक प्राप्त कर न केवल नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि जिला स्तर की टॉप सूची में भी पहला स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के अन्य मेधावी विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इनमें अरविंद राठौर (97.2%), शिवांश भावसार (96.6%), आकांक्षा शर्मा (96.2%), गिरिराज सिंह नरबान (95.8%), यथार्थ शर्मा (95.4%), चहल मित्तल (94%), उर्वशी गुप्ता (92.4%), अक्षिता गुप्ता (91.6%), आयुध पुष्पद (90.4%), मीरा शर्मा (90%) एवं सारांश गुप्ता (90%) शामिल हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय के मैनेजर जोस कण्डूर, प्राचार्य बेबी पाथ्रोस, उप-प्राचार्य रवि राठौर, प्रो. मोहमद कुरैशी, हेडमास्टर जीतू सर एवं हेडमिस्ट्रेस मौली मैडम सहित समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम से पूरे नगर में हर्ष का माहौल है और सभी वर्गों द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता की सराहना की जा रही है। यह परिणाम सिद्ध करता है कि विजया कॉन्वेंट स्कूल, जीरापुर निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है।

## छात्रा युक्ति तथा छात्र संदीप का किया कृषि उप मंडी में किया सम्मान



**महिदपुर रोड।** नगर में स्थित कृषि उपज उप मंडी के तुलावटी भा स्कर राव की बेटी युक्ति एवं हम्माल राधेश्याम के बेटे संदीप का कक्षा दसवीं में उच्चतम अंक प्राप्त करने पर उप मंडी प्रांगण में मंडी व्यापारी संघ की और से व्या पारियों ने उप मंडी से स्टाफ की और से मंडी प्रभारी व,स्टाफ ने तुलावटी संघ की और से समस्त तुलावटियों ने हम्माल संघ की और सभी हम्मालों ने युक्ति तथा संदीप का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत कर उनका मुंह मीठा कराया इस दौरान व्यापारी संघ के राजकुमार चौधरी, संजय शर्मा, तिलक अरोड़ा, निर्मला अरोड़ा, आशीष फर क्या उप मंडी कार्यालय प्रभारी चंदर लाल परमार उप मंडी स्टाफ तुलावटी संघ के जाकिर मेव जगदीश जाट विनोद मीणा सहित अन्य तुलावटी तथा हम्माल साथी उपस्थित रहे।

## मालवीय का जन्मदिन समाज कल्याण समिति द्वारा मनाया गया



**महिदपुर।** राजेंद्र मार्ग स्थित डॉक्टर बी आर अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर बड़नगर निवासी जे के मालवीय का जन्मदिन बाप समिति के सदस्यो द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम मालवीय जी द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात समिति सदस्यो ने मालवीय जी का पुष्पमाला से स्वागत किया और मिठाई वितरण किया। जन्मदिन मनाने के लिए समिति के कई सदस्य जिनमे आचार्य बलराम दावरे, बी एल मालवीय, विक्रमसिंह सोलंकी, बी एल परमार, आशाराम गेहलोत नरेंद्र परमार, डॉक्टर जगदीश परमार, नगजी राठी, सुरेश चैहान, हरिराम मालवीय, बालूसिंह वर्मा, अनिल दावरे, राजेश मालवीय, सुरेश दामेचा, गोपीलाल बामनिया, नगजी परिहार, प्रभूलाल परमार, नंदराम सोलंकी, फकीरचन्द मालवीय आदि उपस्थित हुए। उक्त जानकारी समिति के सचिव सुरेश दामेचा द्वारा दी गई।

## जल गंगा अभियान के तहत चोपड़ा की बावड़ी पर स्वच्छता अभियान



**महिदपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड महिदपुर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत नगर प्रस्फुटन समिति के छात्र-छात्राओं ने जल गंगा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। विकासखंड समन्वयक श्रीमती नम्रता तिवारी के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण - जल स्त्रोत सेवा समागम के अंतर्गत चोपड़ा की बावड़ी, हनुमान मंदिर परिसर में सफाई की गई। इस दौरान विद्यार्थियों एवं परामर्शदाताओं ने जल संरक्षण एवं संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया।

## सामने आई 'पति पत्नी और वो दो' की नई रिलीज डेट, जानें कब सिनेमाघरों में देगी दस्तक?



आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की अपकमिंग कॉमेडी फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है। यह फिल्म पहले 4 मार्च 2026 को रिलीज होने वाली थी, मगर किसी वजह से इसकी रिलीज को टाल दिया गया। अब यह फिल्म मई में रिलीज होने वाली है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है। इसमें आयुष्मान खुराना एक चीते के साथ बैठे हैं। वह जाल में फंसे हैं जबकि चीता बाहर है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'शिकारी खुद हो गया शिकार। अब जाल में फंस गए हमारे प्रजापति पांडे। हो जाओ 'पति पत्नी और वो दो' के लिए तैयार। क्योंकि यह 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।'

### फिल्म की स्टारकास्ट

'पति पत्नी और वो दो' में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई फिल्म ह्यपति पत्नी और वोह्न का सीक्वल है। इसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। उस वक्त इसने 86.89 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस मूवी की सफलता के बाद अब फैंस को ह्यपति पत्नी और वो दोह्न मूवी से भी काफी उम्मीदें हैं।

### इसलिए पोस्टपोन हुई थी फिल्म

फिल्म 4 मार्च को रिलीज होने वाली थी। इसकी रिलीज को टालने पर मेकर्स ने कहा था कि उन्होंने बहुत अच्छी मूवी बनाई है और वे जल्दबाजी में कुछ खराब नहीं करना चाहते। वे चाहते हैं कि वे सभी काम पूरे करने के बाद ही मूवी को रिलीज करें। ताकि लोगों के एंटरटेनमेंट में कोई कमी न हो। इसलिए उन्होंने मूवी की रिलीज डेट टाल दी थी।

बॉलीवुड के एक मशहूर अभिनेता के नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। उनकी अलग-अलग चार फिल्मों ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। ऐसा कोई खान स्टार या साउथ का स्टार नहीं कर सका।

# इस एक्टर की चार फिल्मों ने ली 1000 करोड़ क्लब में एंट्री

## पांच साल में बनाया भारत में सबसे बड़ा रिकॉर्ड

यह आम राय है कि बॉक्स ऑफिस पर खान स्टार्स और साउथ के बड़े अभिनेताओं का दबदबा रहता है। हालांकि इस बार मामला थोड़ा अलग है। पिछले कुछ वर्षों में एक एक्टर ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है जो लोगों को हैरान कर रहा है। उन्होंने अलग-अलग भाषाओं की फिल्में की हैं। उनकी चार फिल्में 1000 करोड़ क्लब में पहुंची हैं।





### अभिनेता ने खान और साउथ के कलाकारों को छोड़ा पीछे

यह कोई और अभिनेता नहीं बल्कि बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता संजय दत्त हैं। उनकी चार अलग-अलग फिल्मों ने 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। इस रिकॉर्ड की खास बात यह है कि कई बड़े स्टार्स ऐसा रिकॉर्ड नहीं बना पाए हैं। इस लिस्ट में आमिर खान, शाहरुख खान और प्रभास जैसे सितारे हैं। हालांकि संजय दत्त इन सब लोगों से आगे हैं। कई सितारों की एक या दो ही फिल्में 1000 करोड़ क्लब तक पहुंची हैं। लेकिन संजय दत्त की एक नहीं चार फिल्में 1000 करोड़ क्लब तक पहुंची हैं।

### इन फिल्मों ने कमाए 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा

संजय दत्त ने 'केजीएफ चैप्टर 2' (2022) में अपने विलेन के किरदार से काफी चर्चा बटोरी। संजय दत्त की यह पहली फिल्म थी जिसने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री मारी थी। इसके बाद 'जवान' ने 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। इसमें शाहरुख खान लीड रोल में थे। 'धुरंधर' (2025) में भी संजय दत्त नजर आए थे। इस फिल्म ने 1300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया। इसी तरह से 'धुरंधर 2' (2026) ने एक महीने में 1700 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का कलेक्शन किया है।

### संजय दत्त के नाम बड़ा रिकॉर्ड

इस तरह से संजय दत्त अकेले ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी 4 फिल्मों ने 1000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार किया है। उनका ये रिकॉर्ड काफी खास माना जा रहा है।

## क्या 'भूत बंगला' को मिली सबसे बड़ी ओपनिंग?



अक्षय कुमार की मच अवेटेड फिल्म 'भूत बंगला' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। कल रात 9 बजे से फिल्म के पेड प्रिव्यू शोज शुरू हो गए थे और आज से फिल्म से सिनेमाघरों में पहुंच चुकी है। 14 साल बाद लौटी अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी क्या फिर से वो ही कमाल दिखा पाई, जिसकी दर्शकों को उम्मीद थी? अब फिल्म के पहले दिन का कलेक्शन भी सामने आने लगा है। जानते हैं क्या 'भूत बंगला' अक्षय कुमार की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन पाई या नहीं?

### पहले दिन इतनी हुई कमाई

फैंस का इंतजार खत्म हुआ और अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की मच अवेटेड 'भूत बंगला' अब सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म रिलीज होते ही इसे लेकर लोगों का उत्साह भी देखने को मिल रहा है और लोग फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने भी पहुंचे। अब जानते हैं कि खबर लिखे जाने तक 'भूत बंगला' ने अपने पहले दिन कितनी कमाई कर ली है। सैकनिल्क के मुताबिक, खबर लिखे जाने तक 'भूत बंगला' पहले दिन अब तक 12.25 करोड़ रुपए की कमाई कर पाई है। इससे पहले पेड प्रिव्यू शोज में फिल्म ने 3.50 करोड़ रुपए जुटाए थे। इस तरह से अब तक फिल्म की कुल कमाई 15.75 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।

### 'भूत बंगला' बन पाएगी अक्षय की बेस्ट ओपनिंग डे कलेक्शन करने वाली फिल्म

हालांकि, अभी 'भूत बंगला' के आंकड़े देर रात बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन सवाल ये ही है कि क्या 'भूत बंगला' अक्षय की ओपनिंग डे पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन पाएगी? अगर अक्षय की ओपनिंग डे पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों की बात करें तो इसमें पहले नंबर पर 'मिशन मंगल' है, जिसने 29.16 करोड़ रुपए की कमाई की थी। अब देखना ये है कि क्या 'भूत बंगला' इन सबसे ज्यादा कमाई कर पाएगी या अक्षय की ओपनिंग डे कलेक्शन की टॉप-5 फिल्मों में भी जगह बना पाएगी या नहीं।




गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को पांच विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने 20 ओवर में 10 विकेट पर 180 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# जीत को तरसी केकेआर, अब गुजरात से भी हारी मुकाबला; गिल का लगातार तीसरा 50+ स्कोर

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को पांच विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर ने कैमरन ग्रीन की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में 10 विकेट पर 180 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह केकेआर की इस सीजन में पांचवीं हार है।



टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर की शुरूआत अच्छी नहीं रही। अजिंक्य रहाणे को मोहम्मद सिराज ने बिना खाता खोले पवेलियन भेजा। नंबर तीन पर उतरे अंगकृष रघुवंशी भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और वह 4 गेंदों में सिर्फ आठ रन बनाकर आउट हुए। टिम सीफर्ट भी 14 गेंदों का सामना करने के बाद 19 रन बनाकर आउट हुए। 32 के स्कोर पर तीन विकेट गंवाकर मुश्किल में दिख रही केकेआर की पारी को रोवमैन पॉवेल और कैमरून ग्रीन ने संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। पॉवेल 20 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए।

अनुकूल रॉय सात गेंदों में नौ रन बनाकर प्रसिद्ध कृष्णा का शिकार बने। रिंकू सिंह भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और वह महज एक रन बनाकर आउट हुए। रमनदीप सिंह ने आठ गेंदों का सामना करते हुए दो चौके और एक छक्के की मदद से 17 रन बनाए। हालांकि, कैमरून ग्रीन ने एक छोर संभाले रखा और शानदार बल्लेबाजी करते हुए 55 गेंदों में 79 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में ग्रीन ने सात चौके और चार छक्के लगाए। गेंदबाजी में गुजरात टाइटंस की ओर से कगिसो रबाडा ने चार ओवर के स्पेल में सिर्फ 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वहीं, सिराज और अशोक शर्मा ने दो-दो विकेट निकाले। राशिद खान और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

केकेआर से मिले 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरूआत अच्छी रही। पहले विकेट के लिए साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने मिलकर 57 रन जोड़े। सुदर्शन 16 गेंदों में 22 रन बनाने के बाद सुनील नरेन का शिकार बने। इसके बाद जोस बटलर और गिल ने दूसरे विकेट के लिए 24 गेंदों में 38 रन जोड़े। बटलर 15 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, कप्तान शुभमन गिल ने एक छोर से अपनी शानदार बल्लेबाजी जारी रखी और अपना अर्धशतक पूरा किया।

गिल ने 50 गेंदों का सामना करते हुए 86 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में गिल ने आठ चौके और चार छक्के लगाए। वॉशिंगटन सुंदर 13 रन ही बना सके। ग्लेन फिलिप्स 16 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए। शाहरुख खान तीन और राहुल तेवतिया सात रन बनाकर नाबाद रहे।

# मंधाना ने तोड़ा हिटमैन का रिकॉर्ड, ऐसा करने वाली पहली भारतीय; बाबर को भी पछाड़ने की दहलीज पर

**डरबन।** भारतीय महिला टीम की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना ने इतिहास रच दिया है। वह पुरुषों और महिलाओं को मिलाकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बन गई हैं। इस मामले में उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। अब वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में दुनिया भर के बल्लेबाजों को मिलाकर बाबर आजम को पीछे छोड़ने के करीब हैं। हालांकि, भारतीय महिला टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

### 13 रन बनाकर भी तोड़ा रोहित का रिकॉर्ड

डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में खेले गए भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच में मंधाना हालांकि बड़ी पारी नहीं खेल सकीं। वह सिर्फ 13 रन बनाकर आउट हो गईं, लेकिन इन 13 रनों की बदौलत उन्होंने रोहित के 4231 रनों के आंकड़े को पार कर लिया। अब मंधाना के नाम टी20 अंतरराष्ट्रीय में 161 मैचों की 155 पारियों में 4244 रन दर्ज हो गए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 124.39 का रहा है। इसमें 33 अर्धशतक और एक शतक शामिल है।



**रोहित और बाबर के नाम कितने रन?:** वहीं, टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके रोहित ने 159 टी20 की 151 पारियों में 4231 रन बनाए थे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 140.90 का रहा था। इनमें 32 अर्धशतक और पांच शतक शामिल हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में पुरुषों में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के बाबर आजम के नाम है। बाबर ने 145 मैचों में 128.02 के स्ट्राइक रेट से 4596 रन बनाए हैं। इनमें 39 अर्धशतक और तीन शतक शामिल हैं। मंधाना बाबर के आंकड़े से 352 रन दूर हैं। वहीं, महिलाओं में टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स के नाम हैं। बेट्स ने 181 मैचों में 4717 रन बनाए हैं।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की आवश्यकता, कार्य समय: दोपहर 12 से रात 9 बजे तक
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की आवश्यकता, वेतन 10 हजार से कार्य समय: सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रूफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईंट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### शराब के लिए पैसे नहीं मिले तो गार्ड को पीटकर जान से मारने की धमकी दी

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवक ने शराब पीने के लिए पैसे नहीं मिलने पर सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट कर दी और ऑफिस में जमकर तोड़फोड़ की। घटना न्यू लोहा मंडी, देवास नाका क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। खालसा चौक स्थित आइकन रेसीडेंसी निवासी अंश दुबे ने पुलिस को बताया कि अंकुर दुबे, तिलक नगर से उसका पहले से विवाद चल रहा था। इस विवाद की शिकायत वह पहले भी थाने में कर चुका था। इसके बाद आरोपी ने मोबाइल पर गाली-गलौज वाले स्टेटस डालकर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शुक्रवार को जब अंश ऑफिस में मौजूद नहीं था, उसी दौरान अंकुर वहां पहुंच गया। उसने सिक्योरिटी गार्ड मनोज से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। गार्ड ने मना किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा और ऑफिस में तोड़फोड़ शुरू कर दी। अंकुर ने कम्प्यूटर सिस्टम, गेट और कैमरों को नुकसान पहुंचाया। गार्ड ने रोकने की कोशिश की तो उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।

### इंदौर-मुंबई सेंट्रल के बीच चलेगी नई एसी सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

**इंदौर।** इंदौर और मुंबई के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक राहत भरी खबर है। हाल ही में मुंबई सेंट्रल-इंदौर तेजस सुपरफास्ट एक्सप्रेस का संचालन बंद होने से बनी रिक्तता को भरने के लिए पश्चिम रेलवे ने अब एक नई एसी बाई-वीकली (सप्ताह में दो दिन) सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन (गाड़ी संख्या 09085/ 09086) 21 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 30 मई 2026 तक संचालित की जाएगी। मुंबई सेंट्रल से इंदौर के लिए ट्रेन संख्या 09085 हर सोमवार और शुक्रवार को रात 11.20 बजे रवाना होगी, जो अगले दिन दोपहर एक बजे इंदौर पहुंचेगी। इसी तरह, इंदौर से मुंबई सेंट्रल के लिए ट्रेन संख्या 09086 प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को शाम 5.00 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 7.10 बजे मुंबई पहुंचेगी। इस ट्रेन का मुख्य आकर्षण इसकी कोच संरचना है, जिसमें कुल 17 कोच होंगे। इसमें 1 प्रथम श्रेणी एसी, 3 द्वितीय श्रेणी एसी और 11 तृतीय श्रेणी एसी कोच शामिल किए गए हैं। 827 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह ट्रेन दोनों दिशाओं में उज्जैन, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, सूरत, वापी और बोरीवली जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। मुंबई से इंदौर की ओर जाते समय इसकी औसत गति 60.51 किमी/घंटा रहेगी, जबकि इंदौर से वापसी के समय यह 57.3 किमी/घंटा की औसत गति से चलेगी। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यह ट्रेन पूरी तरह से इलेक्ट्रिक इंजन द्वारा संचालित की जाएगी। अप्रैल और मई के पीक सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और तेजस के बंद होने से बढ़ी परेशानी को देखते हुए यह स्पेशल ट्रेन इंदौर और मालवा क्षेत्र के यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प साबित होगी।

### आईएमएस कॉलेज की फेयरवेल पार्टी में विवाद, बाहरी लोगों की एंट्री पर हंगामा




**इंदौर।** इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईएमएस कॉलेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी को लेकर विवाद सामने आया है। कार्यक्रम में बाहरी लोगों की एंट्री को लेकर हंगामा हुआ, जिसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक, 17 अप्रैल को एमबीए (फुल टाइम) छात्रों द्वारा फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई थी। आरोप है कि आयोजकों ने कुछ बाहरी लोगों को पैसे लेकर एंट्री पास दिए, जिससे वे पार्टी में शामिल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डांस और म्यूजिक के दौरान कुछ बाहरी युवक छात्राओं के साथ नजर आए, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। मामले की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और आयोजकों से चर्चा की। इस दौरान कुछ देर के लिए विवाद की स्थिति भी बनी। स्थिति बिगड़ती देख आयोजकों ने बाहरी लोगों को कार्यक्रम से बाहर कर दिया, जिसके बाद मामला शांत हो गया। फिलहाल, इस मामले में पुलिस या कॉलेज प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### पेड़ गिरने से बाइक सवार बाल-बाल बचा, हेलमेट ने बचाई जान



**इंदौर।** नवलखा इलाके में गुरुवार को एक बाइक सवार पर अचानक पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि उसने हेलमेट पहन रखा था, जिससे उसकी जान बच गई और उसे गंभीर चोट नहीं आई। एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह के मुताबिक वायरल वीडियो संयोगितागंज क्षेत्र का है, जहां प्रकाश नगर में अचानक पेड़ एक बाइक सवार पर आ गिरा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बाहर निकाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उसे हाथ और कंधे पर हल्की चोट आई है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के रहवासियों से पूछताछ में घायल की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। वहीं, किसी भी अस्पताल से इस संबंध में थाने को सूचना नहीं मिली है। इधर, इंदौर के हीरानगर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। टीआई सुशील पटेल के अनुसार मारुति नगर में एक पिकअप वाहन ने बाइक सवार प्रवीण पारसी (निवासी बिजलपुर) को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल प्रवीण को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान दोपहर में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एप्पल प्रोडक्ट बदलकर 14 लाख की ठगी, जयपुर से मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**इंदौर।** ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म के जरिए ठगी करने वाले गिरोह का चंदन नगर पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपी महंगे एप्पल प्रोडक्ट मंगवाकर उन्हें बदलकर नकली सामान कंपनी को वापस कर देते थे। इस तरह करीब 14 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने वर्चुअल नंबर और फर्जी प्रोफाइल बनाकर अमेजन पर ऑर्डर किए। डिलीवरी के समय असली प्रोडक्ट जैसे आई पोड और पेंसिल निकालकर उसकी जगह नकली सामान पैक कर ऑर्डर को रिजेक्ट दिखाते हुए कंपनी को रिटर्न कर दिया जाता था। इस मामले में डिलीवरी पार्टनर कंपनी के कर्मचारी दीपक मोहेर और प्रवीण सिंह की भूमिका सामने आई है, जिन्होंने गिरोह के साथ मिलकर इस ठगी को अंजाम दिया। जांच के दौरान पुलिस ने दीपक मोहेर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मास्टरमाइंड रितिक गुप्ता का नाम सामने आया, जिसे तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी असली प्रोडक्ट को बस के जरिए जयपुर भेजते थे, जहां से रितिक गुप्ता उन्हें दिल्ली के करोल बाग में बेचकर मोटा मुनाफा कमाता था।

### आपकी थाली में शुद्धता कम, प्रोटीन गायब और सेहत बिगाड़ने वाला 'धीमा जहर' है ज्यादा

# 13 हजार 920 नमूनों में से 1635 नमूने अमानक पाए गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आप जो खा रहे हैं, क्या वह वाकई आपको सेहत दे रहा है या चुपके से बीमार बना रहा है? मध्य प्रदेश में खाद्य सुरक्षा के दावों की पोल खुद सरकारी आंकड़े ही खोल रहे हैं। प्रदेश में साल भर के भीतर करीब 13 हजार 920 नमूने लिए गए, जिनमें से 1635 नमूने अमानक (घटिया या मिलावटी) पाए गए।

यानी आपकी थाली तक पहुंचने वाला हर 8वां सैंपल फेल हो रहा है। डराने वाली बात यह है कि बाजार में 'धीमा जहर' परोसने वाले इन मिलावटखोरों पर सिस्टम का शिकंजा बेहद ढीला है; 1600 से ज्यादा नमूने फेल होने के बावजूद महज 22 मामलों में ही आपराधिक केस दर्ज हो सके हैं।



आईसीएमआर की चेतावनी इस खतरे को और बड़ा कर देती है। आहार से प्रोटीन गायब हो रहा है और उसकी जगह रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट ले रहा है, जो वक्त से पहले गंभीर बीमारियों की ओर धकेल रहा है।

#### तीन साल से सैंपल की संख्या में लगातार गिरावट

प्रदेश में पैकेटबंद और अन्य खाद्य पदार्थों की शुद्धता का ग्राफ साल दर साल गिर रहा है। 2021-22 में हालत सबसे खराब रही, जब 16059 सैंपल में 2900 फेल मिले। इसके बाद सैंपल लेने की संख्या ही हर साल कम होती गई, यह गिरावट लगातार तीन साल से जारी है। 2023-24 में 13998 सैंपल, 2024-25 में 13920 सैंपल और 2025-26 में यह संख्या घटकर 8236 रह गई है। इसी दौरान फेल सैंपल भी घटे हैं। वर्ष 2023-24 में 2022, वर्ष 2024-25 में 1635 और 2025-26 में 418 सैंपल फेल हुए। हालांकि 2025-26 का आंकड़ा पूरे साल का नहीं है, इसमें परिवर्तन संभव है, पर ये इतना तो बताता ही है कि साल दर साल सैंपल की संख्या कम हो रही है।

#### आपकी डाइट में 70 फीसदी हिस्सा सिर्फ कार्ब्स और शुगर का

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के 'इंडिया डायबिटीज' अध्ययन में देश के 18 हजार से अधिक लोगों के खान-पान का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय थाली में पोषण का संतुलन पूरी तरह बिगड़ चुका है। हमारे शरीर को रोज जितनी ऊर्जा (कैलोरी) चाहिए, उसका 60 से 70 फीसदी हिस्सा हम केवल रिफाइंड चावल, गेहूं और अतिरिक्त शर्करा (चीनी) जैसे 'लो-क्वालिटी' कार्बोहाइड्रेट से ले रहे हैं। इसके साथ ही डाइट में 'सैचुरेटेड फैट' यानी संतृप्त वसा का स्तर तो बढ़ा है, लेकिन शरीर के निर्माण के लिए जरूरी प्रोटीन की मात्रा बहुत कम हो गई है। रिपोर्ट साफ तौर पर चेतावनी देती है कि खान-पान का यही पैटर्न सीधे तौर पर टाइप-2 डायबिटीज, पेट के मोटापे और हृदय संबंधी बीमारियों (कार्डियोमेटाबोलिक डिजीज) के जोखिम को बढ़ा रहा है।

# 17 साल की दुल्हन, 13 साल का दूल्हा

## इंदौर के अहिल्या पलटन और राऊ इलाके में प्रशासन की दबिश, दो बाल विवाह रुकवाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अहिल्या पलटन इलाके में शुक्रवार को एक घर में शादी की पूरी तैयारी हो चुकी थी। मंडप सज चुका था। दुल्हन को हल्दी लग रही थी। महिलाएं गीत गा रही थीं, तभी महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम पहुंच गई और नाबालिग बेटी की शादी रुकवा दी। लड़की के पिता ने टीम को बताया कि उनके समाज में 16 साल की उम्र में विवाह की छूट है। जब अधिकारियों ने इस दावे से जुड़ा कोई सरकारी नियम या आदेश दिखाने को कहा तो उनके पास कोई जवाब नहीं था।



जांच में सामने आया कि लड़की की उम्र 18 साल होने में करीब 6 महीने बाकी हैं। इसके बाद अधिकारियों ने परिजनों और लड़के पक्ष को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधान, सजा और कम उम्र में शादी के नुकसान समझाए। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी चित्रा यादव, उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक सदस्य संगीता सिंह चाइल्ड लाइन के फूल सिंह कारपेंटर और टीम के अन्य सदस्यों ने दोनों परिवारों को समझाया। काफी देर तक चली चर्चा के बाद दोनों पक्ष शादी टालने पर राजी हो गए। परिजनों ने बताया कि शादी की तैयारी में खर्च हो चुका है। निमंत्रण भी बंट चुके हैं। ऐसे में मेहमानों को खाली नहीं लौटाया जा सकता। इस पर प्रशासन ने उन्हें केवल भोजन कराने की अनुमति दी। टीम ने साफ किया है कि 19 अप्रैल को शादी के दिन दोनों परिवारों पर नजर रखी जाएगी। शपथ पत्र देने के बावजूद यदि बाल विवाह करने की कोशिश हुई तो संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिले में बाल विवाह रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शिकायत मिलते ही टीम मौके पर पहुंचकर उम्र का सत्यापन करती है।

## होलकर कॉलेज में इंटर्नशिप घोटाले का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

करणी सेना और अन्य छात्र संगठनों ने होल्कर कॉलेज परिसर में कथित इंटर्नशिप घोटाले को लेकर प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि एक निजी कंपनी के माध्यम से स्टूडेंट्स को जबरन इंटर्नशिप करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और इस प्रक्रिया में कॉलेज प्रशासन के कुछ अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है।

स्टूडेंट्स के मुताबिक, वर्ष 2025-26 के लिए इनफ्लेक्स सोर्सिंग कंपनी के साथ कॉलेज का एमओयू साइन किया गया। आरोप है कि इंटर्नशिप के नाम पर छात्रों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट और स्पोकन क्लासेस कराई गईं, जबकि प्रमाणपत्र किसी अन्य कोर्स के जारी किए गए। छात्रों से प्लेसमेंट के नाम पर 3 हजार रुपए तक शुल्क वसूले जाने का भी आरोप लगाया गया है। छात्र नेताओं का आरोप कि इंटर्नशिप इनफ्लेक्स सोर्सिंग कंपनी के माध्यम से कराई गई, जबकि प्रमाण-पत्र वेस्प कंसलटेंसी लि. के नाम से जारी किए गए। इसे लेकर पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए गए हैं। आरोप है कि कॉलेज के कुछ प्रशासनिक अधिकारियों और शिक्षकों द्वारा, स्टूडेंट्स को व्हाट्सएप मैसेज भेजकर इंटर्नशिप में शामिल होने के लिए दबाव बनाया गया।

## प्रापर्टी में निवेश के नाम पर लाखों की ठगी

### पुणे की मेकअप आर्टिस्ट को 25% रिटर्न का झांसा, फर्जी नाम से विश्वास जीता, आरोपी फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

परदेशीपुरा इलाके में रहने वाली मेकअप आर्टिस्ट युवती के साथ निवेश के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। युवती दीपमाला ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान एक युवक से फीनिक्स मॉल में हुई थी, जहां वह पहले काम करती थी। इसी दौरान आरोपी हर्ष भार्गव उससे मिलने-जुलने लगा और धीरे-धीरे विश्वास जीत लिया।

आरोपी ने पहले युवती से प्रॉपर्टी में निवेश की बात की, फिर उसे एसआईपी (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) का सुझाव दिया। उसने दावा किया कि इस योजना में 25% तक मुनाफा मिलेगा। साथ ही कहा कि शुरूआत में 2 लाख रुपए जमा करने होंगे, इसके बाद कुछ समय तक पैसे नहीं देने होंगे और फिर हर महीने तय राशि जमा करनी होगी। शिकायत के आधार पर परदेशीपुरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान और ठिकाने का पता लगाया जा रहा है, जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

दीपमाला ने आरोपी के झांसे में आकर फरवरी 2025 में पहले 25 हजार रुपए दिए। इसके बाद 19 और 21 फरवरी को 1 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए। अप्रैल में 25 हजार नकद और 50 हजार रुपए क्रेडिट कार्ड से निकालकर दिए। इतना ही नहीं, आरोपी एक हार भी लेकर आया, जिसे मणप्पुरम फाइनेंस में गिरवी रखकर 98 हजार रुपए निकाले और वह रकम भी अपने पास रख ली। जून में युवती के घर में शोक होने के कारण कुछ समय तक आरोपी से संपर्क नहीं हुआ। बाद में जब दीपमाला ने एसआईपी से जुड़े दस्तावेज और आईडी मांगी, तो आरोपी टालमटोल करने लगा और कोई ठोस जानकारी नहीं दी। जांच में सामने आया कि आरोपी ने हर्ष भार्गव नाम से फर्जी पहचान बनाई थी। असली नाम कुछ और है और वह युवती को धोखा देकर फरार हो गया। इसके बाद दीपमाला पुणे से इंदौर पहुंची और परदेशीपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## भोजशाला विवाद : वसंत पंचमी-जुमे पर टकराव रोकने की मांग, सामाजिक सद्भाव की अपील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

धार भोजशाला से जुड़े विवाद में दायर याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। आवेदक अंतर सिंह यादव, अनवर हुसैन, मजरुल्ला खान, नंदराम परमार, पुरुषोत्तम हिरवले, रामनारायण धाकड़ और रियाज मोहम्मद खान (सभी निवासी धार) की ओर से वरिष्ठ एड्वोकेट अशोक चितले ने पक्ष रखा।

एडवोकेट चितले ने कोर्ट को बताया कि भोजशाला एक संरक्षित ऐतिहासिक स्मारक है, जिसका धार्मिक उपयोग हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों द्वारा किया जाता रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि वसंत पंचमी और शुक्रवार एक ही दिन पड़ने की स्थिति में पूर्व में कई बार तनाव, झड़प और टकराव की स्थिति बनी है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट से मांग की गई कि भविष्य में दोनों समुदायों के बीच टकराव की स्थिति न बने, इसके लिए उच्च स्तरीय समिति/आयोग गठित करने और केंद्र व राज्य शासन को आवश्यक विधायी प्रावधान या नियम बनाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि विवाद की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह अलग याचिका है, जिसमें सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की मांग की गई है। कोर्ट ने कहा भारतीय संविधान के तहत हम सभी धर्मों को साथ लेकर चलते हैं। साथ ही मामले में आगे की सुनवाई अगले दिन जारी रखने की बात कही। सुनवाई के दौरान एक इंटरविनर द्वारा बहस की अनुमति मांगे जाने पर कोर्ट ने कहा कि कोर्ट ऐसा मंच नहीं है जहां हर कोई अपनी मांग लेकर उपस्थित हो। यदि किसी याचिका में ठोस आधार नहीं होगा तो उसे नहीं सुना जाएगा। एएसआई के एडवोकेट सुनील जैन को कोर्ट ने पक्षकार बताते हुए अपनी रिपोर्ट या पक्ष प्रस्तुत करने की अनुमति दी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि सुनवाई लगातार जारी रखी जाएगी। अंतर सिंह एवं अन्य की ओर से एडवोकेट चितले अगली सुनवाई में अपनी दलीलें जारी रखेंगे।






















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com